चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 7, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

इमरान और पत्नी बुशरा की सजा निलंबित 16

अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े 15

मुख्तार की मौत के बाद बांदा जेल अधीक्षक को धमकी

कार्यालय संवाददाता, बांदा।

- आरोपी ने कहा- अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : मुख्तार अंसारी की मौत के तीन घंटे बाद बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक को उनके सीयूजी नंबर पर जान से मारने की धमकी दी गई।

आरोपी ने लैंडलाइन से कॉल कर 14 सेकेंड की बातचीत में कहा कि अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच। जेल अधीक्षक की तहरीर पर शहर कोतवाली में फोन नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

28 मार्च की रात 10.30 बजे मुख्तार की बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके कुछ घंटों बाद रात 1.37 बजे बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा के सीयूजी नंबर पर लैंडलाइन से किसी ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि धमकी दिए जाने वाले नंबर की जांच हो रही है। अभी नंबर ट्रेस नहीं हो सका है। कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि जेल अधीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अप्रैल-जून में अधिक गर्मी, मध्य और पश्चिम होंगे प्रभावित

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने सोमवार को कहा कि भारत में अप्रैल से जून तक की अवधि के दौरान अधिक गर्मी पड़ेगी और इसका मध्य एवं पश्चिमी भागों पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का यह अनुमान ऐसे समय आया है जब देश 7 चरणों में होने वाले चुनाव की तैयारी कर रहा है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल-जून की अवधि के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा मध्य और पश्चिमी भारत में सबसे ज्यादा असर पड़ने का अनुमान है।

सेंसेक्स ने लगाई छलांग पहुंचा 74000 के पार

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की

स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार के पार 74,014.55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 135.10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ़्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1.64 प्रतिशत उछलकर 39,968.43 और स्मॉलकैप 2.98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454.63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया। घरेलू लेनदेन में 17.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया।'' मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18.4 प्रतिशत अधिक है।

1,070 रुपये चढ़कर सोना 68,420 के रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सर्राफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है। इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के जून अनुबंध का भाव 978 रुपये चढ़कर 68,679 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी के मई अनुबंध का भाव 763 रुपये की तेजी के साथ 75,811 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोने की कीमतें 2,265.73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गईं और अंतिम बार इसका भाव 2,257.10 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

एक नजर

नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद होंगी प्रभावी

नई दिल्ली। भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नई टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नई दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए। दस्तावेजों के मुताबिक, ईसीआई ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। ईसीआई ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के पत्र के जवाब में यह बात कही।

आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं : वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। करदाता आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया, जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है। एक अप्रैल 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष में लोगों के लिए संशोधित नई आयकर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें काफी कम हैं।

राज्य कर्मियों को अप्रैल में मिलेगा मार्च का वेतन

लखनऊ। राज्य कर्मियों को मार्च माह के वेतन के लिए इस बार इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि शासन की वेबसाइट पर उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की स्वीकृति पर वेतन जारी किया जाए। विशेष सचिव आलोक दीक्षित द्वारा शनिवार को जारी पत्र में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की मांगों को विधान मंडल द्वारा पारित किया जा चुका है और 4 मार्च 2024 को ही शासनादेश की वेबसाइट पर उपलब्ध भी है। वेबसाइट पर आगामी वित्तीय वर्ष की स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश भी हैं। उक्त आधार पर सभी विभाग, कर्मचारियों का वेतन निर्गत करना सुनिश्चित करें।

केजरीवाल को तिहाड़ भेजा

आबकारी नीति से जुड़ा मामला, कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ में जेल नंबर दो में रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अदालत ने सोमवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ में सहयोग नहीं किया। न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिसके बाद केजरीवाल को तिहाड़ जेल लाया गया। जेल अधिकारियों के अनुसार उन्हें जेल नंबर 2 में रखा जाएगा।

अदालत जाने से पहले केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री जो भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है। कोर्ट में केजरीवाल की पत्नी सुनीता के अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज मौजूद थे। एजेंसी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

आबकारी नीति से जुड़े मामले में विशेष अदालत में पहुंचे अरविंद केजरीवाल।

केजरीवाल ने कोषाध्यक्ष को किया भ्रमित : ईडी

ईडी ने कोर्ट में दावा किया कि केजरीवाल ने मामलों से संबंधित मुद्दों पर बयान को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को भ्रमित बताया। ईडी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने कहा कि आप के संचार प्रभारी विजय नायर उन्हें नहीं, बल्कि उनके कैबिनेट सहयोगियों आतिशी और सौरभ को रिपोर्ट करते थे। नायर से उनकी बातचीत सीमित थी। इस मामले में नायर को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

ईडी ने न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली याचिका में कहा कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे और जानकारी छिपाई। आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता ने बयान में खुलासा किया है कि अरविंद केजरीवाल ही राज्य चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करते हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल से पूछा कि विजय नायर कैबिनेट मंत्री (कैलाश गहलोत) के बंगले में क्यों रह रहा था और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय में काम क्यों करता था, तो उन्होंने कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया। केजरीवाल को शराब कारोबारियों के साथ नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को गोवा के लिए 45 करोड़ रुपये के हवाला हस्तांतरण के सबूत दिखाए गए। एजेंसी का आरोप है कि यह राशि गोवा में प्रचार अभियान के लिए थी। केजरीवाल को रिहा न किया जाए क्योंकि वह प्रभावशाली हैं, गवाहों को प्रभावित और सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे।

हिरासत में आदेश का मामला: अदालत ने ब्योरा मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से कहा है कि वह धनशोधन मामले में हिरासत में रहने के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा आदेश पारित करने के मुद्दे पर विशेष न्यायाधीश को ब्योरा सौंपे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनप्रीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि धनशोधन मामले को देख रहे विशेष न्यायाधीश को निर्देश दिया जाता है कि अगर जरूरी है तो मामले पर कानून के तहत आदेश जारी करें। अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अदालत ने उस जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि यह (हिरासत में रहते हुए आदेश जारी करना) कानूनी कार्यढांचे के खिलाफ है।

ज्ञानवापी : पूजा पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मसाजिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।

न्यायालय ज्ञानवापी पर इंतजामिया कमेटी की नई याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र पाठक व्यास से भी मसाजिद कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। हाईकोर्ट ने 26 फरवरी को कमेटी की उस अर्जी को खारिज किया था, जिसमें 31 जनवरी को जिला अदालत द्वारा तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति दी गई थी। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए टिप्पणी की कि प्रदेश सरकार ने 1993 में 'व्यास जी के तहखाने' में पूजा रोकने का फैसला किया। कोर्ट ने कहा कि तहखाने में पूजा पर रोक का फैसला 'अवैध' था।

- कमेटी की नई याचिका पर हुई सुनवाई, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को दी गई चुनौती
- ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

भोजशाला के वैज्ञानिक सर्वे पर कोर्ट ने नहीं लगाई रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वे पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन कहा कि एएसआई के सर्वे के नतीजे पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए। हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई की ओर से संरक्षित भोजशाला पर दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी का मंदिर मानते हैं जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। एएसआई की ओर से सात अप्रैल 2003 को किए समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को पूजा और मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने वैज्ञानिक सर्वे पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली 'मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी' की याचिका पर केंद्र, प्रदेश सरकार, एएसआई को नोटिस जारी की है।

शताब्दी एक्सप्रेस में महिला अधिकारी से लूटपाट

नई दिल्ली। दिल्ली की यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश की सहायक अभियोजन अधिकारी पर शताब्दी एक्सप्रेस में हमला कर लूटपाट हुई। मामले में प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को घटना की जानकारी दी।

प्राथमिकी के मुताबिक, यह घटना 28 मार्च को रात करीब 10 बजे हुई, जब लखनऊ जंक्शन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर थी। स्वाति मौर्य ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह ट्रेन के सी-4 डिब्बे में दो नंबर सीट बैठी थी, एक व्यक्ति वहां आया और उसने मेरा बैग छीनने की कोशिश की। विरोध पर उन पर हमला किया, जिससे उनके बाएं हाथ में चोट लगी। आरोपी ने बैग छीना और चलती ट्रेन से कूद गया। प्राथमिकी के अनुसार 15,000 रुपये, विभिन्न आईडी कार्ड - पैन, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी अभियोजक पहचान पत्र और दो एटीएम कार्ड, एक मोबाइल फोन, हीरे की चार अंगूठी, सोने के दो कंगन और कलाई घड़ी भी अधिकारी ने गवां दी है।

नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, एटा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने पढ़ाई के दबाव में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कोटा में तैयारी कर रही थी और होली की छुट्टियों में वह घर आई थी।

शहर क्षेत्र के सिविल लाइंस कालोनी की रहने वाले अनिल यादव की कंप्यूटर की दुकान है। उनकी पुत्री खुशी (19) राजस्थान के कोटा में पिछले साल से नीट की तैयारी कर रही थी। होली की छुट्टियों में वह घर आई थी और ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रही थी। पिता ने बताया कि पढ़ाई को लेकर वह बहुत चिंता में थी और 14-15 घंटे पढ़ाई करती रहती थी। उसे घर वाले किसी भी तरह तनाव न लेने की सलाह देते थे। सोमवार सुबह छह बजे खुशी का शव चौथी मंजिल पर कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने दरवाजा तोड़ने के बाद जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- छुट्टियों में कोटा से आई थी घर, पढ़ाई को लेकर थी चिंतित

शाहजहां शेख को 13 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में भेजा

कोलकाता। कोलकाता की अदालत ने धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शाहजहां शेख को सोमवार को ईडी की 13 दिन की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने शेख को राज्य के संदेशखालि में मछली पालन के कारोबार की आड़ में धन की कथित हेराफेरी में दर्ज धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित शेख को ईडी ने बसीरहाट जेल में शनिवार को गिरफ्तार किया था। शेख को एक अन्य धनशोधन मामले में पांच जनवरी को संदेशखालि में तलाशी के दौरान एजेंसी के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मामले में जेल में रखा गया था।

आम आदेश पर शस्त्र जमा कराने को बनाया दबाव तो लगेगा हर्जाना

लखनऊ, विधि संवाददाता

- लखनऊ पीठ ने अपने पुराने आदेश को दोहराते हुए दी चेतावनी
- सामान्य आदेश पारित कर नहीं जमा करा सकते लाइसेंसी शस्त्र

हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने 2022 के अपने आदेश को दोहराते हुए कहा है कि सामान्य आदेश पारित कर लाइसेंसी धारकों के शस्त्र नहीं जमा करवाए जा सकते। कोर्ट ने कहा कि यदि शस्त्र जमा कराने का कोई औचित्यपूर्ण कारण है तो सम्बंधित शस्त्र धारक के लिए आदेश पारित करते हुए, इसे जमा कराया जा सकता है। चेतावनी दी कि यदि आगे से उक्त आधार पर शस्त्र जमा कराने का कोई मामला उसके समक्ष आया तो सम्बंधित अधिकारियों पर भारी हर्जाना ठोका जाएगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी के रवि शंकर तिवारी व चार की याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि बिना वजह उन पर उनके लाइसेंसी शस्त्र जमा कराने का दबाव प्रशासन द्वारा डाला जा रहा है। सुनवाई के बाद पारित आदेश में कोर्ट ने कहा कि 25 फरवरी 2022 को रामरंग जायसवाल मामले में स्पष्ट आदेश था कि अधिकारी जनरल ऑर्डर निकाल के लाइसेंसी शस्त्र जमा करने को नहीं कह सकते। 2002 में सुप्रीम कोर्ट भी यही आदेश दे चुका है। 2000 में शहाबुद्दीन मामले में और 2021 में अरुण सिंह मामले में हाईकोर्ट इस प्रकार के आदेश जारी कर चुका है।

वीवीपैट पर्चियां गिने जाने की याचिका पर मांगा जवाब

नयी दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग और केंद्र को सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस, अभी केवल 5 ईवीएम के सत्यापन का नियम

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग और केंद्र से सोमवार को जवाब मांगा। वर्तमान में, वीवीपीएटी पर्चियों के माध्यम से केवल पांच ईवीएम के सत्यापन का नियम है। 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपीएटी) स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है।

वीवीपैट के जरिये मशीन से पर्ची निकलती है जिसे मतदाता देख सकता है और पर्ची को सीलबंद डिब्बे में रखा जाता है और विवाद की स्थिति में इसे खोला जा सकता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने चुनाव में सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती वाले सामाजिक कार्यकर्ता अरुण अग्रवाल के वकीलों की दलीलों पर गौर किया। पीठ ने आयोग और केंद्र को नोटिस दिया। सुनवाई 17 मई को हो सकती है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने 24 लाख वीवीपैट की खरीद पर 5,000 करोड़ खर्च किए, लेकिन वर्तमान में, 20,000 वीवीपैट पर्चियां ही सत्यापित हैं।

'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड देशभर में लागू

नई दिल्ली। एनएचएआई का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। जिनके पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ाई थी।

सतर्कता मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए व्यवस्था में बदलाव की तैयारी

बिना गवाह अब नहीं मिल सकेगा विवाह योजना का लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब गोलमाल नहीं हो सकेगा। पड़ोसियों की गवाही के बाद ही आवेदन स्वीकार होगा। गवाही इस बात की होगी कि आवेदनकर्ता का कोई विवाह तो नहीं हुआ है। योजना के तहत गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले 10 हजार रुपये भी अब सीधे खाते में भेजने की योजना है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कई जिलों में गड़बड़ी सामने आई थी। शिकायतें के बाद तय हुआ है कि वर और वधू पक्ष के पास पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। जो ये प्रमाणित करेंगे कि वर या वधू का विवाह हुआ है या नहीं। गवाहों का नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। गवाही के बाद ही आवेदन पर आगे की प्रक्रिया होगी।

बता दें कि एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार खर्च होते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं जबकि 10 हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। 6 हजार रुपये आयोजन मद में खर्च होते हैं। अब गृहस्थी के सामान की जगह 10 हजार रुपये वधू के खाते में भेजने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आचार संहिता लागू होने से इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है।

प्रदेशभर में 2023-24 में एक लाख चौदह हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य था। साथ ही 500 करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान था। पिछले वर्ष एक लाख पांच हजार से अधिक जोड़ों का विवाह हुआ। साथ ही सभी का भुगतान भी कर दिया गया।

- आस-पड़ोस वालों से पुष्टि होगी कि आवेदनकर्ता का विवाह हुआ है या नहीं

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदनकर्ताओं की जांच कराई जाएगी। आस-पड़ोस की गवाही के बाद अगर पुष्टि हो जाती है कि आवेदनकर्ता का विवाह नहीं हुआ है तभी योजना का लाभ दिया जाएगा। गृहस्थी के 10 हजार रुपये खाते में भेजने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। -**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

झांसी, बलिया, महाराजगंज में मिली थीं गड़बड़ियां

पिछले वित्तीय वर्ष में झांसी, बलिया और महाराजगंज में गड़बड़ियां मिली थीं। बुंदेलखंड महाविद्यालय में समारोह में 96 जोड़े शामिल हुए थे। इसमें एक दुल्हन ने खुद मांग भर ली। कई जोड़ों ने सात फेरे नहीं लिए। झांसी के पॉलीटेक्निक कॉलेज में दूल्हे के न आने पर दुल्हन की शादी जीजा से कराई गई थी। बलिया के मनियर ब्लॉक के सुल्तानपुर, ककरघट्टा खास व मानिकपुर में आठ अपात्रों को योजना का लाभ लेने के मामले में पकड़ा गया। इसमें एक अधिकारी निलंबित हुआ था। नौ पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। महाराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में दूल्हे के स्थान पर भाई ने बहन से शादी कर ली। इस पर प्रशासन ने सारा सामान वापस कराया।

रमजान मुबारक

2 अप्रैल, इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 37 मिनट
शिया- 6 बजकर 44 मिनट

3 अप्रैल सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 25 मिनट
शिया- 4 बजकर 31 मिनट

नोट- क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

पोस्टल बैलेट से मतदान करेंगे 14,768 दिव्यांग

5077 महिलाएं, 9690 पुरुष और एक थर्ड जेंडर करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाता बढ़ गए हैं। इनके वोट बनवाने के लिए बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इससे 2446 मतदाताओं की संख्या बढ़ गई। इस चुनाव में 14,768 दिव्यांग मतदान करेंगे। इनमें 5077 महिलाएं, 9690 पुरुष और एक थर्ड जेंडर शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सुविधा दी जाएगी। मतदान के दिन दिव्यांग मतदाताओं को घर से बूथ तक लाने और छोड़ने की तैयारी की जा रही है। चलने फिरने में असमर्थ मतदाताओं को पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी। जिले में 14,768 दिव्यांग मतदाता हैं। लोकसभा चुनाव में कोई मतदाता मत देने से वंचित न रहे। इसके लिए विधानसभा वार गूगल टैगिंग के जरिए एक-एक दिव्यांग मतदाता के घर को चिन्हित कर सूची तैयार की जा रही है। मतदान के दिन गूगल मैप के जरिए इन्हें मतदान केंद्र लाने के लिए घर तक वाहन पहुंचाया जाएगा। मतदान के बाद उन्हें घर छोड़ा जाएगा। मतदान के बाद उन्हें घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए। इसके लिए अलग-अलग योजनाएं बनाई गई है। इस बार दिव्यांग मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए विशेष सुविधा दी जाएगी। स्वार विधानसभा में सर्वाधिक दिव्यांग मतदाता हैं।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम, बनवाए गए स्लोगन

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर जनपद के स्कूल, कालेज में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए। निर्वाचन कार्यालय से लिए गए आंकड़ों के मुताबिक स्वार-टांडा विधानसभा में 3702 वोटर हैं। इनमें 2310 पुरुष और 1392 महिलाएं हैं। चमरौआ विधानसभा में 2641 मतदाताओं में से 1726 पुरुष और 915 महिलाएं, बिलासपुर विधानसभा में 3271 में 2274 पुरुष और 997 महिलाएं, शहर विधानसभा में 1837 में से 1166 पुरुष और 670 महिलाएं, मिलक-शाहबाद विधानसभा में 3317 में से 2214 पुरुष और 1103 महिलाएं मतदाता हैं।

> लोकसभा चुनाव में इस बार 14,768 दिव्यांग मतदाता मतदान करेंगे। इनके लिए बूथों पर विशेष इंतजाम कराया जाएगा। घर से लाने और मतदान के बाद घर छोड़ने के लिए वाहन लगाए जाएंगे। -हेम सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

विधानसभा वार दिव्यांग वोटर

विधानसभा	वोटर
स्वार-टांडा	3702
चमरौआ	2641
बिलासपुर	3271
शहर	1837
मिलक-शाहबाद	3317

किसी पार्टी का प्रचार-प्रसार नहीं करेगी भाकियू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भाकियू टिकैत गुट ने चुनाव से दूर रहकर संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान की शुरूआत की है। सोमवार को सैदनगर के कई गांवों में शिविर लगाकर नए सदस्य बनाए गए। हाईकमान ने भाकियू से जुड़े किसानों पर किसी भी दल का प्रचार-प्रसार करने पर रोक लगा दी है।

सैदनगर ब्लॉक में सोमवार को हुई पंचायत में भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि चुनावी सभाओं और प्रचार में शामिल होने पर भाकियू से जुड़े किसानों पर हाईकमान ने रोक लगा दी है। चुनाव के बीच अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए कहा गया है। प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में सोमवार से विशेष सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। सैदनगर के सरावा, कलैया नगला, बंजरिया, हमीरपुर, चौधरपुर, गांगननगला, हौंसपुर, परसुपुरा, कल्लू की मडैया, करीमपुर में शिविर लगाकर नए सदस्य बनाए। प्रदेश महासचिव ने कहा कि संगठन का चुनाव से कोई लेना-देना है। कार्यकर्ता मतदान के लिए स्वंत्रत हैं। इस मौके पर जुबैद आलम, गुलाम मोहम्मद, चौधरी राजपाल सिंह, रघुबर सिंह, जमुना दास, सरताज अली, जब्बार, पिंकू चौधरी, मुराद हुसैन, श्रीपाल, छोटे लाल, आरिफ अली, लखमी, राजाराम, फारुख, रणवीर सिंह, इसबे अली, शाने आलम, सुब्हान अली, हुकुम सिंह, बिट्टू सिंह, मोहम्मद सादिक, विनोद कुमार, फराज अली आदि मौजूद रहे।

भाकियू की पंचायत में बोलते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

- संगठन की मजबूती के लिए शुरू हुआ सदस्यता अभियान
- हमीरपुर, चौधरपुर, गांगननगला, हौंसपुर, परसुपुरा में चला अभियान

फूल बरसाकर बच्चों का स्वागत करतीं एसडीएम मोनिका सिंह। ● अमृत विचार

मेहनत से पढ़ाई कर बुनियादी शिक्षा मजबूत करें : एसडीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: सोमवार को एसडीएम सदर मोनिका सिंह ने सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में बने हुए निर्वाचन से संबंधित दोनों बूथों को देखा और निर्वाचन से संबंधित दिशा-निर्देश ग्राम प्रधान व लेखपाल को दिए।

इसके बाद कक्षाओं में जाकर बच्चों से बात की। नए सत्र के प्रथम दिन उन्होंने कक्षा दो में बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कहा कि वह मेहनत और लगन से पढ़ाई कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। अपनी बुनियादी शिक्षा को मजबूत करें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जावेद, लेखपाल संजय गंगवार, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, नसरीन बी, रजिया बेगम, रजनी गुप्ता, संगीता यादव, अमरपाल सिंह, मलखान सिंह, नेहा, शाजिया बी, शहनाज फातिमा आदि उपस्थित रहे।

एसडीएम ने केलाखेड़ा पुलिस संग की बैठक

मसवासी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। स्वार एसडीएम अवनीश कुमार ने बाजपुर कोतवाली क्षेत्र के केलाखेड़ा थाना में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुझाव देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

सोमवार को एसडीएम अवनीश कुमार के नेतृत्व में केलाखेड़ा थाने में स्वार सीओ संगम कुमार और केलाखेड़ा थाना प्रभारी के साथ हुई बैठक में एसडीएम ने अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए उन्हें पाबंद करने के निर्देश दिए। कहा कि उत्तराखंड-यूपी सीमा पर वाहनों की चेकिंग तेज करते हुए नशीले पदार्थ, शराब व अन्य आपत्तिजनक वस्तुओं की धरपकड़ की जाए। बैठक में कई अहम मुद्दों पर भी चर्चा की गई। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुझाव भी दिए गए।

संचारी रोग अभियान में होगी नालियों की सफाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : संचारी रोग अभियान में नालियों की सफाई और झाड़ियों की कटाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। तालाबों की सफाई, हैंडपंप व पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। सीएमओ ने कहा कि गांवों, मोहल्लों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, कचरे का निस्तारण, झाड़ियों की कटाई, कीटनाशक का छिड़काव, संचारी रोगों से ग्रसित व्यक्तियों की पहचान कर उपचार कराया जाएगा।

सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सीएमओ ने कहा कि अभियान के तहत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री बुखार के रोगियों की सूची, आईएलआई, कुष्ठ रोगी की सूची, फाइलेरिया, कालाजार, कुपोषित बच्चों की सूची बनाकर कार्यालय में दें। क्षेत्रावार ऐसे मकानों की सूची बनाएं जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। वहां हीट रिलेटेड इलनेसेज के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। पशुओं के बाड़ों की स्वच्छता, कचरा निस्तारण एवं मच्छरोधी जाली के प्रयोग के लिए गहन, संवेदीकरण, अभियान शुरू किया जाएगा। बताया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और दिमागी बुखार पर नियंत्रण के लिए मच्छरों का लार्वा मिटना आवश्यक है। इसलिए प्रचार-प्रसार के माध्यम से भी लोगों को संचारी रोगों की जानकारी दी जाए। लोगों को शौचालय के अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संतोष कुमार, डा. सत्यप्रकाश, डा. केके चहल, जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार राय, फाइलेरिया निरीक्षक राइना कौसर, मलेरिया निरीक्षक रिंकू, सीनियर मलेरिया निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

संचारी रोग अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाते सीएमओ डा. एसपी सिंह।

युद्धस्तर पर चलेगा अभियान

सीएमओ डा. एसपी सिंह ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान को लेकर बैठक की। जिले में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए कहा कि अंतर विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और संक्रामक रोग से ग्रस्त लोगों की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौपेंगी। ऐसे लोगों का उपचार कराया जाएगा। संक्रामक रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई और जागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा। वायरस व बैक्टीरिया जनित बीमारियों से बचाव के लिए अभियान समय-समय पर चलाया जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, कृषि एवं सिंचाई और पशुपालन विभाग सहित 11 विभाग अभियान में शामिल रहेंगे।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

- श्री पातलेश्वर शिवालय के पदाधिकारी अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देंगे पूर्वाह्न 11:30 बजे।
- शाहबाद-पटवाई रोड स्थित कृष्णा मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ प्रात: 5:30 बजे।

एक नजर

साफ-सफाई के लिए टीमें कर रहीं जागरूक

रामपुर, अमृत विचार : शहर में साफ-सफाई बेहतर बनाने के लिए टीमें लोगों को जागरूक कर रही हैं। टीम में शामिल खाद्य एवं सफाई निरीक्षक घर-घर जाकर लोगों को घर के आसपास बेहतर सफाई रखने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नगर पालिका के अधिकारियों के अनुसार शहर के प्रत्येक वार्ड में 16 संविदा व ठेका सफाई कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि रोस्टर के अनुसार साफ-सफाई की जाए। इसके अलावा सुपरवाइजरों को सख्त हिदायत दी गई है कि प्रतिदिन वार्ड में जाकर साफ-सफाई का जायजा लें।

सी-विजिल ऐप पर करें आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत : जोगिन्दर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- रिटर्निंग आधिकारी के कार्यालय में भी नहीं जाना पड़ेगा

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय सम्बंधी उपबन्धों के उल्लघनों की शिकायत दर्ज करने के लिए सी विजिल ऐप विकसित किया गया है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर ऐप पर शिकायत कर सकते हैं।

सी विजिल स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के संचालन में नागरिकों की सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका पर जोर देता है। यह ऐप एक उपभोक्ता अनुकूल मोबाइल एप्लीकेशन है। इसे संचालित करना बेहद आसान है। इसका उपयोग चुनाव की घोषणा की तारीख से आचार संहिता के उल्लघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इस ऐप की विशेषता यह है कि यह केवल फोटो, वीडियो और ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है। ताकि निगरानी टीम को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके। इस ऐप को ऐसे किसी भी स्मार्ट फोन में इंस्टाल किया जा सकता है, जिसमें कैमरा, इण्टरनेट कनेक्शन और जीपीएस एक्सेस हो। इस एप्लीकेशन का उपयोग करके आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की घटनाओं को देखते ही तत्काल रिपोर्ट कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें रिटर्निंग आधिकारी के कार्यालय में भी नहीं जाना पड़ेगा। ऐप निगरानी दलों के साथ जुड़ा है। इससे एक तीव्र, सटीक कार्रवाई और निगरानी प्रणाली का निर्माण होता है।

शिकायत दर्ज करने से पहले आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली गतिविधि की केवल एक तस्वीर या दो मिनट का वीडियो और संक्षिप्त में इसका वर्णन कर दें। शिकायत के साथ कैप्चर की गयी जानकारी स्वतः ही जिला स्तर पर संचालित कंट्रोल रूम में चली जाती है। इससे निगरानी दल को कुछ ही मिनटों में घटना स्थल पर भेज दिया जाता है। इस ऐप के माध्यम से दर्ज की गयी शिकायतों का निस्तारण 100 मिनट में किया जाता है।

वन स्टॉप सेंटर पर पिछले साल आए 350 मामले

रामपुर, अमृत विचार : एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत के रूप में सहायता व सहयोग प्रदान करने के लिए संचालित वन स्टॉप सेंटर में 2023 में 340 मामले आए थे। इनमें 90 मामले महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा से जुड़े थे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव ने बताया कि महिलाओं को घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न प्रकार के मामलों में सुरक्षा देने और आपसी सुलह समझौते के आधार पर उनके विवादों का समाधान कराने के लिए सरकार की ओर से वन स्टॉप सेंटर का संचालन किया जा रहा है। यहां 2022 में 340 मामले आए। इनमें से 330 मामलों का समाधान कराया गया। शेष मामलों के निस्तारण के संबंध में वन स्टॉप सेंटर की टीम काउंसलिंग एवं अन्य कार्रवाई कर रही है।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : ग्राम प्रधान विराट किरतुनिया ने कहा कि एक अच्छे राष्ट्र के लिए मतदान जरूर करना है। सभी ग्रामीणों से अपील कि ग्राम पंचायत मानपुर ओझा से सभी लोग मतदान जरूर करें।

ग्राम पंचायत मानपुर ओझा में स्थित विकासखंड के आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा नगर में ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों को मतदाता जागरुकता के संबंध में विस्तार से बताया गया। शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने शपथ ली कि इस बार सभी मतदान जरूर करेंगे। सभी ने मिलकर नारा लगाया कि पहले मतदान बाद में जलपान। चलो शत प्रतिशत मतदान करके अच्छी सरकार का गठन करें। राष्ट्र को मजबूत करें। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संरक्षक हरिराम दिवाकर ने कहा कि एक अच्छे राष्ट्र, अच्छी सरकार और सुशासन के लिए सभी को मतदान जरूर करना चाहिए।

इस अवसर पर प्रधान विराट किरतुनिया, तपन कुमार राय, शिशुपाल, अर्चना पांडेय, जगवीर सिंह, सुब्रत सरकार, काला मंडल, देवव्रत मंडल, सीमा मंडल, लिपिका मंडल, रिंकी मण्डल, विटिका मंडल, पूनम भारती, रचना कपूर, जसकिरण कौर, बिथिका बाला, देवांशी कटियार, मंजू शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हरिराम दिवाकर ने किया।

लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ लेते शिक्षक। ● अमृत विचार

- एक अच्छे राष्ट्र के लिए मतदान करना जरूरी : विराट
- शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को किया जागरूक

माला पहनाकर बच्चों का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

मॉडल प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का स्वागत किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा में नया प्रवेश लेने वसाले बच्चों का स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को टीका लगाकर, ताज और माला पहनाकर स्वागत किया। बच्चों को चॉकलेट और उपहार भी दिए गए।

पहले ही दिन कक्षा एक में पांच बच्चों ने प्रवेश लिया। प्रधानाध्यापिका रेनू सिंह का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चे को विद्यालय में ठहराव और विद्यालय के प्रति लगाव बढ़ता है। बच्चे खुशी-खुशी विद्यालय आते हैं। इस अवसर पर सृष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलम राणा, कमलेश, गायत्री, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

फॉल्ट के चलते चार घंटे बाधित रही बिजली

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को पनवड़िया बिजलीघर से आ रही 33 हजार केवीए की लाइन में खराबी आ जाने से किटप्लाई रोड की बिजली चार घंटे गुल रही। बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

अजीतपुर बिजलीघर के अधिकारियों ने बताया कि पहले बिजलीघर में खराबी आ गई थी। उसे सही कराने के बाद फिर से पनवड़िया बिजलीघर में फॉल्ट हो गया। उसे सही करने में कर्मचारियों को कई घंटे लग गए। सोमवार को पनवड़िया बिजलीघर की लाइन में खराबी के चलते दोपहर एक से शाम पांच बजे तक आपूर्ति ठप रही। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि अजीतपुर बिजलीघर को पनवड़िया बिजलीघर से आ रही आपूर्ति में खराबी आ गई थी। लाइन में हुए फॉल्ट को सही करा दिया है।

बैठक | स्वास्थ्य केंद्रों में साफ-सफाई व जनसुविधाओं को दिया जाए आकर्षक रूप

फॉगिंग की गुणवत्ता एवं मानकों का रखें ध्यान : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि सोमवार से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। घर-घर दस्तक अभियान का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोग संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक बने। अपने दैनिक क्रियाकलापों में आवश्यकतानुसार सुधार करके संचारी रोगों को नियंत्रित करने में सहभागी बनें।

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक हुई। घर-घर दस्तक अभियान को जनपद में बेहतर तरीके से प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी स्वास्थ्य विभाग, खंड विकास अधिकारी और स्थानीय निकाय क्षेत्रों में तैनात अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक करके अभियान के दौरान होने वाले कार्यों की बारीकी से समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में फॉगिंग में प्रयुक्त होने वाले रसायन की गुणवत्ता एवं मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारी और खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित मानक पूरा करने वाली एंटी लारवा दवाओं और फागिंग में प्रयुक्त रसायन की खरीद होनी चाहिए। मानकों के विपरीत रसायन की खरीद एवं छिड़काव की पुष्टि होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई होगी। सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को भी निर्देश दिए की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर एवं स्टाफ समय पर उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाएं। इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक एवं सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी की सक्रियता महत्वपूर्ण है। वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर तरीके से लागू करने के दौरान जो भी समस्याएं आ रही हैं, उन्हें मुख्य चिकित्साधिकारी चिह्नित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एसपी सिंह, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. एचके मित्रा सहित अन्य डॉक्टर व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

आतिशबाजी में ब्लास्ट से दो मंजिला मकान गिरा, मां-बेटे की मौत

इस्लामनगर (बदायूं), अमृत विचार : कस्बा इस्लामनगर में आतिशबाजी में ब्लास्ट से दो मंजिला मकान धराशायी हो गया। मलबे में दबकर आतिशबाज की पत्नी और बेटे की मौत हो गई जबकि दो बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आतिशबाजी के भंडारण के लाइसेंस की जांच करने की बात कही गई है।

कस्बा इस्लामनगर के मोहल्ला मोहली निवासी अख्तर अली आतिशबाजी बनाकर बेचते थे। सोमवार को उनकी पत्नी सलामत (35), बेटा तैमूर (6), बेटी तमन्ना (4) और अर्फी (2) घर पर थे। दोपहर लगभग तीन बजे आतिशबाजी में ब्लास्ट हो गया। तेज धमाकों के साथ दो मंजिला मकान धराशायी हो गया। इसमें सलामत और तैमूर की मौत हो गई।

एक नजर

अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में गवाह से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में सोमवार को गवाह प्रवीण कटियार से बचाव पक्ष के अधिवक्ता की जिरह हुई। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी। अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्मप्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। सोमवार को गवाह प्रवीण कटियार से जिरह हुई, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी।

600 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : टांडा पुलिस ने चेकिंग के दौरान इरफान उर्फ तेजा निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद दढ़ियाल को श्मशान घाट के पास कोसी नदी पुल से 600 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है।

साली की लगुन चढ़ाकर आ रहे जीजा की मौत

अजीमनगर थाना क्षेत्र में मंगल की पैठ के पास हुआ हादसा, मृतक का साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : चचेरी साली की लगुन चढ़ाकर आ रहे जीजा की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार उसका साथी घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र में स्वार रोड स्थित मुरसैना के पास हुई। बिजनौर जनपद के रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव अलीपुरा पट्टा निवासी मेघराज (40) की काशीपुर आंगा में ससुराल है। रविवार की शाम मेघराज अपनी चचेरी साली की लगुन लेकर अन्य रिश्तेदारों के साथ भोट बक्काल गांव गया था। रस्म पूरी कर रात 12 बजे सभी लोग अपने वाहनों से वापस आ रहे थे। स्वार रोड पर मुरसैना के पास डंपर ने मेघराज की बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में मेघराज की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर पीछे बैठा मुरादाबाद निवासी रिश्तेदार राहुल घायल हो गया। पीछे से आ रहे अन्य रिश्तेदारों ने घटना देखी तो होश उड़ गए। गंभीर आरोप लगाते हुए रिश्तेदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान मुरसेना पुलिस को भी मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने हंगामा कर रहे रिश्तेदारों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीछा करके डंपर को भी पकड़ लिया जबकि चालक फरार हो गया।

जिला अस्पताल में मौजूद के मेघराज के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

> सोमवार की रात करीब 12 बजे डंपर ने बाइक सवार बिजनौर के रहने वाले किसान को रौंद दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।
>
> -पवन वीर सिंह
> थाना प्रभारी, अजीमनगर

▸▸ **तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार मेघराज और राहुल को रौंदा**

तेजी से दौड़ रहे डंपर बन रहे मौत का कारण

अजीमनगर क्षेत्र में तेजी से दौड़ रहे डंपर लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। अंधेरा होते ही सड़कों पर डंपरों का दौड़ना शुरू हो जाता हैं। इन डंपरों की वजह से अब तक कई लोगों की जान जा चुकी हैं। इसके बाद भी प्रशासन इन पर अकुंश नहीं लगा पा रहा है।

मातम में बदलीं शादी की खुशियां

युवक की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। हालांकि सोमवार को चचेरी साली की बरात आई। लेकिन बरात में दूल्हा सहित पांच लोग ही आए। सभी रस्में बेहद सादगी के साथ पूरी की गईं।

फोर्स के ठहरने के लिए स्कूल का निरीक्षण करतीं थानाध्यक्ष। ● अमृत विचार

चुनाव में फोर्स के ठहरने का प्रबंध करने में जुटी पुलिस

संवाददाता, भोट

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रदेश के दूसरे जिलों की पुलिस फोर्स के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स भी आएगी। फोर्स के ठहरने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी के तहत सोमवार को थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूलों के प्रबंधकों को रोशनी, पेयजल, साफ-सफाई आदि का समुचित प्रबंध करने का निर्देश दिया।

लोकसभा चुनाव को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बाहर से आने वाली पुलिस व अर्धसैनिक बलों को ठहरने के लिए स्थान की तलाश शुरू कर दी गई है। सोमवार को थानाध्यक्ष निशा खटाना ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रबंधन से जानकारी लेते हुए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। फोर्स के ठहरने के लिए मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी पूछा।

थानाध्यक्ष ने बताया कि चुनाव ड्यूटी के लिए क्षेत्र में आने वाली फोर्स के ठहरने की व्यवस्था स्कूल भवनों में करने के लिए निरीक्षण किया गया है। स्कूलों में साफ-सफाई, शौचालय, बिजली- पानी आदि की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के दिशाअनिर्देश दिए गए हैं।

फ्लाइंग स्क्वायड पर शराब की दो बोतल ले जाने का आरोप

रामपुर, अमृत विचार : मेंथा एवं होटल कारोबारी मुकुल अग्रवाल ने फ्लाइंग स्क्वायड पर अवैध रूप से शराब की दो बोतल ले जाने का आरोप लगाया है।

व्यापारी का कहना है कि रविवार को पटवाई में उनका होटल एंड रेस्टोरेंट है। फ्लाइंग स्क्वाड के प्रभारी, एसआई, हेड कांस्टेबल और गार्ड जबरदस्ती उनकी गैर मौजूदगी में उनके निजी कमरे में घुस गए। वह अलमारी से शराब की दो बोतलें तथा 500 रुपये निकाल कर ले गए। आरोप है कि एसआई ने जाते समय उनके स्टाफ से समाजवादी पार्टी को ही वोट देने की बात भी कही। पीड़ित को सोमवार की मैनेजर ने पूरी बात बताई। पीड़ित ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मंडलायुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत की है।

घर में घुसकर युवती से की छेड़खानी, विरोध पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ **अदालत के आदेश पर पुलिस ने तीन के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

▸▸ **शादी के लिए अनुदान दिलाने का झांसा देकर ले जा रहे थे बैंक**

अमृत विचार : तीन लोगों ने बेटी की शादी के लिए सरकार से अनुदान दिलाने का झांसा देकर बीस हजार रुपये हड़प लिए। उसके बाद आरोपी ग्रामीण की बेटी को बैंक ले जाने लगे। मना करने पर उसके साथ छेड़खानी करते हुए पीट दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि कुछ माह पहले देवराज, गोपाल ठाकुर और मनोज उसके घर आए थे। उन्होंने बेटी की शादी के लिए सरकार से अनुदान दिलाने को कहा। आरोपियों ने बताया कि कम से कम तीन लाख रुपये मिलेंगे, लेकिन पहले बीस हजार रुपये देने होंगे। इस पर पीड़ित ने बीस हजार रुपये उन्हें दे दिए। आरोप है कि 10 फरवरी 2024 को आरोपी उसके घर आ गए और उसकी बेटी से बैंक चलने की बात कही। मना करने पर आरोपी उसे जबरन बाइक पर बैठाने लगे।

विरोध पर उसके साथ मारपीट करते हुए छेड़खानी की। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी वहां से चले गए। ग्रामीण बेटी को लेकर थाने गया और तहरीर दी मगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्रामीणों ने पुलिस से लगाई अवैध कब्जा हटवाने की गुहार

मसवासी, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला भूवरा के पास भूवरा मुस्तहकम में नगरवासियों का बच्चों का श्मशान घाट है। इस पर एक किसान ने कब्जा कर लिया है।

नगरवासियों की शिकायत पर लेखपाल ने पैमाइश करके श्मशान घाट को कब्जा मुक्त करा दिया था। इतना ही नहीं इसकी हदबंदी भी करा दी गई थी। आरोप है कि आरोपी किसान ने फिर से श्मशान घाट की भूमि पर कब्जा कर लिया है।

इसकी शिकायत विजय मौर्य, जयपाल, वीर सिंह, कृपा राम, तुला राम, सरजीत राकेश, नरेश आदि ने चौकी पुलिस को तहरीर देकर की। तहरीर में पुलिस से श्मशान की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई गई है।

भ्रष्टाचार में लिप्त है इंडिया गठबंधन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन भ्रष्ट्राचार में डूबा हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के साथ उनके तमाम मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण जेल में बंद है। कोर्ट ने उनको जमानत भी नहीं दी है।

सोमवार को एक बैंक्वेट हाल में पत्रकार वार्ता में कैबिनेट मंत्री ने इंडिया गठबंधन को निशाने पर लिया। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री व उनके मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगाए। कहा कि भ्रष्ट्राचार में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जेल में बंद है। उसके बाद भी लोग दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे हैं। यह लोग प्रजातंत्र को नष्ट करने का काम कर रहे हैं। 87 प्रतिशत जनता की आवाज प्रधानमंत्री के साथ है।



पत्रकार वार्ता में बोले धर्मपाल सिंह।

▸▸ **दिल्ली के मुख्यमंत्री पर जड़े तमाम आरोप**

▸▸ **भाजपा के प्रत्याशी की रिकार्ड मतों से जीत का किया दावा**

देश की जनता प्रधानमंत्री के साथ खड़ी है। देश भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है, इसलिए आगे बढ़ा है। 20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। आज उतर प्रदेश में कानून व्यवस्था, आवागमन की व्यवस्था और बिजली मिल रही है। भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के समर्थन में प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने आना शुरू कर दिया है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपराध और भ्रष्टाचार में डूबी हुई पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास, सबका प्रयास नारे पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी सबके साथ खड़ी है। मुस्लिम गलती करेगा तो उसे भी दंड मिलेगा।

हिन्दू गलती करेगा तो उसे भी दंड मिलेगा। सपा, बसपा, कांग्रेस सभी भष्ट्राचार में डूबे हैं। आरोप जड़ा कि यह पार्टियां भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली पार्टियां है। उन्होंने दावा कि रामपुर से भाजपा प्रत्याशी रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगे।

अनियंत्रत होकर पलटा रेत से भरा डंपर, चालक परिचालक घायल

मसवासी, अमृत विचार : स्टोन क्रॅशर से रेत भर कर ला रहा डंपर मंसूरपुर मोड पर बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में डंपर के चालक और परिचालक घायल हो गए। दोनों घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

सोमवार की सुबह चालक अजीत सिंह पुत्र सोरन सिंह निवासी बदायूं सुल्तानपुर पट्टी के स्टोन क्रेसर से रेत भर कर बदायूं जा रहा था।

इस दौरान मंसूरपुर मोड़ पर डंपर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में डंपर का चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक-परिचालक को जिला अस्पताल भिजवाया।

साइकिल की टक्कर से वृद्धा का हाथ टूटा, चार हजार में समझौता

संवाददाता, पटवाई

▸▸ **समझौते की बची रकम मांगने पर प्रधान ने दी जान से मारने की धमकी दी**

▸▸ **आरोपी ने पंचायत में पीड़त पक्ष को दिए थे मात्र तीन हजार रुपये**

अमृत विचार : पैदल जा रही वृद्धा को पीछे से आ रहे साइकिल सवार ने टक्कर मार दी। इससे वृद्धा गिर गई। इस हादसे में उसका हाथ टूट गया। पीड़िता के पुत्र ने मामले की तहरीर पटवाई पुलिस को दी थी। इस पर समझौता करा दिया था।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव वहपुरा निवासी 60 वर्षीया वृद्धा 27 जनवरी को पैदल अपने घर आ रही थी। तभी गांव के ही कृष्णपाल ने उसे अपनी साइकिल से टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से वृद्धा सड़क पर गिर गई थी और उसका एक हाथ फैक्चर हो गया था। उसी दिन वृद्धा के पुत्र सुम्मेरी ने मामले की तहरीर थाना पटवाई में दी थी। इस पर दरोगा राकेश यादव, कांस्टेबल इंद्र सिंह तथा ग्राम प्रधान बृजेश ने उसी दिन दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। तय हुआ था कि कृष्णपाल पीड़िता को चार हजार रुपये देगा।

पीड़िता के पुत्र ने सोमवार को पटवाई थाने में दोबारा तहरीर देकर आरोप लगाया कि समझौते के समय उन्हें तीन हजार रुपये ही दिए गए थे। पंचायत में बाकी के बचे एक हजार रुपये दो दिन बाद देने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान बृजेश ने ली थी। मगर जब पीड़ित ने ग्राम प्रधान से बाकी पैसे मांगे तो उसने गालियां देकर उसे जान से मारने की धमकी दी।

ग्रामीणों ने बिजलीघर पर किया प्रदर्शन

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव मडैयान तुलसी में करंट की चपेट में आने से हुई युवक की मौत से ग्रामीण भड़क गए।अंतिम संस्कार के बाद ग्रामीण चार ट्रालियों में सवार होकर सोमवार को बिजलीघर पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। मांग की कि बिजली निगम जर्जर लाइनों को बदलवाए।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के चलते पूरे गांव में जर्जर लाइन को बदलने का काम केवल कागजों में ही सिमटकर रह गया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि अधिकारियों ने पूरे गांव में तार दुरुस्त कराए होते तो युवक की मौत नहीं होती। सोमवार को ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के ससुर गुल मोहम्मद के नेतृत्व में बिजलीघर पर प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें गांव में बिजली की लाइन के तार बदलवाने की मांग की। इस दौरान जोगेंद्र, जसवंत सिंह, उमेश, सीताराम, भागीरथ, प्रमोद, धर्मपाल, रामबहादुर, छत्रपाल, महिपाल एवं राधेलाल आदि मौजूद रहे।

शाहबाद बिजलीघर में ग्रामीणों से वार्ता करती पुलिस। ● अमृत विचार

रविवार को करंट से हुई थी राजू की मौत

शाहबाद थाना क्षेत्र के मडैयान तुलसी गांव निवासी 20 वर्षीय राजू रविवार को गांव के ही अरुण के घर प्लास्टर कर रहा था। उसके मकान के बराबर से एचटी लाइन निकल रही थी। इस दौरान कपड़ा सुखाने वाले तार पर बंदर चढ़ गया था। इससे तार टूटकर एचटी लाइन पर गिर गया था। इससे फाल्ट हो गया था और एचटी लाइन का तार भी टूट गया था। इसकी चपेट में आने से राजू झुलस गया था और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

आठवीं की परीक्षा पास करने पर 25 बंदियों को किया सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : जिला कारागार में निरुद्ध 25 बंदियों ने कक्षा आठ की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। इस पर कारागार प्रशासन ने उन्हें सम्मानित किया है।

जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य ने बताया कि कारागार में निरूद्ध बंदियों ने बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कक्षा आठ की परीक्षा अच्छे अंकों से पास कर ली। इस उपलक्ष्य में 25 बंदियों को सम्मानित किया गया है। बताया कि बेसिक शिक्षा बोर्ड से मिले निर्देशानुसार बंदियों को कारागार में ही परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। ताकि वह अच्छे नंबर ला सकें। इसके अलावा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत बंदियों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिससे वह जेल से छूटने के बाद अपनी रोजी रोटी के स्रोत बना सकें।

रंजिश के चलते घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ **टांडा थाना क्षेत्र का मामला पीड़िता का मुरादाबाद के अस्पताल में चल रहा है उपचार**

अमृत विचार : रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

मामला थाना टांडा क्षेत्र के सैदनगर का है। गांव निवासी भगवती का पड़ोस के ही कुछ लोगों से चौराहे पर दुकान को लेकर विवाद चल रहा है। वर्षो से चल रहे विवाद में दोनों परिवार कई बार आमने-सामने आ चुके हैं। सोमवार को भगवती अपने परिवार के साथ घर में थी। आरोप है कि पड़ोस के चार-पांच लोग घर के अंदर घुस आए। आरोपियों ने आते ही मारपीट शुरू कर दी। महिला के विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान उसके पति एवं परिवार के अन्य सदस्यों से भी मारपीट की गई। चीख-पुकार होने पर आसपास से तमाम ग्रामीण मौके पर आ गए।

ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से खिसक गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया।

चौकी इंचार्ज सैदनगर ने बताया परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

लापरवाही अनुपयोगी साबित हो रहे पालिका क्षेत्र में बने 18 सार्वजनिक शौचालय

सार्वजनिक शौचालय जर्जर, निजी में जाने की मजबूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नगर पालिका में योजनाएं शुरू तो हो जाती हैं लेकिन उपेक्षा के चलते दम तोड़ने लगती हैं। अब शहर में स्वच्छ भारत मिशन के बनाए गए शौचालयों को लें। पालिका ने मिशन के तहत 18 शौचालय बनवाए थे, लेकिन मौजूदा समय में एक-दो जगह के अलावा कहीं भी सार्वजनिक शौचालय उपयोग में नहीं आ पा रहे हैं। खास बात यह है कि कुछ जगह शौचालय हैं लेकिन उनकी हालत जर्जर है। वहां खड़े रहने पाना भी मुश्किल है।

सपा सरकार में शहर में 18 शौचालय बनाए गए थे। यह रेलवे स्टेशन के पास, रोडवेज स्टेशन के पास, बरेली गेट से पहले और कई व्यस्तम क्षेत्रों में बनाए गए थे। मगर देखरेख के अभाव में यह धीरे-धीरे खत्म हो गए। तमाम शौचालय की सीटों को चोर उखाड़कर ले गए तो कुछ उपेक्षा के चलते खत्म हो गए। अब स्थिति यह है कि पालिका की ओर से एक भी शौचालय संचालित नहीं हो रहा। लोगों को पैसे देकर प्राइवेट शौचालय में जाना पड़ रहा है। रोडवेज, रेलवे स्टेशन पर निशुल्क सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोग सुलभ शौचालय में जाने को मजबूर हैं। पालिका की ओर से दी जाने वाली सुविधा लगभग खत्म हो चुकी है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय पर केंद्र सरकार 40 और प्रदेश सरकार 30 प्रतिशत तथा नगर पालिका 30 प्रतिशत खर्च करती है। लेकिन शहर में शौचालय काफी खराब की स्थिति में हैं।

नैनीताल हाईवे किनारे बना नगर पालिका परिषद का शौचालय। ● अमृत विचार

शौचालय के निर्धारित स्थान

रोडवेज स्टेशन के पास, नगर पालिका के पास, बी अम्मा गेट, बरेली गेट, सिविल लाइंस, बाजार नसरूल्लाह खां समेत कई क्षेत्रों में शौचालय बनाए गए थे। अब मौजूदा समय में रोडवेज के पास सुविधा शुल्क के साथ प्राइवेट शौचालय बना हुआ है।

> जो शौचालय हैं उन्हें शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं। राहगीरों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। कर्मचारियों को निर्देशित कर तुरंत ही इन्हें दिखवाया जाएगा।
>
> -दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ नगर पालिका परिषद

पशु चोरी के दोषी को तीन वर्ष की सजा

रामपुर, अमृत विचार : सीजेएम कोर्ट ने सोमवार को पशु चोरी करने के दोषी को तीन साल की कैद और 200 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

सिविल लाइन थाने में मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे के गांव खानपुर लक्खी निवासी आरिफ के खिलाफ पशु चोरी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल करदी थी। इस मामले की सुनवाई सीजेएम कोर्ट में चल रही थी। सोमवार को अदालत ने आरिफ को तीन साल के कारागार की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 200 रुपये जुर्माना भी लगाया है।

मारपीट में दो लोगों का चालान

बिलासपुर, अमृत विचार : केमरी थाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मोहल्ला माजुल्लानगर निवासी मौज्जिम अली उर्फ भूरा और सलमान उर्फ वसीम को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की है।

आईआईटी-जेईई की तैयारी को कक्षाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सांई सीनियर सेकेंडरी स्कूल लदौरा नारायणपुर में नए सत्र के आरंभ के उपलक्ष्य में हवन-अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

अनुष्ठान पंडित नवनीत शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। मां सरस्वती और भगवान गणेश को ध्यान करके हवन प्रारंभ किया। नए सत्र में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और उत्तम शिक्षा के लिए मां सरस्वती से प्रार्थना की गई। इस सत्र में विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को उत्तम बनाने के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। इसमें शैक्षिक ऐप ऐडू-डेन को जोड़ा गया है। आईआईटी-जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षाओं की शुरुआत की गई है।

सोमवार को स्कूल में हुए हवन में आहुति देते छात्र। ● अमृत विचार

▸▸ **नए सत्र के आरंभ के उपलक्ष्य में हवन-अनुष्ठान का हुआ आयोजन**

इसके लिए सनातन संस्कृति को अपनाते हुए विद्यालय में अनुष्ठान किया गया। हवन में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों, शिक्षकों एवं करीब 350 छात्र- छात्राओं ने आहुति दी।

हवन में विद्यालय के संस्थापक दिलीप सक्सेना, नीरा सक्सेना, प्रबंधक अर्जित सक्सेना, प्रधानाचार्य शिवांश सक्सेना, निहारिका सक्सेना, शिवानी सक्सेना, पंकज कुमार, रश्मि सिंह, आरती यादव, निर्दोष सक्सेना, हिमांशी रस्तोगी, राहुल शर्मा, आकाश शर्मा, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

पांच सौ ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

मिलक,अमृत विचार : सोमवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकर्रम निवासी बरेली गेट मौलवी साहब की जयारत सप्पू खां का डेरा थाना सिविल लाइन को धनेली जाने वाले रास्ते पर बन रही पानी की टंकी से घेराबन्दी कर पकड़ा। पूछताछ के दौरान वह सकपका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 500 ग्राम चरस मिली। पुलिस ने मुकर्रम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करके कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

नौ परीक्षार्थियों ने छोड़ी सामजिक विज्ञान की परीक्षा

रामपुर, अमृत विचार : सोमवार को सीबीएसई की कक्षा 12 की सामजिक विज्ञान की परीक्षा सेंटमेरी, व्हाइट हॉल न्यू ऐज पब्लिक स्कूल और बी दत्त सरस्वती विद्या मंदिर में हुई। इसमें 120 परीक्षाथियों में से 111 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे। नौ परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया।

सड़क पर भरा नाले का गंदा पानी

रामपुर, अमृत विचार : थाना सिविल लाइंस के सामने स्थित नाला काफी दिन से चोक है। गंदे पानी से उठ रही दुर्गंध की वजह से लोग परेशान हैं। यहां के दुकानदारों का कहना है कि कई बार पालिका के अधिकारियों को बताया जा चुका है लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। नाले की साफ-सफाई कराने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इसका खामियाजा यहां के लोगों ने भुगतना पड़ रहा है। दुकानदारों ने नाले की सफाई कराने की मांग की है।

ठेका सफाईकर्मियों का मानदेय नहीं मिलने पर रोष

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय अम्बेडकर सभा की बैठक अस्तबल रोड कार्यालय पर सोमवार को हुई। इसमें संस्थापक अविनाश तपन ने कहा कि ठेका सफाईकर्मियों से लगातार काम लिया जा रहा है। लेकिन दो माह से इन्हें मानदेय नहीं मिल रहा है। इससे कर्मचारियों को परिवार का पालन-पोषण करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ईओ को ज्ञापन देकर समस्या के बारे में बताया जा चुका है। लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। इस अवसर पर अनिल राज, जोगिन्द्र कुमार, हनी कठेरिया, नवीन कुमार और रोहित आदि शामिल रहे।

पानी की कमी न होने दें शुगर के मरीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रमजान उल मुबारक के आखिरी अशरे में गर्मी का सितम शुरू हो गया है। रोजेदार अल्लाह का हुक्म मानने के लिए दिन भर भूखे-प्यासे रहकर रोजा रख रहे हैं। इन दिनों अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने लगा है। इसलिए चिकित्सक रोजेदारों को एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। चिकित्सकों ने ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हार्ट एवं माइग्रेन से पीड़ित मरीजों के अलावा स्वस्थ लोगों को विशेष तौर पर ध्यान रखने की सलाह दी है।

रमजान के मुकद्दस महीने में जो लोग रोजा रखते हैं, उन्हें फिट रहने के लिए कई चीजों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। शाम को इफ्तार के वक्त भी कुछ बातों का ख्याल रखकर खुद को कमजोरी से बचा सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि संतुलित खाना खाएं।

जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. दशरथ सिंह बताते हैं कि रमजान में इफ्तार व सहरी के समय अनाज, खजूर, केला, जूस और हरी सब्जियों का सेवन करें। इनमें फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, पोटेशियम जैसे तत्व होते हैं जो शरीर को मजबूत बनाते हैं। इनसे भूख भी कम लगेगी और एसिडिटी की शिकायत भी नहीं होगी।

सहरी में कम से कम दो गिलास पानी जरूर पिएं

रोजे में पानी न पीने से शरीर में डीहाइड्रेशन की परेशानी हो सकती है। इससे कमजोरी, सिरदर्द, पीठ दर्द एवं हाथ-पैरों में झुरझुरी होती है। हृदय रोग विशेषज्ञ डा. विशेष कुमार के अनुसार शरीर में पानी की कमी से बीमारियां होने की आशंका रहती है। इफ्तारी के बाद एवं अगले दिन रोजे की शुरुआत करने से पहले दो गिलास पानी जरूर पिएं।

मधुमेह के मरीज रखें ख्याल

शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डा. विशेष कुमार बताते हैं कि मधुमेह के मरीजों को रोजा रखना ही हो तो पूरे रमजान खुद की भरपूर देखभाल करें। क्योंकि शुगर के अचानक बढ़ने या कम होने से परेशानी हो सकती है। दवा खाने का समय बदल देना चाहिए।

रमजान के आखिरी अशरे में 21, 23, 25, 27 किन्हीं पांच रातों में शबे कद्र

तीसरे अशरे में इबादत करने से मिली है जन्नत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली ने बताया कि नबी-ए-करीम ने फरमाया है कि रमजानुल मुबारक का तीसरा अशरा बड़ा फजीलत वाला है। इसी अशरे में ताक वाली तारीखों की पांच रातें शबे कद्र के नाम से मंसूख हैं। रमजान के तीसरे अशरे में इबादत करने से जन्नत मिलती है।

मुकद्दस रमजान के तीसरे अशरे में अल्लाह जहन्नुम से निजात देता है। इस अशरे में इबादत और एतिकाफ में बैठने से जहां लोगों के गुनाह माफ होते हैं, वहीं अल्लाह ताअला इबादत करने वालों को जन्नत बख्शता है। एतिकाफ में बैठने के दौरान लोगों से बातचीत न करें। मस्जिद के एक कोने में बैठकर कुरआन मजीद की तिलावत करते रहें। ऐसी मस्जिद में एतिकाफ करें जहां पंचवक्ता नमाज होती हो। बजमाअत पांचों वक्त की नमाज पढ़ें और खाना-पीना, रहना मस्जिद में ही रखें। रमजान माह में इबादत करने से अल्लाह गुनाह माफ कर देता है।

शहर इमाम ने बताया कि रमजान उल मुबारक का तीसरा अशरा यानी आखिरी अशरा है। इस अशरे की बड़ी फजीलत है। नबी ए करीम ने इरशाद में फरमाया कि रमजान उल मुबारक का आखिरी अशरा बड़ी फजीलत वाला है। इस अशरे में लाखों-करोड़ों लोगों को जहन्नुम से निकालकर अल्लाह जन्नत में दाखिल करता है। इसी अशरे में एतिकाफ भी किया जाता है, जो गुनाहों के माफ होने का एक बड़ा जरिया है।

> रमजान उल मुबारक के आखिरी अशरे में 21, 23, 25, 27 व पांच रातें शबे कद्र के नाम से हैं। इन्हीं पांच रातों में से कोई एक रात शबे कद्र की कहलाती है। इसमें इबादत करने से हजारों साल इबादत करने का सवाब मिलता है। इसी आखिरी अशरे में जकात और फितरा का एहतमाम किया जाता है।
> **- मौलाना मुफ्ती महबूब अली, शहर इमाम**

नबी ए करीम ने फरमाया तीसरा अशरा बड़ी फजीलत वाला

हजरत अली की शहादत पर निकला शबीहे ताबूत

19 रमजान को इब्ने मुल्जिम ने नमाज पढ़ते हुए सिर में मारी थी जहर में बुझी तलवार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : 21 रमजान की तड़के फज्र की नमाज के बाद हजरत अली की यौमे शहादत पर मस्जिद से शबीहे ताबूत बरामद हुआ और सोगवारों ने मातम कर शबीहे ताबूत पर गुलपोशी की। इससे पहले मस्जिद में हुई मजलिस को मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने खिताब किया। कहा कि हजरत अली को नमाज पढ़ने के दौरान इब्ने मुल्जिम ने सिर में जहर से बुझी तलवार मारकर शहीद कर दिया था।

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया स्थित मस्जिद से मौला-ए-कायनात अमीरुल मोमेनीन हजरत अली की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद हुआ। इससे पहले मस्जिद में मजलिस हुई। मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि मौला अली ने अपनी पूरी जिंदगी को इस्लाम पर कुर्बान कर दिया। 19 रमजान की सुबह इब्ने मुल्जिम ने मस्जिद में नमाज की हालत में आप पर जहर में बुझी तलवार से हमला कर दिया था। तीन दिन बाद 21 रमजान को आपकी शहादत हो गई थी। कहा कि मौला अली के सिर पर जरबत (तलवार) इतनी सख्त लगी कि उनका सिर खुल गया और सफेदी अंदर से नजर आ रही थी।

इमाम हसन ने कूफा और आसपास के तमाम हकीमों तिब्ब के जानकारों को बुलाया। आए हुए तमाम तबीबों ने कहा कि जितना दूध हो सके अपने बाबा को पिलाइए। इसलिए कि तलवार जो सिर पर लगी है वह जहर में बुझी हुई है और जहर का असर दूध के जरिए खत्म हो सकता है। अभी इतना कहा था कि अली को दूध की जरूरत है मांगा किसी से नहीं था और कूफे के बच्चे जिनकी सरपरस्ती अली कर रहे थे अपने नन्हे हाथों में दूध लेकर आए। एक बार हसन ने कहा कि बच्चों तुमसे दूध मांगा नहीं है। कहा कि आप कैसी बाते कर रहे हैं अली ने हमारे बाबा के जाने के बाद एहसासे यतीमी नहीं होने दिया। अली को दूध की जरूरत है तो बच्चे दूध लेकर आ गए।

कहा कि मौला अली ने वसीयते करना शुरू कीं। सब बच्चों को इमाम हसन के हवाले किया। वहीं पर उम्मूलबनीन खड़ी थीं। कहा कि मेरे वालियो वारिस आपने सब बच्चों को हसन के हवाले कर दिया। लेकिन, मेरे अब्बास को नहीं दिया। यह सुनने के बाद आवाज दी हुसैन और इसके बाद अब्बास को बुलाया और अब्बास का हाथ हुसैन के हाथ में दिया। कहा कि अब्बास मेरे हुसैन से खबरदार। वसीयतों के बाद अली की रूह परवाज कर गई। इसके बाद हसन और हुसैन ने पीछे से जनाजा उठाया और आगे जनाजा खुद उठ गया।

वसीयत के मुताबिक जहां जनाजा ठहर गया वहां मौला अली को दफ्न कर दिया। इसके बाद यह नोहा पढ़ा- कहते थे सिब्ते मुस्तफा हम तो यतीम हो गए। अब के जो ईद आएगी बाबा बहुत रुलाएगी- हमको खुशी से काम क्या हम तो यतीम हो गए। इस दौरान मुज्तबा अली बेग, कमल रिजवी, अब्बास हैदर, मिर्जा तकी बेब, सलीम यूसुफ जैदी, इरफान जैदी, सलमान मियां, जौहर सैफी, अब्बास मेहंदी, अब्बास, राशिद हुसैन, शाहजेब खां, जहीर अली रब्बू, अली रजा शोबी आदि मौजूद रहे।

मकबरा जनाबे आलिया में हजरत अली के ताबूत की शबीह उठाते अकीदतमंद।

मजूदरी के पैसे न देने पर ठेकेदार को पीटा

केमरी, अमृत विचार : मजदूरी के रुपये न मिलने पर मजदूर ने ठेकेदार को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आरोपी को पकड़ लिया।

केमरी थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी वीरपाल लोधी सड़कों की ठेकेदारी करता है। गांव का ही लाल सिंह उसके पास मजदूरी करता है। आरोप है कि कई बार रुपये मांगने पर भी वीरपाल ने मजदूरी के रुपये नहीं दिए। रविवार को लाल सिंह ने मजदूरी के रुपये मांगे तो विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर लाल सिंह ने वीरपाल के सिर में ईंट मार दी। इसमें वह घायल हो गया। थाना प्रभारी सतेंद्र यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उधर रामनगरिया निवासी दर्शन सिंह ने गांव के ही पुरुषोत्तम के खिलाफ तहरीर दी है। इसमें कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर पुरुषोत्तम गाली-गलौज कर रहा था। मना करने पर उसने मारपीट कर दी। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने पुरुषोत्तम को गिरफ्तार कर लिया है।

कालेज में आयोजित यज्ञ में आहुतियां देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

नए सत्र के पहले दिन बच्चों ने यज्ञ में दीं आहुतियां

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवीन सत्र की मंगल कामना के लिए यज्ञ हुआ। यजमान शुभम प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी पूजा सिंह थे। नवीन सत्र के पहले दिन बच्चों ने यज्ञ में आहुतियां दीं।

यज्ञ पुरोहित आचार्य यशवंत द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ कराया गया। यज्ञोपरान्त मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करते हुए नवीन सत्र 2024-25 की बधाई दी। प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह ने कहा नवीन सत्र में विद्यार्थी जिले और प्रदेश की मेरिट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय के यश और गौरव को बढ़ाएंगे। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा का होना आवश्यक है।

शिक्षा के बिना जीवन सफल नहीं हो सकता। छात्र-छात्राएं अच्छी शिक्षा ग्रहण करके माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में संरक्षक कपिल देव, उपाध्यक्ष तुलाराम गंगवार, प्रबंधक सुरेश चंद्र गंगवार, उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कपिल अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, योगेश कुमार बंसल, बाबूराम गंगवार आदि मौजूद रहे।

कुरआन मुकम्मल होने पर की कारी और सामां की गुलपोशी की गई। ● अमृत विचार

कुरआन मुकम्मल होने पर बयां की रमजान की फजीलत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: मस्जिद गौसिया, मुतासिल मदरसा जामिया हमीदिया अजहर उल उलूम में नमाज ए तरावीह में तिलावत ए कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। कारी इदरीस आलम ने कुरआन सुनाया जबकि, हाफिज मोहम्मद जीशान कादरी ने सुना।

मदरसा के नाजिम मोहम्मद अजहर खां ने बयान करते हुए फरमाया कि कुरआन को सुनाना एक हाफिज के लिए बहुत खुशनसीबी की बात है। रमजान कि फजीलत पर रोशनी डालते हुए शब ए कद्र की मुकद्दस रातों की इबादत के बारे में बयान फरमाया। मुरादाबाद से तशरीफ लाए मेहमान ए खुसूसी मुफ्ती मकबूल रजा नईमी ने इल्म और नमाज की अहमियत से रूबरू कराया। मौलाना मोहम्मद अख्तर खां कादरी ने दुआ कराई। हाफिज महमूद हसन, सैयद सोहराब मियां, आफताब उल हसन, डा. सुल्तान सैफी, नजाकत, शाहिद चिश्ती, सरताज अहमद, खुर्शीद खां, हाजी इलियास खां, सुहेल उर रहमान, मोहम्मद मियां आदि शामिल रहे।

कुरआन मजीद में बताई बातों पर अमल करें : मौलाना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : चादरवाला बाग मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। इस दौरान मौलाना अब्दुल रहमान ने रमजान की फजीलत बयान की। कहा कि रमजान में अल्लाह इबादत का सवाब सत्तर गुना कर देता है, इसलिए जितनी इबादत की जाए उतनी कम है। कहा कि रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है। इसमें ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। इसके बाद मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ कराई गई।

चादरवाला बाग स्थित मस्जिद चबूतरे वाली में मौलाना अब्दुल रहमान ने कुरआन मजीद सुनाया। सामां के फराइज हाफिज शारिक ने अदा किए। इसके बाद मस्जिद में जलसा हुआ। इस मौके पर मौलाना अब्दुल रहमान ने कहा कि मुसलमानों को अपनी जिंदगी में कुरआन मजीद में बताई बातों को उतारना चाहिए। कहा कि कुरआन मजीद में हर मसअले का हल मौजूद है। कहा कि जब कोई मोमिन रमजान के रोजे रखता है और फिर ईद की नमाज अदा करता है तो अल्लाह उस बंदे के सारे गुनाह माफ कर देता है। रमजान में कुरआन मजीद की तिलावत करने से अल्लाह की रहमत बरसती है।

इस माह में मिस्कीन, कमजोर पड़ोसी और गरीब रिश्तेदारों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए। इसके बाद मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर अब्दुल मारूफ, अब्दुल सबूर, मदद मियां आदि मौजूद रहे।

चादरवाला बाग में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर हाफिजों की गुलपोशी की गई। ● अमृत विचार

मुसाफिर खाना मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

चादरवाला बाग मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर दुआ को उठे हाथ

रेलवे स्टेशन वाली मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल

रामपुर, अमृत विचार : मस्जिद मुस्लिम मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर हाफिज हुजैफा ने कुरआन मजीद सुनाया जबकि, सामां के फराइज हाफिज तलहा ने अदा किए। इस मौके पर मुफ्ती मोहम्मद साजिद कन्नौजी ने कुरआन मजीद की फजीलत बयान करते हुए कि कुरआन अल्लाह की किताब है। इसको अल्लाह ने अपने महबूब पर नाजिल किया। इसके बाद हाफिजों की गुलपोशी की गई। इस अवसर पर लोगों को शीरिनी तकसीम की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मौसम बदलते मौसम में बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

दो बार बिन बरसे ही निकल गए बदरा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सोमवार की दोपहर और शाम को आसमान में बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे लेकिन, बारिश नहीं हुई। हालांकि, सोमवार तड़के कुछ बूंदाबांदी हुई। शाम को हवा चलने से लोगों को कुछ राहत मिली। लोग बारिश के लिए दुआएं करते रहे। दोपहर को बच्चे ट्यूबवैल और तालाबों में नहाते दिखाई दिए।

दिन निकलते ही आसमान से तपिश बरस रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दो-चार दिन में बारिश होने का अनुमान है। गर्मी बढ़ने से आइसक्रीम और शीतल पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है। बदलते मौसम में बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. डीके वर्मा खाने-पीने में एहतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में दो-चार दिन में बारिश होने के आसार हैं। इसके बाद मौसम साफ और शुष्क रहेगा। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में लोग बाजार की तली भुनी चीजें, आइसक्रीम और शीतल पेय पदार्थों के प्रयोग से बचें। लापरवाही बरतने पर बीमार हो सकते हैं।



सोमवार को आकाश में उमड़ते काले बादल। ● अमृत विचार

हाल-ए-मौसम

आद्रता	25 प्रतिशत
वायु वेग	23 किमी. प्रतिघंटा

गर्मी के मौसम में इन बातों का रखें ध्यान

- दोपहर के समय बाहर निकलते समय सिर पर कपड़ा लपेटकर रखें।
- धूप से बचकर रहें।
- पानी अधिक पिएं।
- नीबू पानी और ग्लूकोज का सेवन करें।
- धूप का चश्मा लगाकर रखें।
- ज्यादा समय तक धूप में न रहें।
- बाहर की तली-भुनी चीजें खाने से बचें।

> जलवायु परिवर्तन के कारण असाधारण गर्मी देखने को मिल रही है। आने वाले दशकों में भारत को अधिक गर्मी, बारिश और अनिश्चित मानसून का सामना करना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि पर्यावरण को बेहतर बनाएं और अधिक से अधिक पौधरोपण करें।
> **-डा. श्वेता सिंह, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ**

जिला सचिव को बनाया मुरादाबाद जिले का प्रभारी

मसवासी, अमृत विचार : अपना दल एस अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष अहमद मंसूरी ने प्रदेश सचिव डा. मोहम्मद शमी अहमद मंसूरी को मुरादाबाद लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया है। इस पर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व अन्य ग्रामीणों ने हर्ष जताया।

अहमद मंसूरी ने लोकसभा चुनाव को लेकर मुरादाबाद जनपद में भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार सिंह को लोकसभा चुनाव में विजय दिलाने के लिए प्रदेश सचिव डॉ. मोहम्मद शमी को मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। उन्हें मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जाकर गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में सभाएं करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. शमी के मुरादाबाद लोकसभा प्रभारी बनने पर क्षेत्र के नया गांव नजीबाबाद के ग्राम प्रधान साजिद हुसैन, शिकारपुर के प्रधान फरहान अहमद, मजरा हसन के प्रधान मोहम्मद फारूक अंसारी, फरियाद अहमद, इंतजार हुसैन आदि ने हर्ष जताया है।

प्राथमिक विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में मौजूद छात्र एवं शिक्षक।

स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर थिरके बच्चे

संवाददाता, भोट

अमृत विचार: प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थी सम्मान व कक्षा पांच उत्तीर्ण बच्चों का विदाई समारोह हुआ। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चे जमकर थिरके और विदाई गीत व कविता पेश कर एक-दूसरे को बधाई दी।

कार्यक्रम में शिक्षकों ने नौनिहालों के लिए म्यूजिक चेयर, कैच द बैलून समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर कक्षा पांच उत्तीर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को उपहार दिए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

शिक्षक हेमंत कुमार ने कहा कि बच्चे के जीवन निर्माण में शिक्षक के साथ विद्यालय का भी अहम रोल होता है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़ते रहना, सफलता हर कदम पर आपके साथ होगी। इस दौरान पूनम गौतम, छत्रपाल, रुचि देवी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

सड़क पार कर रहे बंदर को डंपर ने कुचला

मसवासी, अमृत विचार : सोमवार की सुबह सुल्तानपुर पट्टी मुख्य मार्ग पर स्टेट बैंक के सामने सड़क पार कर रहे बंदर को सामने से तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। हादसे में बंदर की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद तमाम बंदर मौके पर एकत्र हो गए। इस दौरान काफी समय तक मृत बंदर मुख्य मार्ग के बीच ही पड़ा रहा। काफी समय बाद लाठी डंडों के साथ आए लोगों ने बंदरों को वहां से हटाया। इसके बाद मुख्य मार्ग पर पड़े बंदर को किनारे किया गया। इस दौरान बंदरों का झुंड इकट्ठा हो जाने के कारण कई लोगों को अपना मार्ग भी बदलना पड़ा।

पंखेवालान में मामूली बात को लेकर दो लोग भिड़े

रामपुर, अमृत विचार : गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला पंखेवालान में मामूली बात को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष ने फायरिंग कर दी। सूचना के बाद पुलिस आ गई। गंज इंस्पेक्टर संजीव कुमार का कहना है कि 10 साल का बालक अपने चाचा के यहां रह रहा है। राजद्वारा निवासी उसका मामा उसे लेने आया था। उसने जाने से मना कर दिया। बस इसी बात को लेकर मारपीट हो गई। शिकायत के आधार पर तीन लोगों पर एनसीआर दर्ज कर ली है।

त्योहार नजदीक आते ही दिखा महंगाई का असर

जनपद में मनमाने दामों पर बिक रहे फल-सब्जियां, दोगुने हो गए ड्राई फ्रूट के दाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रमजान और ईद का त्योहार मनाने में महंगाई आड़े आ रही है। बाजार में फल, सब्जी, खाद्यान्न समेत घी, तेल सब कुछ महंगा है। फुटकर विक्रेता मंडी से दोगुनी से भी अधिक कीमतों पर फल एवं सब्जी की बिक्री कर रहे हैं। कुछ ड्राई फ्रूट्स के दाम देखते ही देखते दोगुने हो गए। लेकिन, आसमान छूती महंगाई से प्रशासन बेखबर है।

त्योहारों पर फल और ड्राई फ्रूटस के दाम आसमान छू रहे हैं। रमजान में इफ्तार में फलों का ही सर्वाधिक इस्तेमाल किया जाता है। फलों के दाम आसमान छू रहे हैं। महंगाई ने मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। फल विक्रेताओं का कहना है कि सेब के दाम इसलिए बढ़े हैं क्योंकि कश्मीर से माल बहुत कम आ रहा है। गर्मी के कारण फल खराब होने की वजह से भी मंडी में फलों की आवक कम है। इसीलिए केला, आम, अंगूर, अनार, तरबूज, खरबूजा, खजूर, संतरा, किन्नू सब कुछ महंगा है। सब्जियों में आलू, प्याज, लहसुन, अदरक, लौकी, भिंडी, कटहल, नीबू, हरी मिर्च, पालक सब कुछ दोगुनी और तीन गुनी कीमतों पर बेचा जा रहा है। हालांकि सब्जी मंडी में इन सब्जियों के दाम इतने नहीं हैं। मगर बिचौलियों के कारण रसोई तक पहुंचते-पहुंचते इनकी कीमत दोगुनी से भी ज्यादा हो जाती है। बढ़ी महंगाई से लोगों की हालत खराब है।

शाहबाद गेट पर ठेले पर सजे फल। ● अमृत विचार

ईद पर फल-सब्जियों के दाम न बढ़ाने की अपील

फल एवं सब्जी मंडी एसोसिएशन के महामंत्री एम आमिर खां आढ़ती ने बाजार में खुदरा सब्जी व फल विक्रेताओं से अपील की है कि ईद के त्योहार पर लोगों की मजबूरी का फायदा न उठाएं। फलों और सब्जियों पर मुनाफा दोगुना और तीन गुना न वसूलें। ईद के मौके पर फल और सब्जी की दोगुनी और तीन गुनी कीमतें वसूलना अच्छा नहीं है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लिए मुश्किलें हो जाएंगी।

बाजार में दामों पर नियंत्रण लगाने के लिए जरुरी है कि दुकानदार दुकानों पर रेट लिस्ट अवश्य लगाएं। इसके अलावा दामों पर अंकुश लगाने के लिए टीमें लगाई जाएंगी। खुदरा बाजार में कीमतों को बढ़ने नहीं दिया जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ बाजार अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई होगी।

–हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व

बाजार पर प्रशासन का नहीं है अंकुश

पूरा रमजान बीत गया और अब ईद पर बाजार में कीमतें आसमान छू रही हैं। जबकि मंडी में कीमतें बहुत कम हैं। मंडी में अच्छी प्याज 11 से 13 रुपये किलो है। जबकि खुले बाजार में 25 से 30 रुपये किलो बेची जा रही है। आठ से 10 रुपये किलो का आलू 20 रुपये और 50 से 60 रुपये वाला अंगूर बाजार में 80 और 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। अस्सी रुपये किलो वाला सेब 150 रुपये किलो बेच रहे हैं। प्रशासन खुले बाजार में महंगाई पर अंकुश लगाने में नाकाम है। इसके चलते जिसके जो मन में आ रहा है उसी भाव सामान बेच रहा है।

सोमवार को बाजार में फलों के भाव

फल	भाव प्रति किलो
अंगूर	60 से 100 रुपये
सेब	80 से 150 रुपये
संतरा	50 से 60 रुपये
तरबूज	20 से 25 रुपये
खरबूजा	30 से 40 रुपये
अनार	80 से 100 रुपये
खजूर ईरानी	100 से 800 रुपये

ईद पर बाजार भाव

वस्तु	भाव प्रति किलो
मखाना	800 रुपये
बादाम गिरी	700 रुपये
काजू	800 रुपये
किशमिश	300 रुपये
छुआरा	200 रुपये
नारियल	120 रुपये
अखरोट	600 रुपये
सिवईं	50 रुपये
चीनी	42 रुपये

कुरआन की तिलावत से बरसती है रहमत

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : नगर स्थित गौसिया मस्जिद में 21वीं तराहवी में कुरान मजीद मुकम्मल हो गया। मौलाना मुराद रजा इस्हाकी ने खिताब फरमाते हुए कहा कि हमें रमजान में पाबंदी से रोजा रखना चाहिए। माहे रमजान में अल्लाह की रहमत बरसती है।

मस्जिद में हुए जलसे को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि अल्लाह ने मुसलमानों को रमजान के पूरे महीने रोजे रखने का हुक्म दिया है। जो भी बगैर किसी मजबूरी के जान-बूझकर एक रोजा भी छोड़ दे वह सख्त गुनाहगार होगा। अल्लाह ने रमजान के महीने में कुरआन मजीद नाजिल किया है। दुनिया की सारी किताबों में कुरआन मजीद अफजल है। रमजान में कुरआन की तिलावत करने से अल्लाह की रहमत बरसती है। इस महीने में मिस्कीन, पड़ोसी, गरीबों व रिश्तेदारों की भरपूर मदद करनी चाहिए। यही खुदा का पैगाम है। रोजेदार किसी का दिल न दुखाएं। इस दौरान गुलफ राजा खां, मोहम्मद अबरार रजा, कदीर राना, इंतजार हुसैन, मोहम्मद परवेज, मुजफ्फर अली, जैनुअल बशर, हम्माद बशर आदि मौजूद रहे।

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मौजूद हाफिज और सामां। ● अमृत विचार

▸▸ गौसिया मस्जिद में 21वीं तराहवी पर कुरआन मजीद मुकम्मल

रमजान में अल्लाह कुबूल करता है बंदे की दुआ

रामपुर, अमृत विचार : बिलासपुर गेट स्थित मदीना मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। इस मौके पर अब्दुल रहमान ने कहा कि यह महीना बहुत ही बरकतों का है। इसमें अल्लाह हर बंदे की दुआ कुबूल करता है। हर मुसलमान को पांच वक्त की नमाज अदा करना चाहिए।

मदीना मस्जिद में 20 तरावीह को कुरआन मुकम्मल हुआ। अहमद शाह ने कुरआन सुनाया। सामां के फराइज अब्दुल रहमान ने अदा किए। इसके बाद जलसे का आगाज किया गया। इसे खिताब फरमाते हुए अब्दुल रहमान ने कहा कहा कि जो बंदा नमाज तरावीह अदा करके जो दुआ मांगता है अल्लाह उसकी मुरादें पूरी करता है। कुरआन मुकम्मल होने पर एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। अंत में लोगों ने हाफिजों की गुलपोशी की। इसके बाद मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ कराई।

विदाई समारोह में मौजूद बच्चे एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

कक्षा पांच उत्तीर्ण कर चुके बच्चों का हुआ विदाई समारोह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: नए सत्र के पहले दिन प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में स्टाफ ने छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके बाद एक्सचेंज ऑफ बुक्स कराया गया।

इसके बाद आंगनबाड़ी में छह वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके बच्चों का विद्यालय में नामांकन किया गया। नवीन नामांकित बच्चों का भी तिलक लगाकर व उपहार देकर स्वागत किया गया। मध्याह्न भोजन वितरण के पश्चात कक्षा पांच उत्तीर्ण कर चुके बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा पांच उत्तीर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को उपहार दिए गए। इस अवसर पर बच्चों ने कई गीतों पर प्रस्तुति भी दी। प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शिक्षक रिचा देवी, हुमा, विक्रम आदि मौजूद रहे।

सीमाओं पर उड़नदस्ता टीम ने की वाहनों की चेकिंग

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उड़नदस्ता टीम ने जनपद से लगी सीमाओं पर जगह-जगह वाहनों को खंगाला। हालांकि वाहनों से कोई अपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। इस दौरान वाहन स्वामियों में खलबली मची रही।

पुलिस-प्रशासन ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। बूथों का निरीक्षण करने के साथ ही साफ-सफाई और बिजली, पानी आदि का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। वहीं गड़बड़ी की आशंका के चलते पुलिस असमाजिक व शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

चुनाव को शांति पूर्ण ढंग से निपटाने के लिए सोमवार को उड़नदस्ता टीम के प्रभारी शिवशंकर ने यूपी व उत्तराखंड बार्डर स्थित गांव शिकारपुर एवं स्वार केलाखेड़ा मार्ग स्थित सीमा पर दो व चार पहिया वाहनों की चेकिंग की। लेकिन वाहनों मे कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

वाहनों की चेकिंग कराते उड़नदस्ता टीम के प्रभारी शिवशंकर। ● अमृत विचार

गुनाहों के लिए दिल की बेजारी से करें तौबा : राशिद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगाह में सोमवार की रात को तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल हो गया। दरगाह में हाफिज जावेद जमाली ने दो पारे रोजाना सुनाए। सामां के फराइज हाफिज इमरान साहब और कारी राशिद साहब ने अदा किए। इस मौके पर हाफिज शाह जमालुल्लाह मस्जिद के इमाम मौलाना कारी राशिद साहब ने कहा कि इस महीने में अपने गुनाहों के लिए दिल की बेजारी से तौबा करें। अल्लाह तुम पर आसानी चाहता है और तुम पर दुश्वारी नहीं चाहता।

हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगाह को कुरआन मजीद खत्म होने के मौके पर रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। सोमवार की रात 9:30 बजे दरगाह शरीफ में कुरआज मजीद मुकम्मल हुआ। इस मौके पर तकरीर में मौलाना राशिद साहब ने कहा कि नबी-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम का फरमान है कि जब माहे रमजान की पहली रात आती है तो आसमानों और जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते हैं और आखिरी रात तक बंद नहीं होते। जो बन्दा इस माहे मुबारक की किसी भी रात में नमाज पढ़ता है तो अल्लाह उस के हर सजदे के एवज नेकियां लिखता है। जो कोई माहे रमजान का पहला रोजा रखता है तो अल्लाह महीने के आखिरी दिन तक के गुनाह माफ फरमा देता है। रात और दिन में जब भी वो सजदा करता है उस के हर सजदे के एवज उसे जन्नत में एक एक दरख्त अता किया जाता है। रमजानुल मुबारक में रहमतों की बारिशें और गुनाहे सगीरा के कफ्फारे का सामान हो जाता है। गुनाहे कबीरा तौबा से माफ होते है। तौबा का तरीका यह है कि जो गुनाह हुआ उसका जिक्र करके दिल की बेजारी और आइंदा उससे बचने का अहद करके तौबा करें। मसलन झूठ बोला तो बारगाहे खुदावंदी में अर्ज करें कि या अल्लाह मैंने जो यह झूठ बोला इससे तौबा करता हूं और आइन्दा नहीं बोलूंगा। तौबा के दौरान दिल में झूठ से नफरत हो और आइन्दा नही बोलूंगा कहते वक्त दिल में यह इरादा भी हो कि जो कुछ कह रहा हूं ऐसा ही करुंगा। अगर बन्दे की हक तलफी की है तो तौबा के साथ-साथ उस बन्दे से माफ कराना भी जरूरी है।

इस मौके पर दरगाह शरीफ के सज्जादानशीं शाह फहद अहमद जमाली, शाहिद अली खां जमाली, अलहाज जफर खां जमाली, अथर जमाली, जमशेद जमाली, रेहान जमाली, अफसर खां जमाली, फरमूद जमाली, मोमिन जमाली, मोहसिन जमाली, मास्टर मसूद जमाली, जुनैद जमाली, हकीम नूरी साहब, डा. आरिफ और सैयद जीलानी समेत काफी तादाद में नमाजी मौजूद रहे।

हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगाह शरीफ में कुरआन मजीद मुकम्मल होने के मौके पर नमाजी, कारी और सामां। ● अमृत विचार

आयोजन | महासभा सात वर्ष से लगातार रोपित कर रही है पौधे

पौधारोपण कर मनाया अप्रैल कूल दिवस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सोमवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में मनोहर लोहिया पार्क ज्वाला नगर में पौधरोपण कर अप्रैल कूल दिवस मनाया गया। पर्यावरण और भारतीय संस्कृति की महत्ता को समझते हुए क्षत्रिय महासभा द्वारा सात वर्ष से लगातार पौधे लगाए जा रहे हैं।

महासभा के पदाधिकारियों ने ज्वालानगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में पौधरोपण किया। इससे यह संदेश देने का प्रयास किया कि हमारी संस्कृति अत्यंत पुरातन होने के साथ अत्यंत महत्वपूर्ण भी है। यह हमें सदैव प्रकृति के प्रति आभारी रहना सिखाती है। हमें इसे सहेज कर रखना है ताकि भविष्य में देश को विश्व गुरु का स्थान पुनः प्राप्त हो सके। विक्की चौहान ने पौधे उपलब्ध कराए।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष ओमवीर आर्य, युवा जिलाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, युवा महामंत्री राकेश सिंह, संजीव सिंह, सचिन सिंह, अजय सिंह, अरविंद सिंह, सुनेपाल सिंह, प्रदीप सिंह, अमन सिंह , रविराज सिंह, उदय सिंह, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

इस दौरान महासभा के पदाधिकारियों ने देशवासियों से अप्रैल कूल दिवस मना कर पर्यावरण एवं भारतीय संस्कृति को धन्यवाद ज्ञापित करने की अपील की।

पौधरोपण करते क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गैर-जमानती वारंट के दो आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : खजुरिया व कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के गैर-जमानती वारंटों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि खाता गांव निवासी स्वर्ण सिंह को पकड़ा गया है। वह न्यायालय में चल रहे मारपीट के एक मुकदमे में तारीखों पर हाजिर नहीं हो रहा था।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि उत्तराखंड के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले विकास सिंह उर्फ अतुल को गिरफ्तार किया गया है। अदालत में चल रहे धोखाधड़ी के एक मामले में वह कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो रहा था। न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की गई है।

कवि सम्मेलन में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

कवि सम्मेलन से किया मतदाताओं को जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मताधिकार के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विभाग को तिथि वार जागरुकता गतिविधियां करने के निर्देश दिए हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विभाग द्वारा वृद्ध आश्रम ताशका में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बुजुर्ग मतदाताओं को 19 अप्रैल को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। वृद्ध आश्रम में रहने वाले मतदाताओं ने कहा कि वह मतदान अवश्य करेंगे। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार एवं स्वीप आइकॉन तृप्ति माहौर भी मौजूद रही।

एक नजर

शिलापट में मिली खामियां दुरुस्त करने के निर्देश

अगवानपुर, अमृत विचार : लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से नगर की सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शिलापट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री एके शर्मा के साथ-साथ नगर अध्यक्ष गुलरेज खान व अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के नाम लिखे हुए हैं। लेकिन सड़क निर्माण कार्य की लागत का ब्योरा शिलापट पर नहीं लिखा गया है। इतना ही नहीं सड़क की चौड़ाई भी शिलापट पर नहीं लिखी गई है। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने ठेकेदार को एक सप्ताह में शिलापट दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

अर्द्धसैनिक बलों के साथ किया फ्लैग मार्च

मैनाठेर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मैनाठेर पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही लोगों से सद्भाव से रहने की अपील की। सोमवार को थाना प्रभारी सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ नगर पंचायत महमदपुर माफी से संभल रोड से होते हुए मुरादाबाद रोड, नगलिया मसकूल बघा मैनाठेर, डींगरपुर, रसूलपुर, ताहरपुर, नानकार, मलक फत्तेपुर, मसेवी, जटपुरा, इमरतपुर, फरीदपुर के मुख्य रास्तों पर फ्लैग मार्च किया।

पुलिस ने 1.30 लाख की नकदी बरामद की

डिलारी, अमृत विचार : सोमवार को डिलरा चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान थाना पुलिस ने आचार संहिता का उल्लंघन करने पर एक कार से 1,30,500 रुपये की नकदी बरामद की। मुरादाबाद के मोहल्ला खुशहाल नगर निवासी मनोज सिक्का अल्टो कार से चुनाव में खर्च करने को 1,30,500 रुपये लेकर जा रहा था। सेक्टर मजिस्ट्रेट व थाना डिलारी पुलिस ने नकदी बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

विकास भवन में मनरेगा लोकपाल की हुई नियुक्ति

मुरादाबाद, अमृत विचार : आयुक्त ग्राम्य विकास ने बुद्धि विहार निवासी महेश चंद को विगत 16 मार्च को मनरेगा लोकपाल के पद पर नियुक्त किया है। वह मनरेगा से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण करेंगे। विकास भवन स्थित जिला ग्राम्य विकास अभिकरण में महेश चंद की मनरेगा लोकपाल के पद पर नियुक्ति की गई है।

जनपद में अभी भी जमा नहीं हो पाए 5933 शस्त्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को डाले जाएंगे वोट, जिले में हैं 18727 शस्त्र लाइसेंस**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की दृष्टि से इन दिनों पुलिस जिले में जारी शस्त्र लाइसेंसों को जमा कराने में जुटी है। अब तक कुल 12,794 शस्त्र लाइसेंस जमा भी कराए जा चुके हैं। वैसे जिले में कुल 18,727 शस्त्रों के लाइसेंस हैं। जिन्हें जमा कराया जा रहा है। कुल शस्त्रों में से अभी भी 5,933 शस्त्र जमा कराया जाना बाकी है। इन शस्त्रों के जमा कराने के लिए पुलिस संबंधित लाइसेंस धारकों को लगातार संपर्क कर रही है।

नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि शस्त्र जमा होने में उन लोगों के शस्त्र को जमा करने से छूट दी जा रही है जिन्हें वाकई इनकी जरूरत है। इसके लिए संबंधित के आवेदन की जांच करने के लिए टीम बनी है, जो विभिन्न संबंधित बिंदुओं की जांच में संतुष्ट होने और आवेदनकर्ता की तरफ शस्त्र की जताई गई आवश्यकता उचित मिलने पर ही उसे शस्त्र जमा न करने से छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से अब तक 38 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त भी कराए गए हैं। इनके अलावा कुछ और लोगों को भी चिह्नित किया गया है, जिनके शस्त्र निरस्त कराने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि यदि शस्त्र धारक की मृत्यु हो गई है और संबंधित शस्त्र को जमा नहीं किया गया है अथवा शस्त्र धारक ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है। इन परिस्थितियों में संबंधित के शस्त्र निरस्त करने के लिए रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को भेजी जा रही है।

वाहनों के अधिग्रहण से प्रभावित रहेंगे कॉलेज

मुरादाबाद, अमृत विचार : 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रशासन के सामने वाहनों के अधिग्रहण की चुनौती है। 1000 से अधिक छोटे-बड़े वाहन मतदान में लगेंगे।

अभी फिलहाल छोटे वाहनों को अधिग्रहीत कर सचल दल, प्रेक्षकों व स्टेटिक टीम को दिया गया है। अब मतदान के लिए सरकारी व निजी बसों के अलावा स्कूल-कॉलेजों में संचालित बसों, वैन को भी प्रशासन ने अपनी सूची में शामिल किया है। स्कूली वाहनों का अधिग्रहण कर उन्हें 17 अप्रैल से ही मतदान कार्य के लिए ले लिया जाएगा। 17 से लेकर 19 तक इन वाहनों के प्रयोग होने से छात्र-छात्राओं को लाने ले जाने का संकट खड़ा होगा। वाहन व्यवस्था के प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि बड़े वाहनों में सरकारी बस, कॉलेज, स्कूलों के बस, वैन आदि भी अधिग्रहीत करने के लिए नोटिस भेज दिए गए हैं।

मतदान करने के लिए राशन की दुकानों व पेट्रोल पंपों पर लगाए पोस्टर, स्टीकर

चुनाव का पर्व, देश का गर्व संदेश से कर रहे जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **पहले चरण में मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को होना है मतदान**

अमृत विचार : मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत पूर्ति विभाग की ओर से पेट्रोल पंपों, सरकारी राशन की दुकानों, गैस एजेंसियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चुनाव का पर्व, देश का गर्व संदेश के माध्यम से लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए 19 अप्रैल को घर से निकलकर बूथ पर पहुंचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

लोकतंत्र में दें योगदान, 19 अप्रैल को करें मतदान, चुनाव का पर्व, देश का गर्व आदि संदेशों के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की पहल कराई जा रही है। इसमें पूर्ति विभाग भी जुटा है। जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत संचालित सभी राशन की दुकानों, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों पर लोगों को पहले चरण में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सभी पेट्रोल पंपों पर इससे संबंधित स्टीकर व पोस्टर लगाए गए हैं। वहां पर आने वाले ग्राहकों को भी पहले मतदान, फिर जलपान, चुनाव का पर्व, देश का गर्व आदि के जरिए शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडरों पर भी लोकतंत्र में दें योगदान, 19 अप्रैल को करें मतदान का स्टीकर चिपका कर घरों में भेजा जा रहा है। वहीं गैस आपूर्ति करने वाले वाहनों पर भी स्टीकर लगाए गए हैं। साथ ही पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल, डीजल भराने आने वाले वाहनों पर भी स्टीकर लगाकर उनसे मतदान करने की अपील कर्मचारी कर रहे हैं।

राशन की दुकान पर लगा पोस्टर।

पेट्रोल पंप पर लगा पोस्टर।

जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए विभाग की ओर से गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप, राशन की दुकानों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सभी से अपील है कि अपने बहुमूल्य मत का सदुपयोग मतदान कर करें। जिससे लोकतंत्र को और मजबूत किया जा सके।

मतदाताओं की शिकायतों का करें निस्तारण

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में एमसीएमसी सेंटर का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने सोमवार को डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर निर्वाचन कार्यालय और एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति) सेंटर का कलेक्ट्रेट में औचक निरीक्षण किया। उन्होंने टोल फ्री नंबर पर आ रही शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ता इमरान, कुलदीप, गायत्री से बात कर टोल फ्री नम्बर 1950 पर आई शिकायतों के निस्तारण का भौतिक सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को डीसीसी सेंटर, राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्वयं मॉनीटरिंग कर शिकायतों का 100 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कहा कि शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण न होने पर कार्रवाई होगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

19 अप्रैल को सभी करें मतदान

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत एसी ब्रदर्स कंपनी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उन्होंने मतदाताओं को 19 अप्रैल को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि मतदान पर्व के दिन 19 अप्रैल को सभी को अवश्य मतदान करना है। उन्होंने सभी कर्मियों को जिम्मेदारी दी कि एकजुटता के साथ स्वयं व अपने परिवार और आसपास के सभी जनसामान्य को बूथ पर ले जाकर मतदान कराएं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

सीओ ने शांति समिति की बैठक में दिए निर्देश

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांठ रोड स्थित एक इंटर कालेज में सीओ सिविल लाइन ने स्थानीय लोगों के साथ लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की। जिसमें लोगों से शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की गई। वहीं आने वाले त्योहार ईद व नवरात्रों पर भी आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। लोकसभा चुनाव को लेकर हिमगिरि कॉलोनी स्थित इंटर कॉलेज में एक पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में आए क्षेत्रवासियों और सम्मानित व्यक्तियों से सीओ सिविल लाइन ने 19 अप्रैल होने वाले लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की। इस मौके पर हरथला चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार और चौकी के दारोगा व सिपाही भी मौजूद रहे। इनके अलावा नईम रजा आदि मौजूद रहे।

कंजरी सराय में मकान के दूसरे तल पर लगी आग

मुरादाबाद, अमृत विचार : कोतवाली नगर क्षेत्र के कंजरी सराय में सोमवार दोपहर बाद मकान के दूसरे तल पर आग लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया था।

बचाव कार्य में लगे कर्मियों ने बताया कि मकान जिंदल पुत्र कुंदन का है। उधर, हरनदेई पत्नी राजेश का कहना है कि उसने एक-डेढ़ साल पहले मकान मालिक को 2.50 लाख रुपये उधार दिए थे। उसकी परिस्थिति काफी खराब थी। उधार वाले रुपये से वह ई-रिक्शा खरीद कर लाया था, उसे भी उसने बेच दिया। हरनदेई ने बताया कि मकान मालिक उसके उधार वाले रुपये नहीं लौटा रहा था तो उसने उसके मकान के दूसरे तल पर अपनी मूंज रखकर कब्जा कर लिया था। वह मूंज की रस्सी बनाकर बेचने का काम करती है। महिला ने आरोप लगाया कि मकान के दूसरे तल पर उसकी करीब दो लाख रुपये से खरीदी मूंज रखी थी, जिसे मकान मालिक ने ही जला दिया है।

7.45 लाख की नकदी पकड़ी बैरियर पर रही कड़ी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर बनाए गए बैरियर और उन पर कड़ी निगरानी से पुलिस टीमों को बड़ी सफलता मिली है। पिछले दिनों से लेकर अब तक इन टीमों ने कुल 7.45 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। यह वह नगदी है, जिसके संबंध में संबंधित लोग पुलिस टीमों को साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं। इस धनराशि को जिला कोषागार में सुरक्षित किया गया है।

बताया जा रहा है कि यदि समय रहते संबंधित लोग बरामद धनराशि के विषय में साक्ष्य उपलब्ध करा देंगे तो उन्हें उनकी रकम वापस कर दी जाएगी। नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले में 19 एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) और इतनी ही एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) बनाई गई हैं। यह सभी टीमें जिले के बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए यूपी-उत्तराखंड राज्य के बॉर्डर पर अंतरराज्यीय और मुरादाबाद जिले से सटे जिलों की सीमा पर कुल 55 बैरियर बनाए हैं। ये बैरियर सीसीटीवी कैमरे से लैस हैं।

31.47 लाख की कच्ची शराब बरामद

नोडल अधिकारी ने बताया कि एसएसटी एवं एफएसटी टीमों और थाना पुलिस की सक्रियता के कारण इधर दो-ढाई महीने में 749 लोगों से कुल 12,352 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की जा चुकी है। इसकी कुल कीमत करीब 31.47 लाख रुपये है। इसी तरह 56 लीटर अंग्रेजी शराब भी बरामद की गई है। इसकी कीमत लगभग 15,000 रुपये है। इसके अलावा अन्य मादक पदार्थों में 15 किग्रा गांजा, 11 किग्रा चरस, 28 किग्रा डोडा और 15 किग्रा अन्य मादक पदार्थ की बरामदगी की गई है। यह मादक पदार्थ कुल 104 लोगों से बरामद किया गया है। जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई भी की गई है।

पत्नी के साथ मिलकर दोस्त की हत्या करने के आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **बेइज्जती का बदला लेने को दोस्त ने पत्नी के साथ मिलकर की थी कार चालक की हत्या**

अमृत विचार : कार चालक गौरव सिंह की हत्या करने के आरोपी उसके दोस्त अमित कुमार उर्फ बॉबी व इसकी पत्नी समेत तीन के विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की है। इसमें बॉबी के साथ ही उसकी पत्नी कुसुमलता व एक अन्य सोनू उर्फ जयवीर पर भी गैंगस्टर लगा है। आरोप है कि इन लोगों ने हत्या करने के बाद ई-रिक्शा चालक की मदद से गौरव के शव को लोकोशेड पुल के पास झाड़ियों में फेंका था।

मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि वर्तमान में तीनों आरोपी अमित कुमार उर्फ बॉबी, कुसुमलता और सोनू उर्फ जयवीर जिला कारागार में निरुद्ध हैं। इन लोगों ने संगठित गिरोह बना रखा है। इनका गैंग लीडर अमित कुमार उर्फ बॉबी है। ये लोग आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए षडयंत्र कर हत्या जैसी संगीन घटनाएं करते हैं।

थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के संबंध में दर्ज एफआईआर में विवेचना उपरांत साक्ष्य संकलन के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इन तीनों अभियुक्तों का जन सामान्य में भय व आतंक व्याप्त हो गया, स्थिति ये है कि इनके विरुद्ध कोई गवाही देने तक को तैयार नहीं हो रहा है। ऐसे में इन तीनों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई किया जाना आवश्यक हो गया था।

यह था मामला

थानाध्यक्ष ने बताया कि गौरव सिंह (32) मूलरूप से बदायूं जिले के फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव का निवासी था। वह महानगर में दिल्ली रोड स्थित कार शोरूम के मालिक चिंतन जैन की गाड़ी चलाता था। वह पत्नी और बच्चों के साथ कटघर के गोविंद नगर में किराये के मकान में रहता था। 31 अगस्त को रक्षाबंधन पर पत्नी बच्चों को लेकर मायके गई थी। अगली सुबह गौरव सिंह का शव लोकोशेड मोक्षधाम के पास झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम में गला घोटकर हत्या करने की पुष्टि हुई थी। साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने लाइन पार गायत्री नगर निवासी कार चालक अमित कुमार उर्फ बॉबी को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। बॉबी मूलरूप से संभल जिले के बनियाठेर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बाबई का रहने वाला है। पूछताछ में बॉबी ने गौरव से उसकी दोस्ती और घटना की बात स्वीकारी थी। गौरव की हत्या में बॉबी की पत्नी कुसुमलता ने भी मदद की थी। शव को ठिकाने लगाने में हनुमान नगर निवासी ई-रिक्शा चालक जयवीर उर्फ सोनू ने मदद की थी।

प्रतिभाशाली छात्रों को मिला स्वर्ण पदक

मुरादाबाद, अमृत विचार : सोमवार को एसएस चिल्ड्रन एकेडमी कांठ रोड में सुबह 8 बजे से कक्षा 2 से 9 व 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. बबीता अग्रवाल ने विद्यालय निदेशक सुनील अग्रवाल, प्रबंधक डॉ. अनिल अग्रवाल, निदेशक अपूर्व अग्रवाल व उपप्रधानाचार्य सुप्रिया अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से माता सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। इस अवसर पर दिए अपने संबोधन में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सर्वप्रथम सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं आगामी सत्र के लिए नियमित रूप से विद्यालय में मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को क्रमशः स्वर्ण पदक, रजत पदक तथा कांस्य पदक देकर एवं शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। रिजल्ट अनाउंसमेंट सेरेमनी का संचालन विद्यालय प्रवक्ता डॉ. प्रशांत कुमार ने किया।

क्षेत्र का चतुर्दिक विकास कराने वाला हो सांसद

ऐसा हो हमारा सांसद...

संवाददाता, पाकबड़ा

▸▸ **जनता की आवाज को संसद में पुरजोर तरीके से उठाने वाला होना चाहिए जनप्रतिनिधि**

अमृत विचार : लोकतंत्र का महापर्व शुरू हो चुका है। लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।12 उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं। इन्हीं में से मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। क्षेत्रवासियों का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करा सके।

मतदाताओं का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा हो जो परेशानी में जनता के बीच खड़ा रहे। लोगों के सुख-दुख में शामिल हो। जो भी जनता की समस्याएं हों वह उनका समय से निस्तारण कराने में सक्षम हो। ऐसा ना हो की सांसद बनने के बाद वह जनता के हाथ ही ना आए। जनता की उम्मीदों पर हमेशा खरा उतर सके। जो भी सड़कें खराब पड़ी है उनको जल्द से जल्द ठीक कराए। जो भी विकास कार्य हों वह धरातल पर दिखाई देने चाहिए। क्षेत्र की समस्याओं को संसद में उठा सके और उनका निराकरण करा सके। बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का विकास करे। ना कि जाति और धर्म के आधार पर। नगर की सड़के भी क्षतिग्रस्त हैं। सांसद ऐसा होना चाहिए जो जाति और धर्म के आधार पर नहीं बल्कि जरूरत के हिसाब से सड़कों का निर्माण कराए। आज के समय में स्वास्थ्य और शिक्षा आम जन की सबसे बड़ी समस्या है। शिक्षा के नाम पर जो निजी स्कूलों की मनमानी चल रही है। स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए। फीस को लेकर स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं। जिस कारण बहुत से बच्चे अच्छे स्कूलों में नहीं पढ़ पा रहे हैं। इस पर विचार करने वाला हमारा सांसद हो।

"हमारा सांसद ईमानदार होना चाहिए। क्योंकि जब वह ईमानदार होगा तो भ्रष्टाचार की ओर ध्यान नहीं देगा। नहीं तो विकास के नाम पर भ्रष्टाचार ही बढ़ेगा। सांसद ऐसा हो लोगों की समस्याओं का समय से निदान करें। अपने वादों पर खरा उतरे। जनता के विकास की ओर ध्यान दें न कि अपने विकास की सोचे।"

-असलम, पाकबड़ा

"जनप्रतिनिधि ऐसा हो जो किसी भी धर्म से आता हो। लेकिन, धर्म और जातियों के नाम पर आपस में लोगों को न बांटे। सभी के साथ मिलकर रहे। जाति-धर्म से ऊपर उठकर विकास कार्य कराने वाला जनप्रतिनिधि होना चाहिए। सभी धर्म और जाति के लोगों की समस्याओं को सुनने वाला सांसद होना चाहिए।"

-जीशान, शनिवार का बाजार पाकबड़ा

"हमारा सांसद ऐसा हो जो आज के समय में स्कूलों की मनमानी चल रही है। उस पर अंकुश लगा सके। सरकारी स्कूलों का शिक्षा का स्तर खराब है। जिसकी वजह से प्राइवेट स्कूलों की मनमानी चल रही है। अगर हमारे सरकारी स्कूलों की दशा सुधर जाए तो प्राइवेट स्कूलों की मनमानी नहीं चल पाएगी।"

-अंकित गुप्ता, कैलसा रोड, पाकबड़ा

"सांसद ऐसा हो जो भी सरकारी योजनाएं हों वह आम जनता तक पहुंचें। ऐसा न हो कि उन योजनाओं का लाभ सिर्फ सांसद के करीबी ही उठाएं। क्योंकि जीतने के बाद वह सभी का सांसद होता है। चाहे कोई वोट दे या ना दे। सभी को बराबर सम्मान मिलना चाहिए। सभी को योजनाओं का लाभ बराबर मिलना चाहिए।"

-राजकुमार सिंह, पाकबड़ा

पुलिस की सख्ती | चुनाव में खलल डालने वालों को चिह्नित कर बड़ी संख्या में चालान कर रही पुलिस

पुलिस ने 49,824 अपराधियों के चालान किए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **पुलिस चिह्नित अपराधियों को अगले एक सप्ताह में पाबंद करेगी, जेल से छूटे अपराधियों पर भी नजर**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से पुलिस अपराधियों पर अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। अब तक 49,824 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चालान की कार्रवाई की है। यही नहीं, 27,000 से अधिक लोगों को पाबंद कर दिया है। चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकते हैं, ऐसे लोगों को पुलिस तलाश कर न सिर्फ उन्हें कार्रवाई की हिदायत दे रही है, बल्कि निजी मुचलका पर पाबंद भी किया जा रहा है।

एसपी क्राइम/नोडल अधिकारी (चुनाव) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले की पुलिस ने अब तक 49,824 लोगों का सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) की धारा 107/16 में चालान कर चुकी है। इन सभी को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। इन्हें कम से कम दो लाख या इससे अधिक धनराशि के तहत पाबंद किया जा रहा है। चालानी और पाबंद की कार्रवाई में 234 वह अपराधी भी शामिल किए गए हैं, जिनके विरुद्ध पूर्व में गुंडा अधिनियम की कार्रवाई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक चालानी व पाबंदी की कार्रवाई में उन सभी आरोपियों को शामिल किया गया है जो हिस्ट्रीशीटर, गोकश, संपत्ति संबंधी अपराध से जुड़े हैं या फिर अन्य अपराधों से जुड़े हैं। एसपी क्राइम ने बताया कि चालानी व पाबंद की कार्रवाई उन पर भी की जा रही है जो पिछले तीन वर्षों में जेल से छूटकर बाहर आए हैं और वह अपराध में सक्रिय है अथवा झगड़ा-फसाद करने में सक्रिय रहते हैं। ऐसे लोगों की संख्या करीब 7300 है। इनके विरुद्ध भी कार्रवाई के लिए पुलिस के चुनाव कार्यालय से उनका विवरण संबंधित थानों में भेज दिया गया है। इनमें कुछ ऐसे भी अपराधी हैं, जो जेल से रिहा होने के बाद भी अपराध में सक्रिय हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध पुलिस गुंडा अधिनियम में भी कार्रवाई की गई है। इनमें जेल से बाहर आए अपराधियों में वह लोग जो रंगदारी, डकैती, गृहभेदन आदि मामलों में लिप्त रहे हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए विवरण थानों पर भेजा है।

लापता 160 हिस्ट्रीशीटरों को खोज रही पुलिस

एसपी क्राइम ने बताया कि जिले में 1877 हिस्ट्रीशीटर हैं। इनमें से 160 लापता हैं, जिन्हें पुलिस खोज रही है। इन सभी हिस्ट्रीशीटरों में जो अभी भी अपराध में सक्रिय हैं, उनके विरुद्ध गुंडा अधिनियम में भी कार्रवाई की जा रही है।

मेधावी छात्राओं को किया पुरस्कृत

मुरादाबाद, अमृत विचार : एसएस चिल्ड्रन एकेडमी गर्ल्स स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. मृदुल अग्रवाल के ने वार्षिक परीक्षाफल का परिणाम प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नर्सरी से लेकर कक्षा 9 व 11वीं तक के परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं को पुरस्कार एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राएं नित नई ऊंचाइयों को छूने का प्रयास करें। विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति प्राप्त करने वाली पांच छात्राओं को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन बीना व नजर फातिमा ने किया। इस मौके सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बंद कर नई पेंशन लागू करने के विरोध में जिला अस्पताल के अटेवा (ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाया। साथ ही कर्मचारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और अस्पताल परिसर में सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

सोमवार दोपहर को अटेवा पेंशन बचाओ मंच के पदाधिकारी व सदस्य जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर एकत्र हुए और नई पेंशन योजना (एनपीएस) के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री हेमंत चौधरी ने बताया कि अटेवा ने 1 अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक मांगे पूरी नहीं करती अटेवा काला दिवस मनाता रहेगा। 1 अप्रैल को सभी शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारियों ने कार्य स्थलों पर अपनी बाजू पर काली पट्टी बांध कर इस काले कानून का विरोध किया और पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने बताया कि अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के साथ मिलकर पुरानी पेंशन के मुद्दे पर निरंतर संघर्षरत है। पुरानी पेंशन बहाल होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

जिला अस्पताल में नारेबाजी करते अटेवा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ **अटेवा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध**

एक नजर

तमंचा के साथ जीहल का ग्रामीण गिरफ्तार

सैदनगली, अमृत विचार : पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से तमंचा मिला है। सैदनगली थाने की पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी मुस्तफा निवासी जीहल को एक तमंचा के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनामी पकड़ा

रहरा, अमृत विचार : पुलिस ने नाबालिग को भगा कर ले जाने वाले के मामले में 25000 रुपये के इनामी वांछित आरोपी नीरज निवासी ग्राम बेरा थाना स्याना जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया। 13 मार्च 2024 को नीरज एक नाबालिग को भगा कर ले गया था। इसके संबंध में थाना रहरा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम घोषित किया था। सोमवार को उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र राठी व पुलिस टीम ने आरोपी को पकड़ लिया।

अय्यूब को मिली लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी

हसनपुर, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने उझारी के रहने वाले

अय्यूब मलिक को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया। अय्यूब काफी समय से भाजपा में सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है, उसे ईमानदारी से निभाया जाएगा।

सड़क हादसे में दो किसान घायल, मेरठ रेफर

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव मकनपुर शुमाली निवासी चंद्रकिरन अपने दामाद अर्जुन के साथ रविवार रात गांव से दि किसान सहकारी चीनी मिल कालाखेड़ा में ट्रैक्टर-टिपलर से गन्ना लेकर जा रहा थे। अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के पास सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को सीएचसी उपचार के लिए ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत होने पर दोनों को मेरठ के लिए रेफर कर दिया।

भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई से बौखला रहा विपक्ष

भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने विपक्ष पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष चुनाव तो तब लड़ेगा, जब टिकट फाइनल करेगा। अभी तो टिकट को लेकर असमंजस की स्थिति है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में मौजूद बसपा, कांग्रेस-सपा व आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार किया है। अब इन पर कार्रवाई हो रही है तो ये लोग शोर मचा रहे हैं। भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

सोमवार को भाजपा के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के नामांकन के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उत्तर प्रदेश में सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन और पल्लवी पटेल की अपना दल (कमेरावादी) के गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि सभी को लोकतंत्र में अपने विचार के आधार पर वोट मांगने का

नामांकन पत्र देते भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर, साथ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी।

अधिकार है। पल्लवी पटेल भी एक राजनीतिक दल की नेता हैं। विधायक हैं, ओवैसी भी एक दल के नेता हैं। इस लोकतंत्र में संविधान अधिकार देता है। पश्चिमी यूपी की 17 सीटों पर ठाकुर और त्यागी बिरादरी में दिख रही नाराजगी कहा कि यह हमारे पारिवारिक विषय हैं। विपक्ष के लोगों का षड्यंत्र है।

विपक्ष का हमेशा एजेंडा रहा है कि समाज में टकराव, तनाव बना रहे। इस एजेंडे के आधार पर वे सत्ता में रहे। कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विचारधारा है। सबका साथ सबका विकास पर काम हो रहा है। विपक्षी दल द्वारा बदले जा रहे प्रत्याशियों के टिकट के सवाल पर कहा, ये लोग कंफ्यूज हैं और भ्रष्टाचारी हैं। समाजवादी पार्टी में चाचा-भतीजे में कभी सैफई वाले चाचा तो कभी रामपुर वाले चाचा में विवाद हो रहा है। ऐसी ही कांग्रेस, बसपा में स्थिति है। विपक्ष ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। कहा कि अभी ये लोग कहीं न कहीं संवैधानिक संस्थाओं, सरकारी मशीनरी और मीडिया को दोषी ठहराने का काम करेंगे।

भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन पत्र

अमरोहा, अमृत विचार : भाजपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र जमा किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। नामांकन के लिए केवल पांच लोगों को ही कलेक्ट्रेट में प्रवेश दिया गया। अमरोहा में कांग्रेस का प्रत्याशी बदलने के सवाल पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के कहा कि ये लोग कन्फ्यूज हैं। गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी रोज अपने प्रत्याशी बदल रही है। कहा कि घर परिवार में इस तरह का विरोध है तो कांग्रेस भी उससे अछूती नहीं है। कांग्रेस भी उसी दिशा में चलेगी। उत्तर प्रदेश की जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। पूरी कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश से पलायन कर चुकी है। नामांकन से पहले भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने गजरौला के राम मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वह अपना पर्चा करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र जमा किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात की। भाजपा के सांसद वरुण गांधी का टिकट काटने पर उन्होंने कहा वरुण गांधी पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। उनके बारे मे पार्टी ने अच्छा ही सोचा होगा। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी भी मौजूद रहे।

करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं कंवर सिंह तंवर

अमरोहा, अमृत विचार : भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने नामांकन के दौरान अपनी संपत्ति का लेखा-जोखा दिया है। इसमें वह करोड़ों के मालिक हैं। उनकी कुल चल-अचल संपत्ति 182 करोड़ 52 लाख 85 हजार है। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान संपत्ति से संबंधित शपथ पत्र में ब्योरा का जिक्र किया। उनके अधिवक्ता अवनीश बंसल के मुताबिक, भाजपा प्रत्याशी की चल संपत्ति 22 करोड़ 96 लख रुपये है। अचल संपत्ति 159 करोड़ 56 लाख रुपये है। उनके नाम पर एक लाइसेंस रिवाल्वर है। साथ ही उनके पास 873655 रुपये नकद व उनकी पत्नी के पास 75 हजार की नकदी है।

पैदल मार्च निकालतीं महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

पुलिस ने निकाला पैदल मार्च शांति बनाए रखने की अपील

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत के नेतृत्व में हसनपुर पुलिस व पंजाब पुलिस ने पैदल मार्च निकाला। पुलिस ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा और शांति बनाए रखने की अपील की।

कहा कि लोग बिना किसी दबाव व खौफ के मतदान करें। अराजकता करने वालों को कार्रवाई की चेतावनी दी। पैदल मार्च कोतवाली से शुरू होकर आंबेडकर पार्क, वर्मा मार्केट, इंदिरा चौक, वंश प्लाजा, लालबाग, सुखदेवी इंटर कॉलेज, मोहल्ला मानापुर सहित कई मोहल्लों से होते हुए वापस कोतवाली में संपन्न हुआ।

सीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पंजाब पुलिस के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर पैगल मार्च निकाल गया। जनता से दबाव में नहीं आकर मतदान करने की अपील की।

देसी शराब की दुकान हटाने के लिए किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : क्षेत्र में देसी शराब की दुकान शिफ्ट कराने की मांग को लेकर महिला व पुरुष धरने पर बैठ गए। दुकान के आगे करीब 6 घंटे तक धरना दिया। बाद में मौके पर पहुंचे आबकारी अधिकारी ने चुनाव के बाद समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया।

नगर के मोहल्ला कोट शहीद पूठ रोड पर देसी शराब की दुकान है। सोमवार सुबह महिलाएं व पुरुष एकत्र होकर दुकान पर पहुंचे। नारेबाजी करते हुए दुकान के आगे धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीच आबादी में शराब की दुकान से माहौल खराब हो रहा है। शराब पीने के बाद लोग राह गुजरती महिला व लड़कियों से छेड़खानी करते हैं। कहा कि शराब की दुकान शासन के नियमों के विरुद्ध है। दुकान के 500 मीटर के दायरे में कई अस्पताल, शैक्षणिक

शराब की दुकान के आगे धरना-प्रदर्शन करतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

संस्था व धर्मस्थल हैं। आरोप लगाया कि पूर्व में भी दुकान को हटाने की मांग की गई थी लेकिन, अधिकारियों ने गंभीरता नहीं दिखाई। इस दौरान धरना-प्रदर्शन की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस के समझाने पर प्रदर्शनकारी नहीं माने

▸▸ दुकान नहीं हटने पर आंदोलन की चेतावनी दी, आबकारी अधिकारी मौके पर पहुंचे

तो जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे मौके पर पहुंचे। उन्होंने समझाया कि लोकसभा चुनाव के बाद समस्या का समाधान करा दिया जाएगा। समझाने के बाद प्रदर्शनकारी दुकान के आगे से हट गए। धरना-प्रदर्शन के दौरान फरजाना, बबीता, शीतल, संतोष, वंदना देवी, राजवती, कोमल, राखी, अनीता, शराफत, फातिमा, क्रांति आदि मौजूद रहे।

संचारी रोग नियंत्रण का दिया संदेश

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : संचारी रोग पर नियंत्रण के लिए सोमवार से स्वास्थ्य विभाग ने अभियान शुरू कर दिया। इस रोग के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए सीएचसी से जागरूकता रैली निकाली गई।

इसे सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के मुख्य मार्गों पर होते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। इसके अंतर्गत लोगों को मच्छरों एवं संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी जाएगी। मच्छरों से बचाव के लिए लोगों को दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवाने, मच्छरदानी का नियमित प्रयोग करने, अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने देने, पानी की टंकी पूरी तरह से ढककर रखने, घर और कार्यस्थल के आसपास पानी इकट्ठा

रैली में शामिल स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

रैली

▸▸ सीएचसी से निकाली गई जागरूकता रैली, मच्छरों से बचाव के बताए उपाय

न होने देने, कूलर व गमलों को सप्ताह में खाली कर सुखाने आदि को लेकर जागरूक किया जाएगा।

संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नालियों में जलभराव रोकने, खाने से पहले साबुन से हाथ धोने, खुले में शौच न करने और नियमित शौचालय का प्रयोग करने, कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखने व बच्चों को जापानी इंसेफेलाइटिस के दोनों टीके लगवाने के प्रति सजग किया जाएगा। फागिंग वैन को भी रवाना किया जो मच्छरों से निजात के लिए फागिंग करेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

शोभायात्रा में शमिल झांकी। ● अमृत विचार

धूमधाम से निकाली गई मां काली की शोभायात्रा

संवाददाता, मुबारिजपुर

अमृत विचार : विकास खंड गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव मुबारिजपुर में सोमवार को मां काली की शोभायात्रा हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का गांव में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

बताया गया कि होली के एक सप्ताह बाद मां काली का ध्वजा मेला लगता है। चामुंडा मंदिर में विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की गई। यज्ञ में आहुतियां देने के बाद मां काली की शोभायात्रा का आरंभ चामुंडा मंदिर से किया। कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। थाना प्रभारी राजीव कुमार व पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया। इस दौरान आयोजक मंडल में कालीचरन भगत, खेमचन्द भगत व समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

दहेज मांगने के मामले में कई लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : दो लाख रुपये की नकदी व कार की मांग पूरी न होने पर पति और ससुराल वालों के खिलाफ महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बताया गया कि 21 मई को हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव की एक युवती की शादी नगर के मोहल्ला निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी में मायके वालों ने करीब 7 लाख खर्च किए थे। आरोप है कि महिला के पति व जेठ, जिठानी ने दहेज में दो लाख रुपये नकद व कार की मांग की। मांग पूरी न करने पर महिला को प्रताड़ित किया।

मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। आरोप है कि सेना में कार्यरत जेठ ने भी महिला के साथ छेड़खानी की। इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि एसपी के आदेश पर पति, जेठ व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पतेई खालसा में मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह।

पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच सोमवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने डिडौली क्षेत्र में कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था देखी।

गांव पतई खालसा व चौधरपुर में पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज जांची। कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आवागमन वाले मार्गों के बारे में पूछताछ की। मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा।

तैयारियों की समीक्षा के बाद थाना और मतदान केंद्रों में देखीं व्यवस्थाएं

अमरोहा, अमृत विचार : एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने थाना नौगांवा सादात का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला हेल्प डेस्क, कार्यालय अभिलेख, जी-10 व बीट डायरेक्टरी, मैस, चुनाव संबंधित रजिस्टर चेक किए। एसपी ने पुलिसकर्मियों को सकुशल लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के निर्देश दिए।

सोमवर शाम को एसपी थाना नौगांवा सादात पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सफाई व भोजन की गुणवता को परखा। पुलिस अधीक्षक ने शराब, खनन, पशु, वन भू-माफिया आदि के बारे में जानकारी ली। उधर, उन्होंने देर रात बूथ, मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। चुनाव की तैयारियों-व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

काली पट्टी बांधकर विरोध करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

पुरानी पेंशन बहाली की मांग

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार: अटेवा के राष्ट्रीय आह्वान पर सोमवार को जिले में कई विभागों के शिक्षक और कर्मचारियों ने कार्यालयों व विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर एनपीएस का विरोध दर्ज कराया।

अटेवा के जिलाध्यक्ष एस आकिल रजा ने बताया कि एक अप्रैल को ही एनपीएस का काला कानून लाया गया था और पुरानी पेंशन को समाप्त कर दिया गया था। तभी से शिक्षकों व कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो गया। इसके लेकर अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच क पदाधिकारी कई वर्षों से पेंशन बहाली के लिए आंदोलन कर रहा है।

उन्होंने बताया कि देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन दी जा रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जल्द ही शिक्षक व कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए।

मेला | सैयद सलार मसूद गाजी की याद में होता है आयोजन, देर शाम तक हुई नियाज

पूरनपुर में नेजा मेला आज से शुरू, सजी दुकानें

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : गांव पूरनपुर में मंगलवार से नेजा मेले शुरू होगा। मेले में मौत का कुआं, चाट-पकौड़ी, खेल खिलौने, हलवा परांठे, मिट्टी के बर्तन, लकड़ी के सामान समेत अन्य की दुकानें सज गई हैं। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

यह मेला प्रतिवर्ष होली के बाद पहले मंगलवार को लगता है। गांव के रहने वाले बुजुर्ग बताते हैं कि लगभग 200 वर्ष पहले सैयद सलार मसूद गाजी अपने कारवा के साथ यहां रुके थे। तभी से इस नेजे मेले का आयोजन होता है। यह मेला दो दिन तक लगता है। कई गांवों और शहर क्षेत्र के हजारों लोग मेले में पहुंचते हैं। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से अस्थायी पुलिस

पूरनपुर गांव में नेजा मेले में लगे झूले व दुकानें। ● अमृत विचार

चौकी बनाई जाती है। गांव के बुजुर्ग शाहिद हुसैन के अनुसार, सैयद सलार मसूद गाजी जिन्हें अली का दर्जा प्राप्त था। काजी नहटौर, पूरनपुर, संभल, आंवला समेत अन्य स्थानों से गुजरते हुए जहां-जहां रुके, उन स्थानों पर नेजे मेले का आयोजन होता है। फिलहाल आज से मेला शुरू होगा। इससे पहले सोमवार देर शाम तक लोगों के घरों में नियाज का सिलसिला चला।

रेलवे स्टेशन पर नया भवन बनना शुरू

गजरौला, अमृत विचार : अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर निर्माण चल रहा है। नया रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। अब रेलवे स्टेशन का नया भवन बनाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत में देश के कई रेलवे स्टेशनों को भी शामिल किया गया है। इनमें गजरौला रेलवे स्टेशन भी शामिल है। योजना के तहत स्टेशन का भवन नया बनेगा। रेलवे स्टेशन पर सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी। रेलवे स्टेशन पर भवन बनाने का शुरू कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन मुख्य द्वार भी बनाया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य के चलते टिनशेड पर हटाया गया है। स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि नया रेलवे भवन बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ने से यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ: शिवा

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : गजरौला स्थित नार्दन इंडिया पब्लिक स्कूल में कथावाचक पंडित शिवा कान्त श्रीमद भागवत कथा कर रहे हैं। सोमवार को तीसरे दिन उन्होंने कहा कि जब- जब पृथ्वी पर अधर्म, अत्याचार व अन्याय बढ़ता है तो किसी न किसी रूप में भगवान अवतार लेकर दुष्टजनों का संहार करते हैं।

भगवान ब्राह्मण, गाय, संत वेदों की रक्षा कर पुनः धर्म की स्थापना करते हैं। कथा व्यास ने कहा कि जन्म देने वाली मां और जन्म भूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। इनको कभी नहीं भूलना चाहिए। राम मंदिर विश्व के आस्था का प्रतीक है। इससे पर्यटन भी बढ़ेगा और तमाम लोगों को रोजगार भी मिलेगा। आज देश में राम

श्रीमद भागवत कथा सुनाते कथावाचक पंडित शिवाकांत।

मंदिर बनने से खुशी का माहौल है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाई। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, नंद कृष्ण भक्ति में पूरा पंडाल गूंज उठा।

कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक रहता है। कथा में प्रधान यजमान राकेश मोहन गर्ग व सुधा रानी गर्ग ने व्यास पूजन किया।

वाहनों की भिड़ंत में किसान समेत चार लोग हुए जख्मी

हसनपुर, अमृत विचार : संभल मार्ग पर ओवरटेक के दौरान ट्रक व डीसीएम समेत चार वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे में तीन किसानों समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

हादसा रविवार रात करीब नौ बजे कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्ला कॉलोनी गांव में हुआ। कालाखेड़ा की सहकारी चीनी मिल की ओर गन्ना लेकर जा रही बैलगाड़ी को ओवरटेक करने के दौरान पीछे से आ रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर टिपलर ने टक्कर मार दी। इस दौरान संभल की दिशा से आ रही डीसीएम व ट्रक भी आपस में भिड़ गए। ट्रक का डीजल टैंक टूट गया। हादसे में बैलगाड़ी चालक चंद्रकिरन निवासी मकनपुर व उसका दामाद अर्जुन सिंह समेत गांव माछरा भगवानपुर निवासी ट्रैक्टर टिपलर चालक नरेश सिंह व ट्रक चालक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी व निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

एक नजर

भाकियू असली देगी शहीद किसान को श्रद्धांजलि

संभल अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली की बैठक गांव मुबारकपुर में स्थित केंद्रीय कार्यालय पर हुई। जिसमें खनौरी बार्डर पर शहीद हुए किसान शुभकरण सिंह की आत्मा की शांति के लिए 15 अप्रैल को संभल मंडी समिति में शोक सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि शोक सभा में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान शामिल होंगे। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार दीपक शर्मा को राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह, ऋषभ सिंह, चौधरी चंद्रपाल सिंह, दीपक शर्मा आदि रहे।

परीक्षाफल पाकर खिले बच्चों के चेहरे

संभल अमृत विचार : आईएम पब्लिक स्कूल लहरा कमंगर में वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओं को परीक्षाफल मिला तो चेहरे खिल उठे। कक्षा में अच्छे अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मोहम्मद जफीर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान रेहान, अंकित, तबस्सुम, नगमा, तरन्नुम, गुफरान, गुलजार, जहांआरा, इमरान, कदीर आदि रहे। संचालन रेहान ने किया।

तीन दिन -आठ घंटे बंद रहेगी बिजली

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : बुधवार से शुक्रवार सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक डारनी, बेरनी एवं स्योंडारा बिजली घर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी| डारनी सब स्टेशन के अवर अभियंता संजय शर्मा द्वारा उक्त जानकारी देते हुए बताया गया कि 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक 132 केवी सब स्टेशन चन्दौसी पर टावर लाइन पर तार बदलने का कार्य किया जाएगा।

आपसी विवाद में पिता पुत्र गिरफ्तार

संभल/सिरसी, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मुकर्रबपुर निवासी हरपाल का सोमवार को अपने बेटे रवि से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता पुत्र मारपीट पर आमादा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हरपाल व रवि को गिरफ्तार कर लिया।

खेत में मिला शिशु का शव, कुत्तों ने नोचा, अल्ट्रासाउंड संचालक पकड़ा

गर्भपात कर शव फेंके जाने का अंदेशा, प्रधान की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: खेत में नवजात का शव पड़ा मिला। जिसे आसपास खड़े कुत्ते नोच रहे थे। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। इस मामले में पुलिस ने अल्ट्रासाउंड संचालक को हिरासत में लिया है।

संभल बहजोई मार्ग स्थित गांव बेहटा जयसिंह के मोड पर सड़क किनारे खेत में नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ था। जिसे कुत्ते नोच रहे थे। उसके पैरों को नोच लिया था। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने जब नवजात का शव पड़ा देखा तो ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात के बारे में जानकारी की। वहीं अल्ट्रासाउंड की दो रिपोर्ट एक महिला के नाम की नवजात के पास पड़ी हुई थीं। इसके बाद पुलिस ने अल्ट्रासाउंड संचालक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। बहजोई कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। जिसमें अवैध रूप से गर्भपात करना और उसको छिपाने को लेकर मामला दर्ज किया जा रहा है।

दलित उत्पीड़न व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संभल/सिरसी, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के युवक को दलित उत्पीड़न व दुष्कर्म के आरोप में थाना हजरतनगर गढ़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। युवक एक निजी कंपनी में साथ काम करने वाली किशोरी को बीस दिन पहले भगाकर ले गया था। थाना क्षेत्र के गांव सेवापुर पदारथपुर निवासी रोहित उर्फ गोलू एक निजी कंपनी में तीन वर्ष से काम कर रहा था। कंपनी में ही गोलू के साथ हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी भी काम करती थी। साथ काम करने के दौरान गोलू व किशोरी के बीच प्रेम संबंध हो गए। आरोप है कि नौ मार्च को गोलू ने किशोरी को मुरादाबाद के मोहल्ला हरथला में बुला लिया और यहां से किशोरी को लेकर गाजियाबाद पहुंच गया। गोलू यहां किराए के कमरे में किशोरी के साथ रहने लगा। जानकारी होने पर किशोरी के पिता ने 20 मार्च को युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर पुत्री को ले जाने व दुष्कर्म करने की पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। सोमवार को युवक थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर चमारान के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रोहित उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया।

मतदान की अलख जगाती समूह की महिलाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने रैली निकालकर मतदान करने को किया प्रेरित

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: ग्राम पंचायत मेथरा धर्मपुर में महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए पंचायत घर में रंगोली बनाकर लोगों को जागरूक किया।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गांव में जागरुकता रैली निकालकर ग्रामीणों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। डीआईओएस वेदराम ने समूह की महिलाओं को मतदान करने की शपथ दिलाई तो वहीं डीसी एनआरएलएम ज्ञान सिंह ने महिलाओं से ग्रामीणों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जो लोग वृद्ध या बीमार हैं उनको मतदान वाले दिवस पर मतदान केंद्र तक पहुंचने में टोलिया बनाकर मतदान केंद्र तक पहुंचाएं। नगर के खमक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नगर में जागरूकता रैली निकाली । माया देवी हायर सेकेंडरी स्कूल में भी प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार ने अभिभावकों को छात्र-छात्राओं से मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही।

डीपीआरओ ने अधूरे निर्माण कार्य पर रोका सचिव का वेतन

संवाददाता,बहजोई

▸▸ 2024 में लगने वाली वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से रोकने के निर्देश

अमृत विचार: डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत सादातबाड़ी का औचक निरीक्षण किया। जिसमें निर्माण कार्य अधूरा पाए जाने पर पंचायत सचिव का एक माह का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए।

डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे को सादातबाड़ी ग्राम पंचायत में निरीक्षण के समय प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट पर निर्माण कार्य होता नहीं मिला। आरसीसी सेंटर का उचित क्रियान्वन नहीं किया जा रहा था। वहीं अंत्येष्टि स्थल गेट अधूरा पाया गया। जिसको लेकर डीपीआरओ ने सचिव आकाश कुमार को कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं मार्च माह का वेतन अवरुद्ध किए जाने के साथ 2024 में लगने वाली वेतन वृद्धि अस्थाई रूप से रोक दी। इसके बाद डीपीआरओ संचारी रोग अभियान के तहत ग्राम पंचायत रायपुर कला में निरीक्षण के लिए पहुंचे। जहां विशेष सफाई अभियान में लगाए गए कर्मचारी उपस्थित तो मिले लेकिन उनके द्वारा ठीक से कार्य नहीं किया गया था। निरीक्षण के समय रास्तों की नालियों की सफाई नहीं की गई थी।

सादातबाड़ी में निरीक्षण करते डीपीआरओ। ● अमृत विचार

मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार: थाना बानियठेर की ग्राम पंचायत औरंगपुर सिलैटा के जंगल में मिट्टी का खनन धड़ल्ले से चल रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर खनन अधिकारी ने छापा मार कर सोमवार को एक मिट्टी से लदी ट्रैक्टर पकड़ कर चौकी नरौली पुलिस के सुपुर्द की है। पुलिस ने कार्रवाई कर ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया है।

सुबह से शाम तक मिट्टी की टैक्टर ट्राली चन्दौसी सम्भल हाइवे पर दौड़ती रहती है पूछने पर कहते है परमीशन है बात खत्म हो जाती है।

गांव औरंगपुर सिलैटा के जंगल में पीली रेत का अवैध खनन लंबे समय से किया जा रहा है। रात भर मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां दौड़ने से ग्रामीणों की नींद खराब हो रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों की शिकायत पर सोमवार की सुबह करीब आठ बजे खनन अधिकारी टीम के साथ गांव औरंगपुर सिलैटा के निकट पहुंचे और अवैध तरीके से खनन की मिट्टी ले जाती टैक्टर ट्राली को पकड़ कर नरौली देहात पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया है।

नरौली देहात पुलिस चौकी में खड़ी मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

▸▸ ग्रामीणों की शिकायत पर खनन अधिकारी ने मारा छापा

▸▸ औरंगपुर सिलैटा के जंगल में हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

> काफी समय से अवैध खनन की शिकायत मिल रही थी। किसी भी हालत में अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।
>
> -मोहम्मद हलीम, खनन अधिकारी

शौचालय निर्माण को लेकर विवाद, पहुंचे अधिकारी

सरायतरीन, अमृत विचार: सरायतरीन के मुहल्ला दरबार में स्थित दरगाह की खाली जमीन पर निजी स्कूल के बच्चों के लिए शौचालय बनवाने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध जताया।

सरायतरीन के मुहल्ला दरबार में स्थित दरगाह की खाली जमीन पर एक माह पहले मुहल्ला में स्थित निजी स्कूल संचालक की ओर से छात्र छात्राओं के लिए शौचालय का निर्माण कराया जा रहा था। शौचालय निर्माण को लेकर दूसरे पक्ष ने विरोध जताया था। इसी बात को लेकर सोमवार को फिर से दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। सूचना मिलने पर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा व खंड शिक्षा अधिकारी बबीता मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्षों के बीच बात नहीं बनी। जिसके बाद एसडीएम व खंड शिक्षा अधिकारी दोनों पक्षों से मंगलवार को बात कर मामला निपटाने को कहकर वापस लौट आए।

सभासदों ने एसडीएम को समस्याएं बताईं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: शहर में वार्डों की समस्याओं को लेकर नगर पालिका के सभासद सोमवार को एसडीएम (अधिशासी अधिकारी) से मिले। सभासदों ने अपने वार्डों में होने वाले छोटे कार्य जैसे सड़क मरम्मत, नाली की मरम्मत, लाइट खराब होने, जल निगम लीकेज व टोरेंट गैस के गड्ढे सही करवाने की मांग की। अधिशासी अधिकारी ने सभासदों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

सोमवार की दोपहर 12 बजे नगर पालिका क्षेत्र से करीब एक दर्जन सभासद गांधी पार्क स्थित नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां वह एसडीएम नीतू रानी से मिले और मौखिक रूप से अपनी शिकायतें रखीं। सभासदों ने जल निगम द्वारा शुरू की गई पानी की सप्लाई सुचारू न होने के साथ पानी सप्लाई का समय बढ़ाने की मांग की। कहा कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार सफाई निरीक्षकों को उनके समस्त अधिकार दिए जाएं। बोर्ड की पूर्व बैठक में सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह के विरुद्ध जो निंदा प्रस्ताव लाया गया था, वह जानकारी के अभाव व नासमझी में लाया गया। इस बात को काफी समय बीत चुका है, अब उसका इस समय कोई औचित्य नहीं है। वर्तमान में सभासदों को उनसे कोई शिकायत नहीं है। साथ ही कहा कि सभासद अपने वार्डों में सड़क, गड्ढे, नाली मरम्मत, मैनहोलों पर लोहे के जाल न होने की शिकायत की और उनके समस्या की मांग की।

नगर पालिका कार्यालय में एसडीएम से शिकायत करते सभासद। ● अमृत विचार

▸▸ वार्डों में छोटे कार्य भी नहीं होने की शिकायत की

▸▸ एसडीएम ने समस्या का समाधान करवाने का दिया आश्वासन

> सभासदों ने अपने वार्डों की समस्याओं के विषय में जानकारी दी है। शीघ्र समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।
>
> -नीतू रानी, एसडीएम (ईओ)

सौंधन का सचिवालय बंद रहने से ग्रामीण परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : ग्राम पंचायत सौंधन मोहम्मदपुर का सचिवालय करीब दो महीने से बंद पड़ा है। ऐसे हालात ग्राम पंचायत सचिव के सचिवालय नहीं आने से बने हैं। ग्रामीणों को जरूरी काम के लिए ब्लॉक मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है।

विकास खंड पंवासा की सबसे अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायत सौंधन मोहम्मदपुर में सचिवालय बंद होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण छोटे मोटे काम के लिए कई किलोमीटर दूर ब्लॉक कार्यालय के चक्कर लगाने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव से लेकर सहायक तैनात होने के बाद भी सचिवालय बंद रहता है। जरूरी काम के लिए ब्लॉक कार्यालय जाना पड़ता है। तेजपाल, दीपक आदि कहते हैं कि सरकार ने सचिवालय इसलिए बनाए थे कि जनता के सभी काम सचिवालय में बैठ कर कर्मचारी निपटाएंगे लेकिन यहां सचिव के न आने से सचिवालय में ताला लटका रहता है। ग्रामीणों ने सचिवालय को खुलवाने की मांग उठाई है। वहीं खंड विकास अधिकारी पंवासा रिजवान हुसैन ने कहा कि सभी सचिवों को सचिवालय में बैठने के लिए निर्देशित किया गया है। अगर सचिवालय में सचिव नहीं बैठते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सौंधन में बंद पड़ा सचिवालय।

▸▸ जरूरी काम के लिए लगाने पड़ रहे ब्लॉक कार्यालय के चक्कर

आरआरके स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह में पुरस्कृत बच्चे। ● अमृत विचार

99.4 प्रतिशत अंक पाकर एरिका ग्रुप टॉपर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ परीक्षाफल के साथ पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

अमृत विचार: आरआरके सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा नर्सरी के विभिन्न वर्गों में सार्थक शर्मा, शौर्य सिंह, युविका वार्ष्णेय, दीपांजलि पंडित, अर्निंत वार्ष्णेय, शिवनया, अक्षिता, शांतनु, अदिति प्रथम रहे। प्रख्या गुप्ता, अदिति, प्रखर अग्रवाल, महिरा गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहे। भूमिका, हर्ष वर्धन, ऋषि कश्यप, शुभ, कनिष्का प्रक्षि तृतीय स्थान पर रहे।

आल राउंडर का खिताब अर्शिव सक्सेना को दिया गया। कक्षा एलकेजी में अवनी मौर्य, मानस वैश, मो. अर्श, आरू, आविश खान प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुहू मिश्र, मो. अवन, आध्या श्रोत्रिय, हर्ष चौधरी, श्रेष्ठ द्वितीय स्थान तथा श्रेयश ठाकुर, शिविका अग्रवाल, अश्वि जैन, आरणा शर्मा, मुस्कान वार्ष्णेय, मिशिस्ट उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा यूकेजी में शौर्य शर्मा, अली अशरफ, वरदान सिंह, छवि कश्यप, अनायशा सिंह, उदित मौर्य, अलिजा रिजवान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक में स्वीकृति गुप्ता, युवराज सिंह, अग्रिम वार्ष्णेय तथा कक्षा दो से शानवी गुप्ता, आर्यशा, एरिका वार्ष्णेय व मो. शाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एरिका वार्ष्णेय 99.4 प्रतिशत अंक पाकर ग्रुप टॉपर बनीं। वहीं वैष्णव पाठक ने 100 प्रतिशत उपस्थिति का पुरस्कार प्राप्त किया।

मांग | एक ट्रेन के संचालन से जनता खुश, दूसरी के बंद होने पर मायूस

होली स्पेशल ट्रेन बंद होने से यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: रेलवे बोर्ड ने जनता की मांग पर एक माह पहले देहरादून से टनकपुर व राजस्थान के दौराई से टनकपुर के लिए दो ट्रेनों का संचालन शुरू किया था। दोनों ट्रेन सप्ताह में एक दिन आती -जाती थीं। जनता इन ट्रेनों का लाभ ले रही थी। मगर अब रेलवे बोर्ड ने होली पर स्पेशल के नाम से चलाई गई दौराई से टनकपुर के बीच चलने वाली ट्रेन को बंद कर दिया। इससे यात्री परेशान हैं। अब शहर की जनता उस ट्रेन को पुनः चालू करने की मांग कर रही है।

कोरोना संक्रमण काल से बरेली-आगरा कैंट व अमृतसर से हावड़ा के बीच चलने वाली डुप्लीकेट एक्सप्रेस ट्रेन बंद है। इन दोनों ट्रेनों के बंद होने से शहर की जनता सहित आसपास क्षेत्रों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तभी से जनता पुनः ट्रेनों का संचालन प्रारंभ कराने की मांग रेलवे बोर्ड से कर रही है। इसके लिए व्यापारी नेता भी कई रेलवे के अधिकारियों को ज्ञापन भेज चुके हैं।

> शहर का व्यापारी आगरा से जुड़ा हुआ है। पहले आगरा कैंट ट्रेन चलती थी। उसके बंद होने से व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ट्रेन का संचालन पुन: शुरू कराया जाए।
>
> -अनुज वार्ष्णेय, व्यापारी नेता

> व्यापारिक दृष्टि से चन्दौसी से रोजाना एक ट्रेन का संचालन आगरा के लिए आवश्यक है। हम लगातार रेलवे बोर्ड से मांग कर रहे हैं, आश्वासन तो मिल रहे हैं, मगर ट्रेन का संचालन नहीं हो पा रहा है।
>
> -शाह आलम मंसूरी, व्यापारी नेता

> पहले आगरा कैंट व दूसरी एक्सप्रेस ट्रेन बंद कर दी। चन्दौसी से बालाजी के दर्शन के लिए हजारों लोग जाते हैं, जिन्हें ट्रेन के अभाव में आने जाने में परेशानी होती है।
>
> -शुभम अग्रवाल, अधिवक्ता

> डुप्लीकेट एक्सप्रेस ट्रेन बंद होने से लोगों को काफी परेशानी हुई थी। सोचा था कि कोरोना काल के बाद फिर से ट्रेन शुरू हो जाएगी। मगर ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।
>
> -मयंक वार्ष्णेय, अधिवक्ता

सार-संक्षेप

भ्रमण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर के कस्बा नरौली के कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं ने मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों को वोट के मूल्य व उसकी शक्ति से अवगत कराकर मतदान के लिए प्रेरित किया। तदोपरांत महाविद्यालय परिसर में एक विचार गोष्ठी हुई। जिसमें अपना वोट अपना अधिकार विषय पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के अतिथि प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं से शत प्रतिशत मतदान करने को कहा। अंत में सभी ने मतदान करने व अन्य परिचितों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा ने वोट के महत्व व शक्ति से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन इश्त्याक अहमद ने किया। इस अवसर पर कृष्ण पाल सिंह सोमवंशी, आयुषी शर्मा, अमोल शर्मा, खेमेंद्र सिंह, पिंकू, सतीश, राधे आदि मौजूद रहे।

उधार दूध देने से मना करने पर दुकानदार को पीटा

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में उधार दूध देने से मना करने पर पिता पुत्र ने मिलकर लात घूसों से मारपीट करते हुए दुकानदार को घायल कर दिया। थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला शर्की निवासी सुहैल अब्बास सोमवार की सुबह सात बजे मुहल्ला में स्थित अपनी दूध बेचने की दुकान पर बैठा था। आरोप है कि मुहल्ला का ही युवक दुकान पर पहुंचा और सुहैल अब्बास से उधार दूध मांगने लगा। पिछले दो वर्ष के चार सौ रुपये उधार होने की वजह से युवक को दूध देने से सुहैल अब्बास ने मना कर दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर युवक ने गाली गलौज करते हुए अपने पिता को मौके पर बुला लिया। गाली गलौज का विरोध किया तो पिता पुत्र ने मिलकर लात घूसों से मारपीट करते हुए सुहैल अब्बास को घायल कर दिया। अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो पिता पुत्र धमकी देते हुए भाग गए। जिसके बाद परिजन सुहैल अब्बास को लेकर थाने पहुंचे। तहरीर मिलने पर पुलिस ने सुहैल अब्बास का जिला अस्पताल में चिकित्सकीय परीक्षण कराया।

रोवर्स रेंजर्स को दी नियम, सैल्यूट की जानकारी

संभल अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.प्रभा शर्मा के निर्देशन एवं डॉ.राष्ट्रवर्धन एवं डॉ.नौमी प्रिया के नेतृत्व में हुआ। प्राचार्य ने स्काउट गाइड का झंडा फहराकर तथा सैल्यूट देकर शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि शिविर में सिखाई बातों को जीवन में उतारकर हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहना चाहिए।पहले दिन प्रशिक्षक जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मोहित कुमार ने झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, वर्दी, सैल्यूट करने की जानकारी दी। रोवर्स रेंजर्स के कर्तव्य एवं गुण के बारे में चर्चा की। इस दौरान डॉ.जीत सिंह, डॉ.तनुज कुमार, डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, सबा खान, चमन सिंह, सुभाष बाबू, मोहम्मद ऐजाज का योगदान रहा।

सती प्रसंग सुन कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : बनियाठेर क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढैय्या में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान सती प्रसंग सुन कर श्रद्धालुओं की आंखें छलक गईं। भोलेनाथ के उद्घोष भी गूंजे। कथा वाचक सोमवीर शास्त्री ने सती प्रसंग सुनाते हुए कहा कि राजा दक्ष ने अपने यहां पर एक यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें सभी देवताओं को निमंत्रण दिया गया लेकिन भोलेनाथ को निमंत्रण नहीं दिया। जब यह खबर सती को पता चली तो उन्हें दुख हुआ और वह बिना निमंत्रण के ही यज्ञ में जाने की भोलेनाथ से जिद करने लगीं। तब भोलेनाथ ने कहा कि देवी बिना बुलाए किसी के यहां पर नहीं जाना चाहिए । तब सती ने कहा कि वह मेरा मायका है और मायके में बिना बुलाए जा सकते हैं। भोलेनाथ ने बार-बार मना किया लेकिन सती नहीं मानी और राजा दक्ष के यहां पहुंच गईं। जहां पर सभी देवी देवता अपने-अपने आसन पर विराजमान थे लेकिन भोलेनाथ का आसान न पाकर वह बहुत ही दुखी हुई और राजा दक्ष से कहने लगी कि मेरे भोलेनाथ का आसान कहां है। इस पर दक्ष ने भोलेनाथ के बारे में बहुत कुछ कहा। सती अपना विकराल रूप दिखाकर और यज्ञकुंड में कूद गईं और अपने शरीर को त्याग दिया। कथा के दौरान भजन सुन कर श्रद्धालु झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

कथा वाचक सोमवीर शात्री।

होली के गीतों पर खूब थिरकीं महिलाएं

चन्दौसी, अमृत विचार : श्री गीता सत्संग भवन में सोमवार को श्री गीता सत्संग महिला मंडल ने आस्था तथा उमंग के साथ होली मिलन उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलित तथा पुष्प अर्पित करके किया गया। तदोपरांत पंक्चुअलिटी तथा लकी ड्रा निकालकर ढोलक की थाप पर भजन गाए। होली के गीतों पर फूलों की वर्षा करते हुए महिलाओं ने जम कर नृत्य किया। संयोजिका इंदु अग्रवाल ने सभी सदस्यों को गुलाल लगाकर तथा गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष क्षमा अग्रवाल ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से नृत्य कर माहौल भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर रानी अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, पूनम, शोभा, मृदुल, नीरा, करिश्मा, माधुरी, उषा रानी, उमा, सीता, पूनम, सुनीता, रागिनी, रेखा, कविता, चंचल आदि उपस्थित रहीं।

एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बबराला, अमृत विचार : सोमवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने विधानसभा क्षेत्र के गांव फरीदपुर और मेहुआ हसनगंज में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को सुरक्षा व्यवस्था में कोई कोताही न बरतने का निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो भी कमी है, उसकी जानकारी जरूर दें। मतदान से पूर्व तैनात होने वाली सुरक्षा बलों की टुकड़ियों के ठहराव के मद्देनजर चिन्हित स्थलों का भी मुआयना किया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को पुलिस की सक्रियता दिखनी चाहिए। चुनाव आचार संहिता में बाधक बनने वाले लोगों को चिन्हित कर निगाह रखी जाए।

नवीन सत्र को लेकर विद्यालय में हुआ हवन पूजन

चन्दौसी, अमृत विचार : सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंड्री स्कूल में सोमवार को नवीन सत्र के आरंभ पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले विद्यालय स्टाफ ने हवन में आहुतियां दी और 108 बार गायत्री मंत्र का जाप किया गया। विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं के माथे पर शिक्षिकाओं ने तिलक कर स्वागत किया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। स्कूली बच्चों ने गीत, नृत्य, चुटकुले, नाटक आदि की प्रस्तुति दी। पहले दिन छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में स्वास्तिक की आकृति बनाई गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं को जलपान कराया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के बसंत शंकर, दिवाकर गुप्ता, भुवनेश सराफ, आलोक गोयल, प्रधानाचार्य कपिल दीप, शोभित राघव, शिवम गुप्ता, अब्दुल शारिक आदि मौजूद रहे।

आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने पर दी तहरीर

संभल/ओबरी, अमृत विचार: असमोली थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर गहरा निवासी विजय विक्रम सिंह, गांव दबोई कलां निवासी यशदेव, उमेश कुमार, हुकुम सिंह, चौधरी अमरदीप और शकरपुर सोत निवासी चंद्र सिंह ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बाबा अंबेडकर को लेकर सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाकर पोस्ट शेयर की है। जिससे दलित समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो रहा है। ग्रामीणों ने युवक के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

सम्बन्ध-विच्छेद

मेरे पति श्री राजीव जैन पुत्र सुभाष चंद्र जैन जो कि ग़लत संगत में पड़ गए हैं। जिस कारण तंग आकर पति से संबंध समाप्त कर लिए हैं। मेरे पति श्री राजीव जैन से भविष्य में उनके किसी भी कृत्य, सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यापारिक की मेरी व मेरे परिवार की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी। अपने ग़लत कार्यों के लिये श्री राजीव जैन स्वयं ज़िम्मेदार होंगे। श्रीमती रीता जैन, निवासी ए- 61, लाजपतनगर, निकट बैंक ऑफ़ बड़ोदा, थाना- कटघर, मुरादाबाद।

आवश्यकता है

सहायक प्रवक्ता की
विषय - हिन्दी
योग्यता- Ph.D या NET
रिजवान गर्ल्स डिग्री कॉलेज
अकबरपुर चैदरी, कांठ,
जिला मुरादाबाद (उ०प्र०)
मोबाइल न० 9917521653, 9917600900

धर्म दर्शन

भारत में देवीपूजा का बहुत प्राचीन इतिहास है। लोक परंपरा में भी और वेद-परंपरा में भी। अनेक अध्येताओं ने देवीपूजा के इतिहास में समाज के विकास के सोपानों की पहचान की है। श्रीदेवीप्रसाद चट्टोपाध्याय ने अंग्रेजी में एक पुस्तक लिखी थी- लोकायत! उसमें एक निबंध का शीर्षक है, गौरी। उन्होंने लोकपरंपरा में देवीपूजा का क्रमविकास सभ्यता के तीन चरणों प्रस्तुत किया है। मृगया-जीवी, गोचारण और कृषिजीवी। उनका मत है कि-चंडी की परिकल्पना मृगया-जीवी संस्कृति की परिकल्पना है। जबकि-महिषासुरमर्दिनी की परिकल्पना गोपसंस्कृति की परिकल्पना है। महीमाता और अन्नपूर्णा कृषि से संबंधित है।



लोकपरंपरा और देवीपूजा

श्री देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय की मान्यता है कि कबीला-मनोभूमि में नारी-सत्ता या मातृसत्ता का प्राधान्य होता है। वे कहते हैं कि गौरी कृषि की देवी हैं। शस्यपार्वती। वे मानते हैं कि नारी-देवता या देवियां अपने मूल-रूप में कबीलों की देन हैं। उन्होंने बीली, मग्गा, डोम गदवा, ओक्काल, गोल्ला, हाड़ी, हल्लीकर, हेलवा, इडिगा आदि देवियों के नाम भी उद्धृत किये हैं।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत प्रोफेसर

देवीपूजा के इतिहास पर आचार्य कुबेरनाथ राय ने एक महत्त्वपूर्ण शोधनिबंध लिखा था देवी। उन्होंने विंध्याचल के परिवेश का अध्ययन किया और बतलाया है कि पर्वत पर स्थित अष्टभुजा का मन्दिर आभीरकुल की देवी है।

यशोदागर्भ-संभवा के रूप में सप्तशती में इसका उल्लेख है-कालीखोह का मन्दिर निषाद-कुल का है, जहां आज भी पुरोहित निषाद ही है, ब्राह्मण नहीं। आचार्य कुबेरनाथ राय कहते हैं कि विन्ध्यारण्य किसी जमाने में महिषारण्य था। आदिम निषादों ने ही जंगली महिषा को पालतू बनाया और उसका दूध दुहा था। उनका कथन है कि आदिम-निषाद ने कहीं महिष को मित्रभाव से देखा है तो कहीं शत्रुभाव में उसे असुर-रूप में। चंडी मूलतः शिकार की देवी है। उनकी मान्यता है कि महिषासुर-मर्दिनी की परिकल्पना इसी आदिम-निषाद की देन है। उन्होंने महाराष्ट्र के कुछ गड़रिये-कबीलों में देवीपूजा का उदाहरण दिया है, जिसमें मातृकाएं महिष की पत्नियां हैं। जैसे जोगुबाई का पति है, म्हतो बा। यह महिष-देवता है। देवी के गीत, देवी-अष्टमी पर अम्माजी ने पार-परौसिनों को देवी के गीतों का बुलावा भेज दिया। संध्या घिरने लगी है, गोधूलि की वेला हो गई है। अब बैयरबानी एक-एक कर आने लगी हैं, ढोलक बजने लगी है, अब सब जने सुर में सुर मिलाओ-

देवी हमारे घर आई झटक कें मैं पैयां लागूं/ कहा रे देख देवी मेरे घर आयी, कहा रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/लिपौ रे देख देवी मेरे घर आयी, पुतौ रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/कहा रे देख देवी मेरे घर आयी, कहा रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/हलुआ-पूरी देख देवी मेरे घर आई, चना रे देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं/ गूगुर रे देख देवी मेरे घर आई, लोंग देख मुसकाई, झटक कें मैं पैयां लागूं-

देवी मैया से साक्षात्कार हो रहा है! आप देखिये न, इन सभी को मां के वात्सल्य का सानुभव हो रहा है। मैया भी आ ही गयी हैं। ये सब पैरों लग रही हैं। एक दूसरी से पूछती है, री, तेरे यहां ऐसा क्या है, जिसे देख कर मां आ गयीं? वह उत्तर दे रही है कि मैया ने देखा कि घर लिपा है, पुता है, मैया ने देखा कि यहां गूगुर और लोंग का जोड़ा है, मैया ने देखा कि यहां हलुआ है, पूड़ी है और चना की दाल भी है, बस और मैया को क्या चाहिये था। मैया ने प्यार देख लिया, तो उसे आने में कितनी देर लगनी थी? आ गई!

स्वच्छता की देवी हैं मां शीतला

चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को माता शीतला की पूजा अर्चना की जाती है। कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि तक आकाश में चन्द्रमा का स्वरूप आधा हो जाता है। इसका निहितार्थ है कि जीवन के आकाश में उज्ज्वल पक्ष अधूरा हो जाए और अंधकार की ओर जीवन बढ़ता दिखाई पड़ने लगे तथा चित्त में व्याकुलता आने लगे तो मन की प्रवृत्तियों को शीतल बनाने का भाव जागृत करना चाहिए क्योंकि इस स्थिति में असमंजस, असन्तुलन, असमर्थता बढ़ने की संभावना होती है। ऋषियों ने माता शीतला के हाथ में सफाई का उपकरण झाड़ू एवं वाहन के रूप में गर्दभ (गधा) चित्रित किया है। धर्मग्रंथों में स्वच्छता की महत्ता प्रतिपादित की गई है। कहा गया है कि स्वच्छता में भगवान विष्णु और लक्ष्मी निवास करती हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

यह तो बाह्य जगत की बात है। आंतरिक जगत में काम, क्रोध, मोह और लोभ जैसी गंदगी आने लगे तो व्रत-उपवास आदि के विधान बताए गए हैं। लोकमान्यता है कि चेचक की बीमारी से मुक्ति के लिए शीतला माता की पूजा की जाती है। माताएं चेचक आदि से बचाव के लिए सप्तमी तिथि को व्रत रहकर अष्टमी को माता शीतला की पूजा करती हैं। माता शीतला का वाहन गर्दभ (गधा) सरल भाव एवं मेहनती जानवर है। गधे के इन खास स्वभाव के चलते माता शीतला के सान्निध्य में उसे स्थान मिला। हर जीव में कुछ खासियत तथा कुछ कमियां होती हैं। खासियतों को अपनाने का भी सन्देश इस दृष्टांत से मिलता है।

महान शिवभक्त था रावण

राक्षसों से संबंधित 'शिवपुराण' की एक रोचक कथा के अनुसार, राक्षस भाईयों हेति और प्रहेति को इस समुदाय का नेतृत्व सौंपा गया था। हेति ने अपने राज्य के विस्तार के लिए काल की बेटी 'भया' से विवाह किया। दोनों का पुत्र विद्युत्केश था। उसकी पत्नी सालकंटका एक दुराचारिणी स्त्री थी। उस व्यभिचारिणी ने अपने नवजात पुत्र को लावारिस छोड़ दिया था। पिता विद्युत्केश ने भी न जाने किसकी संतान है, नवजात को निराश्रित छोड़ दिया। मां पार्वती और भगवान शिव ने दया कर उस अनाथ बालक का संरक्षण सुनिश्चित किया। अबोध बालक के परित्याग से नाराज पार्वती जी ने संपूर्ण राक्षस जाति को ही शाप दिया कि भविष्य में राक्षसियों के गर्भधारण की अवधि कम होगी और जन्म लेते ही मां के समान हो जावेगा, एवं उसका शरीर विकराल और भयानक तथा आकर्णहीन होगा। शिव पार्वती द्वारा उसका नाम सुकेश रखा गया। भगवान शिव के द्वारा प्रदत्त संरक्षण और दिव्य विमान ने उसको दुस्साहसी एवं निर्भीक बना दिया। उसने गंधर्व कन्या देववती से विवाह कर क्रमशः तीन पुत्रों माल्यवान, सुमाली और माली को उत्पन्न किया। इन तीनों ने ब्रह्मा जी की घोर तपस्या कर उनसे शत्रुओं पर विजय एवं परस्पर अटूट स्नेह बंधन का वरदान प्राप्त किया। इन्होंने ने ही त्रिकूट पर्वत के निकट समुद्र में देव शिल्पी विश्वकर्मा से लंकापुरी का निर्माण करा कर उसे अपनी सत्ता का केन्द्र बनाया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

शक्तिशाली बनते ही उनकी संततियों में मूल्यवान को वज्र, मुष्टि, विरूपाक्ष, दुर्मुख, सप्तवहन, यज्ञकोप, मत्त, उन्मत्त, आठ पुत्र और अनला नामक पुत्री हुई। सुमेरी के दस पुत्र प्रहस्त, अकंपन, विकट, कालिकामुख, धूम्राक्ष, दंड, सुपार्श्व, सह्राद्रि, प्रथम, एवं भास्कर तथा राका, पुड्योत्कटा, किसकी और कुम्भीनसी नामक पुत्रियां हुईं। इनमें कैसकी रावण, कुंभकर्ण, विभीषण और शूर्पणखा की मां थी। कैकसी के निकषा तथा केशिनी नामान्तर थे। अपने पिता की आज्ञा से किसकी ने महर्षि पुलस्त्य के पुत्र ऋषि विश्व श्रवाको पति चुना था। माली के चार पुत्र क्रमशः अनल, अनिल, हर और संपाति हुए। रावण वध के उपरांत राजा बने विभीषण के ये चारों मंत्री बने।

एक श्रेष्ठ ब्राहमण कुल में उत्पन्न रावण, एक कुशल राजनीतिज्ञ, महान योद्धा, कुशल सेनानी एवं बहुभाषाभाषी और श्रेष्ठ प्रशासक होते हुए भी महान् शिवभक्त भी था। मातृपक्ष के नानाओं के प्रभाव में उसने राक्षसों का नेतृत्व स्वीकार किया।

अपनी राजनीतिक-रणनीतिक सूझ-बूझ और सैन्य शक्ति के बल पर असुरों राक्षसी शक्ति को चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया। अतुलनीया शक्ति ने उसे गर्वोन्मत्त, दम्भी, अहंकारी, क्रूर, अत्याचारी और नारी सम्मान शोषक बना दिया। उसके अहंकार ने उसकी विवेक क्षमता को पूरी तरह समाप्त कर बैठा। उसने न केवल अपने पिता महर्षि विश्रवा तथा सौतेली माता देववर्षिणी से उत्पन्न पुत्र अपने सौतेले अग्रज भगवान शिव के परमभक्त कुबेर को अपमानितकर उनसे अपने नानाओ की लंका राज छीना वरन् उनके दिव्य "पुष्पक विमान" को भी छिन लिया। यही नहीं वहतो अपने आराध्य को ही बलपूर्वक कैलाश से लंका में बसाने की असफल धृष्टता कर बैठा। उसके पक्षपातपूर्ण आचरण ने वानर मानव समूह को लंका परित्याग कर समुद्र पार भारत में किष्किन्धापुरी को राजधानी बना, वहां अपना स्वतंत्रराज्य स्थापित करने को प्रेरित किया।

पराक्रमयुक्त वरुणदेव

अग्नि, सोम, सविता, सरस्वती, पूषा, बृहस्पति, इंद्र, ऐश्वर्य, अर्यमादेवता तथा पुण्य-पाप के विभाग करने वाले देवों के निमित्त ये आहुतियां दी जाती हैं। जैसे आप ऐश्वर्यों के प्रकाशक हैं, उसी प्रकार हम भी आपके सामान कांतिमान हों। हे कुशद्वय! जिस प्रकार सूर्य रश्मियों से जल पवित्र होकर ऊपर जाता है, उसी तरह हम आप दोनों को उन्नत करें। तपः शक्ति से राजा का पद देने में आप समर्थ हैं, अतः राज्य का ऐश्वर्य प्रदान करें। इसके लिए यह आहुति आपको समर्पित है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

समस्त मानव समुदाय इस सूक्ष्म वातावरण का संरक्षण करें। इसे गृह पालक अग्निदेव, यशस्वी इंद्रदेव, व्रतधारी मित्र एवं वरुणदेव, सर्वज्ञाता पूषादेव, समस्त विश्व का कल्याण करने वाले पृथ्वीलोक तथा द्युलोक, तथा सुखस्वरूप देवमाता अदिति भी जानें अर्थात् इसकी रक्षा करें।

हे यजमान! आपको चंद्रमा की कांति से, अग्नि के तेज से तथा इंद्रदेव के बल से हम अभिषिक्त करते हैं। आप शौर्यवान क्षत्रियों के क्षत्रपति बनें और हानि पहुंचाने वाली शक्तियों से प्रजा की रक्षा करें। हे देवों! महान क्षात्रबल के संपादन के लिए, श्रेष्ठ राज्यपद के लिए, महान जनराज्य के लिए, इंद्रदेव के समान ऐश्वर्यशाली बनने के लिए, शत्रुहीन, अमुक पिता के पुत्र, अमुक माता के पुत्र को प्रजापालन के लिए अभिषिक्त करें। हे प्रजाननों! यह आप लोगों को उल्लसित करने वाला राजा है और ये सोम हम ब्राह्मणों के राजा हैं।

हे प्रजापालक! इस संसार में आपके अतिरिक्त और कोई दूसरा स्वामी नहीं है। हम जिस कामना से आपके निमित्त यज्ञ करते हैं, वह पूर्ण हो। धर्माचरण और उत्तम व्यवस्था से हम ऐश्वर्यवान बनें। इस हेतु यह आहुति समर्पित है। हे पूज्य आदरणीय रुद्रदेव! आपका जो कल्याणकारी और असुरता का संहार करने वाला प्रलयंकारी स्वरूप है, उसके लिए यह आहुति समर्पित है। गृहपालक अग्नि, वनस्पतिरूपी सोम, मरुदगणों के ओज एवं इंद्रदेव के बल के निमित्त यह आहुति समर्पित है।

हे मातृभूमे! हम आपको कष्ट न दें, आप हमारा विनाश न करें। महान पुरुषार्थ युक्त, धर्मपालक, सबके अग्रणी, तेजस्वी अग्निदेव हमारी आहुति स्वीकार करें। आहुति प्राप्त करके आप सूर्य किरणों से बलशाली होकर सामर्थ्यवान राजाओं के मध्य इस यजमान को सर्वश्रेष्ठ बनाने का प्रयास करें। शुभ कर्मों के उत्पादक सवितादेव के दिव्यगुण से, वाणीरूपी सरस्वती से, प्रजापति के रूप से, पशुधन से युक्त पूषादेव से, वेदज्ञान से युक्त बृहस्पति देव से, राजारूप इंद्रदेव से, पराक्रमयुक्त वरुणदेव से, तेजस्वी अग्निदेव से, राजा स्वरूप सोमदेव से और पालनकर्ता विष्णुदेव (इन दस देवों)से प्रेरित होकर हम देवत्व के मार्ग पर बढ़ते हैं।

एक नजर

किशोर से कुकर्म, दो नाबालिग हिरासत में

नहटौर, अमृत विचार : कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर किशोर के साथ उसके दो साथियों ने कुकर्म किया। आरोपियों ने घटना का वीडियो वायरल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दो नाबालिग को हिरासत में लिया है। बताया कि क्षेत्र के एक किशोर को उसके दो साथी अपने साथ ले गए। आरोप है कि दोनों ने अपने एक साथी को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। बेहोशी की हालत में उसके साथ कुकर्म किया। जान से मारने की धमकी देते हुए वीडियो वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर मामले का पता चला। इसके बाद पीड़ित किशोर के पिता ने दोनों किशोरों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कुकर्म व आईटी एक्ट धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

चाकू के साथ आरोपी को किया गया गिरफ्तार

हल्दौर, अमृत विचार : पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद कस्बा झालू को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी क खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया।

वाहन पलटने से कपड़ा व्यापारी की मौत, सात जख्मी

कपड़ा बेचने जाते समय रामसहाय वाला की चुंगी के पास नेशनल हाइवे पर हुआ हादसा

संवाददाता, शेरकोट

अमृत विचार : कार को बचाने के प्रयास में छोटा हाथी वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में कपड़ा व्यापारी की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सोमवार को यह हादसा नेशनल हाइवे-74 पर हुआ। बताया गया कि नहटौर क्षेत्र के रहने वाले रईस, परवेज, जावेद, सुलेमान, आवेश, अकरम, अनस, गुड्डू अफजलगढ़ कपड़े बेचने जा रहे थे। जैसे ही इनका वाहन रामसहाय वाला की चुंगी के पास पहुंचा तो कार को बचाने के प्रयास में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। वाहन में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। लोगों ने दबे हुए लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को सीएससी धामपुर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने रईस (35) को मृत घोषित कर दिया।

वाहन को सीधा करते लोग। ● अमृत विचार

ट्रकों की भिड़ंत में दो चालक घायल : नहटौर : बुलंदशहर निवासी रंजीत सिंह ट्रक चालक है। रविवार देर शाम वह अपना ट्रक लेकर धामपुर से नहटौर की ओर से आ रहा था। नहटौर की ओर से ट्रक चालक सलमान निवासी ऊमरी बरुकी थाना कोतवाली देहात ट्रक में गन्ना भरकर धामपुर चीनी मिल में जा रहा था। जब वह नहटौर धामपुर मार्ग स्थित ग्राम कश्मीरी के निकट सब्जी मंडी के सामने पहुंचे तो दोनों ट्रकों की आमने सामने की भिड़ंत हो गई जिससे चालक रंजीत ट्रक में फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से उसे निकालकर दोनों चालकों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने रंजीत की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई।

घायल युवक की उपचार के दौरान मेरठ में मौत

शेरकोट, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला नौंधना निवासी मोहम्मद कासिम का पुत्र सादिक उर्फ सद्दाम (25) शुक्रवार को कार से हरेवली से नगीना जा रहा था। इस बीच कार और सामने से आई स्कॉर्पियो के बीच टक्कर हो गई थी। हादस में सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर हालत में उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान शनिवार रात उसने दम तोड़ दिया। सोमवार को जौहर की नमाज के बाद उसे सुपुर्द खाक कर दिया गया। सद्दाम सऊदी अरब में किसी कंपनी में काम करता था। तीन फरवरी को उसकी शादी हुई थी। इस घटना से उसकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

बैराज रोड पर गड्ढे में पलटी जायरीनों की बस, घायल

बिजनौर, अमृत विचार : क्षेत्र में बैराज रोड पर जायरीनों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में बस 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को बस से निकालकर अस्पताल में पहुंचवाया। हादसे के दौरान रोड पर जाम लग गया। यह हादसा शहर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे-34 बैराज रोड पर हुआ। बताया गया कि सोमवार सुबह जोगिरमपुरी रायपुर स्थित दरगाह-ए-आलिया से जायरीनों की बस मुजफ्फरनगर जा रही थी। जैसे ही बस बैराज रोड पर पहुंची तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई। इससे जायरीनों में चीख पुकार मच गई। बताया कि मुजफ्फरनगर के रहने वाले लोग दरगाह-ए-आलिया पर मजलिस में शामिल होने के लिए आए थे। फिलहाल सात घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में मोहम्मद असद (17) पुत्र गुलाम नबी, अब्बास रजा (8) पुत्र नासिर हुसैन सिकंदरपुर थाना चरथावल मुजफ्फरनगर, आतिफ (8) पुत्र अमजत अली सिकंदर, रुखसार (22) पुत्र भूरा समेत अन्य लोग घायल हुए हैं।

भाकियू ने उठाए किसानों के मुद्दे

संवाददाता, हल्दौर

अमृत विचार : बिलाई स्थित कार्यालय में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की बैठक हुई। इसमें बिलाई चीनी मिल से शीघ्र भुगतान, छुट्टा पशुओं पर अंकुश लगाने और जिला पंचायत कार्यालय में किसानों, डेयरी संचालकों व छोटे दुकानदारों से अवैध वसूली करने समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

भाकियू चढ़ूनी के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि किसानों दूध डेयरी चला रहे हैं, उनके संचालकों से जिला पंचायत कार्यालय के ठेकेदार अवैध वसूली करते हैं। विरोध करने पर डेयरी संचालकों को कार्रवाई के नोटिस भेज देते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों से अवैध वसूली नहीं करने दी जाएगी। इस मुद्दे को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी का एक प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत कार्यालय बिजनौर पहुंचकर मुलाकात करेगा। कहा कि इस वर्ष गन्ने की फसल में कमी होने के बावजूद पूरा सीजन बीतने पर अभी तक बिलाई मिल ने केवल 45 दिन का गन्ना भुगतान किया है। आदर्श आचार संहिता का सम्मान करते हुए लोकसभा चुनाव के बाद भाकियू चढ़ूनी इन मामलों को लेकर जिला मुख्यालय बिजनौर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, मुनेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, राकेश कुमार, विकेश कुमार, देवेंद्र सिंह , पीतम सिंह, नितिन कुमार, राहुल कुमार, मोहित कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के बाद भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

नजीबाबाद, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला वाहिद नगर स्थित अब्दुल वाहिद मेमोरियल अकादमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मेधावी बच्चों को प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पूर्व प्रधानाचार्य एजाजुल हक ने कहा कि जिन बच्चों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा वे मायूस न हो, बल्कि अगले साल ज्यादा मेहनत कर आगे बढ़े। उन्होंने बच्चों के माता पिता से भी कहा कि वे उनकी तालीम पर भी ध्यान दे। मैनेजर नौशाद अहमद अंसारी ने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा बहुत आवश्यक है। इस दौरान प्रधानाचार्य शहजाद, मोहम्मद उजैफ, शफ्क, शारीबा, रईसा, हाजी तनवीर अंसारी व अन्य मौजूद रहे।

मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को हुई बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। कहा कि एआरओ मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान से पहले व्यवस्थाएं कराएं। कहा कि किसी भी मतदेय स्थल पर सुविधा की कमी न रहे।

उन्होंने शहरी क्षेत्र में बनाए गए मतदान केंद्रों में ईओ व ग्रामीण क्षेत्रों में खंड शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी को वोटर सहायता बूथ एवं दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर रोशनी, स्वच्छ पेयजल, फर्नीचर, बिजली पंखों की व्यवस्था करें। मतदान कार्मिकों के मोबाइल चार्जिंग के लिए पावर प्वाईंट लगाएं। साथ ही वीडियो ग्राफर की भी व्यवस्था रहें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, उपजिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, उपजिलाधिकारी न्यायिक जयेंद्र सिंह व ईओ आदि उपस्थित रहे। उधर, लोकसभा चुनाव प्रेक्षक पंकज अग्रवाल ने सूचना भवन स्थित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रेस पत्रावली व विज्ञापन पत्रावली की दैनिक रिपोर्टिंग पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरा अपर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार सिंह आदि रहे।

सार-संक्षेप

मजलिस को खिताब करते मौलाना। ● अमृत विचार

हजरत अली की शहादत पर डाली रोशनी

हल्दौर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांग छजुपुरा सादात में हजरत अली की शहादत पर मजलिसें हुईं। इनमें मौलाना राहिब अब्बास करबलाई व मौलाना मेहंदी अब्बास जैदी ने तकरीर दी। मौलाना मेहंदी अब्बास ने कहा कि हजरत अली की शहादत रमजान में इराक के शहर कूफा की मस्जिद में हुई थी। मौलाना ने कहा कि हजरत अली उस वक्त इस्लाम की मदद के लिए आगे आए, जब इस्लाम का कोई भी हमदर्द नहीं था। उन्होंने इस्लाम धर्म को आम लोगों तक पहुंचाया। उनकी इसी सेवाभाव को देखते हुए हजरत मोहम्मद साहब ने उन्हें खलीफा मुकर्रर किया। उन्होंने शांति और अमन का पैगाम दिया था। उन्होंने कहा था कि इस्लाम इंसानियत का धर्म है और वह अहिंसा के पक्ष में है। हजरत अली ने हमेशा राष्ट्रप्रेम और समाज से भेदभाव हटाने की कोशिश की। बाद में शबीहे ताबूत का अलम बरामद हुआ, जो दादा सैद कमाल की दरगाह में जाकर दफन हुआ।

गुलदार के हमले में घायल का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

गुलदार के हमले में किसान घायल

नगीना, अमृत विचार : जंगल में काम कर रहे 58 वर्षीय व्यक्ति पर गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। संघर्ष करने के बाद वह गुलदार के चंगुल से छूट सका। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना के बाद वन विभाग के रेंजर प्रदीप कुमार शर्मा ने घायल का हाल-चाल पूछा। बताया कि गांव में पिंजरा लगाया जाएगा और वन विभाग की टीम की ड्यूटी लगा दी जाएगी। क्षेत्र के गांव जलालपुर सुल्तान निवासी रामपाल खेत में काम कर रहे थे। तभी गेहूं की फसल से निकलकर गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। रामपाल ने गुलदार से जमकर संघर्ष किया और अपने आप को छुड़ा लिया। घटना की सूचना के बाद ग्रामीण जंगल पहुंचे और घायल अवस्था में रामपाल को गांव में ले आए। बाद में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल रामपाल को बिजनौर रेफर कर दिया। बताया गया कि एक वर्ष पहले 17 जुलाई को जलालपुर सुल्तान के जंगल में तेलीपुरा निवासी संदीप कुमार पर गुलदार ने हमला कर जान से मार दिया था।

छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्योहारा, अमृत विचार : बुढ़नपुर स्थित पारकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को वार्षिक उत्सव धूमधाम मनाया गया। इस दौरान शेयश कौशिक, मोहनी गौतम, अरनव तातरान, इनाया अंसारी जूनियर विंग, सीनियर विंग में जिया राजपूत, नसरा अंसारी, गरिमा गौतम को सपी नीरज कुमार जादौन और प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने सम्मानित किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान तारिक जैदी, आशीष कुमार, साजिया, रोहित शर्मा, रागनी रस्तोगी, रूही आदि का योगदान रहा। प्रोग्राम का संचलन अनाम, जिया, दीपिका आदि रहीं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

बाज नहीं आ रहा चीन

अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच फिर विवाद बढ़ सकता है। चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी नाम चीनी अक्षरों में लिखे गए हैं। चीन ने ये नाम पहाड़ों, नदियों और कुछ प्रमुख स्थानों के रखे हैं। जबकि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है। गत दिवस ही भारत-भूटान सीमा पर बसाए गए नए गांव में चीन ने तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ बनाई है। गौरतलब है कि चीन भारत से सटी सीमाओं पर कई गांवों का निर्माण कर रहा है, जिसकी आड़ में चीन के सैनिकों को क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात किया जा रहा है।

चौथी सूची जारी करने के साथ ये भी कहा गया है कि इन नामों को 1 मई, 2024 से लागू किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान के रूप में मान्यता देता है। चीन ने मार्च के शुरुआत में इस क्षेत्र पर अपना दावा ठहराते हुए कहा था कि अरुणाचल प्रदेश चीन का अंतर्निहित हिस्सा है। चीनी सरकार ने अप्रैल 2023 में चीनी अक्षरों, तिब्बती और पिनयिन का उपयोग करके क्षेत्र में 11 नामों को तय किया था, जो तीसरी लिस्ट थी। पहली लिस्ट 2017 में आई थी, जबकि दूसरी 2021 में जारी की गई थी। यही नहीं चीन ने 11 मार्च को सेला सुरंग का उद्घाटन करने अरुणाचल प्रदेश पहुंचे पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का विरोध किया था। भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। चीन लगातार भारत विरोधी कदम उठाकर नापाक चाल चलने से बाज नहीं आ रहा है।

हालांकि भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किए जा रहे दावे को 23 मार्च को बेतुका करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके ही हैं। ऐसे में जरूरी है कि चीन की आक्रामक नीति पर अंकुश लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चीन को अलग-थलग करने की कोशिश करनी चाहिए।

जानकारी और ज्ञान का फर्क समझना होगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है।

पढ़ा-लिखा होने का असली मतलब क्या है? सामान्य तरीके से अंग्रेजी में 'एजुकेटेड' कहें तो हिंदी भाषा में इसका शब्दानुवाद 'पढ़ा-लिखा' और संस्कारी होता है। मतलब यह कि सामान्य और कम शिक्षित व्यक्ति से कुछ ऊपर की वैसी पढ़ाई किया हुआ व्यक्ति जिसने हाई स्कूल लेवल तक पढ़ाई की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के देहात में 'यू घणा पढ़ा लिखा माणस सै' आशय उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जाता है जिसने न केवल उच्च शिक्षा अर्जित की है वरन स्वाध्याय से भी जानकारी का अपना स्तर बढ़ाया है।

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है। किसी खास बात पर अपनी राय भी 'रिज़र्व' रखनी चाहिए। कहते हैं न, बात की वैल्यू तभी होती है जब अपनी बराबर के स्तर वालों से जाए। आमजन अमूमन ऊंचे दर्जे वाली टेक्निकल या वैज्ञानिक जानकारी समझ नहीं पाता। मिश्रित और सामान्य जानकारी वाले समाज में ऊंचे ज्ञान वाली बात की कद्र नहीं होगी और हो सकता है खिल्ली भी उड़े। ज्ञानवान को ज्ञान के उपेक्षा नहीं सुहाती, क्योंकि बात की गहराई को नहीं समझने वाले वाले लोगों के लिए इसका परिप्रेक्ष्य और कॉन्टेक्स्ट विशिष्ट हो सकता है।

> सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है।

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है। अपेक्षा न किसी से रखें कि वह एक ख़ास कंटेंट से बौद्धिक रूप से इंडलजेन्स शो करेगा या उसे करनी चाहिए। वह खुद को इन्वोल्व तब करेगा जब एक उपयुक्त जवाब देने के लिए दूसरे के मन में बौद्धिक रूप से कुलमुलाहट होगी। इसमें बौद्धिक क्षमता और एनर्जी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में दो सिद्धांत याद रखने जरूरी हैः एक, ज्ञान बाटेंगे तो अपनी भी एक्सरसाइज होती है और यह बढ़ता है। दूसरे का स्तर बढ़ता है या नहीं, इसका फीडबैक नहीं मिलता। व्यक्तिगत तौर से परिचित लोग भी कन्नी काटते हैं। अनुभव यह भी कहता है कि लोग बात को पकड़ते जरूरत हैं, लेकिन रियेक्ट नहीं करते। सोचते हैं क्यों उलझा जाए। नए ज्ञान का सृजन करने के पश्चात इसके कन्फर्मेशन के लिए अकादमिक जगत में सह-बौद्धिकों से सहयोग -रिजेक्शन या अप्रूवल, अगर नहीं मिलता तो विश्व में आज ज्ञान का कारोबार इतना विशाल न हुआ होता। कारोबार का अर्थ ज्ञान सृजन में संसाधनों (पूंजी और स्किल्ड मनुष्य) के निवेश और ज्ञान के प्रसार -प्रिंटिंग एंड सर्कुलेशन, से है।

जानकारी और ज्ञान में क्या फर्क है। पहले तो यही समझना जरूरी है कि ज्ञानोदय से पहले जानकारी एक आधार रूप में मौजूद है, यह शर्त पूरी करनी होती है। जानकारी का मौके के अनुकूल विश्लेषण और एप्लीकेशन ज्ञानवान बनने के लिए जरूरी है। इसके रिजल्ट्स से ही विजडम पैदा होती। देखा गया है कि विजडम का ताल्लुक शतप्रतिशत इस बात से नहीं होता कि एक व्यक्ति का औपचारिक शिक्षा का स्तर कितना है बल्कि इससे कि उसकी ऑब्ज़र्वेशन और एनालिसिस की पॉवर कितनी सशक्त है। ये दोनों तत्व एक व्यक्ति के शैक्षिक स्तर और उसके परिवेशी अध्ययन और अनुभव से मिलते हैं तो व्यक्ति में ज्ञान का उदय होता है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है। इसमें कभी 'क्वांटम जम्प' नहीं होता। अनुभव न होने से 'प्रोडिजीज' में(मेधावी) भी गलतियां करते हैं और अनेक बार दुर्घटना हो जाती है। ज्ञान किसी और तरीके से फंक्शन करता है और जानकारी का उच्च स्तर किसी और तरीके से। ज्ञान और विजडम को क्या मापा जा सकता है और इसे क्वांटिफाई किया जा सकता अर्थात क्या इसकी नुमेरिकल वैल्यूज तय करके इनकी 'स्टेटिस्टिकल सिग्निफिकेंस' तय की जा सकती है। एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट्स इस बारे में क्या कहते हैं? ऐसा करने की पद्धति क्या है? और, मापन के समय गणना करते समय 'अनजान त्रुटियों' को निरस्त करने का फार्मूला लगाने के बावजूद क्या ऐसे नतीजों को स्वीकार किया जा सकता है? बड़ी बात यह है कि मैय्यर (मापन) किये जाने के बाद सावधानीवश यह चेतावनी या पूर्व-कथन (डिस्क्लेमर) इस नतीजे पर लगा दिया जाता है कि उक्त गणना केवल तात्कालिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए है, दीर्घावधि के लिए या अमान्य है। इसलिए कि दस साल बाद व्यक्ति का बौद्धिक विकास होने या न होने से स्थिति बदली हुई होगी और अगर पिछ्ला डेटा किसी अगले या वर्तमान समय में एक निर्णय के लिए इस्तेमाल किया जाना है तो व्यक्ति को गंभीर हानि हो सकती है। यह उसके लिए अन्यायपूर्ण हो सकता है क्योंकि इसके कानूनी निहितार्थ भी हैं।

हमारे यहां अंग्रेजों के मैनर्स, कस्टम्स अर्थात सिविल लाइफ का बड़ा इन्फ्लुएंस रहा है। हमारे यहां भी ये सब व्यवहारिक तत्व प्रत्येक कम्युनिटी में मौजूद हैं। पहले बिंदु की बात करें तो हमारे यहां अदब में नाटकीयता कम है, लेकिन हाव-भाव अर्थात भंगिमाओं का अंश अधिक है। समाज में उच्च संस्कारित व्यक्ति की पहचान का एक तत्व 'अदब' है जिसे हम अपने महापुरुषों, जैसे कि राजकुलों में पैदा हुए श्रीराम जैसों और श्री हनुमान के जीवनचरित का अध्ययन करके जान सकते हैं जोकि अक्सर ही टेक्स्ट्स या एपिक्स के जरिये से मालूम होता है। लेकिन अंग्रेजों के अदब का परिचय हमें भारत में नियुक्त अफसरों और वाइसराय के दरबार आदि के संचालनों और दैनंदिन की शासकीय और सिविल लाइफ के कोड्स से ही मालूम होता है। हमारे अपने सामान्य जीवन में यह पारिवारिक ताल्लुकों के जरिये से मालूम होता है। एक अपढ़ बाप की बेटा या बेटी अगर विश्व स्तरीय वैज्ञानिक या विद्वान् है तो वह अपने पिता से पेश आते समय भारतीय अदब का ही पालन करेगा। अपने पिता से मिलते हुए वह अपना ज्ञान नहीं बघारेगा क्योंकि पिता और संतान का कार्यक्षेत्र अलग है। इसलिए मेरे हिसाब से भारत में पढ़ा-लिखा होने का मतलब जानकारी के आधिक्य से नहीं बल्कि 'नाते' या ताल्लुक से पैदा हुए अदब से अधिक होना चाहिए।

पारंपरिक नज़रिए से भारत में अफसर होने की सोच एक समय पर सिर्फ थानेदार, पटवारी और स्कूल मास्टर और क्लर्क या बाबू के पद पर नियुक्त हो जाने तक सीमित रही थी। अब हजारों नए काम पैदा हो गए हैं इसलिए अफसरों का डेजिग्नेशन बदला है तब भी पुराणी सोच वाले लोग अकसर यह पूछ लेते हैं कि अमुक व्यक्ति पटवारी, मास्टर और थानेदार से बड़ा है या छोटा! खैर, इस बाबत बहुत तरीके से बात हो सकती है, और बहुतों की एक्सप्लेनेशंस बिलकुल अलग तरीके से पेश हो सकती हैं, परन्तु समाज में निचले और मामूली पढ़े लिखे लोगों की संयुक्त सोच या 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' ऐसी है कि वे संकोची हैं तो तथाकथित 'पढ़े-लिखे' के आगे चुप रहेंगे या उसकी तरफ अधिक ध्यान न देते हुए दिनचर्या पूरी करते रहेंगे लेकिन उपेक्षा नहीं दिखाएंगे, रिजेक्ट तो करेंगे ही नहीं। 'कुछ लोग' बेशक उसे 'तिरस्कार' की नज़र से भी देख लें। जैसे कि समाज में निचले तबके का कोई व्यक्ति अगर एक इंटरनेशनल साइंटिस्ट या स्कॉलर हो गया है उसे दंभी व्यक्ति इसलिए तिरस्कृत करेंगे कि उसके परिवार की बैकग्राउंड 'निम्न' धंधे वाली रही है। इस बारे में देश में उच्च वर्णों में वर्ग विशेष की 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' कैसे काम करती रही है, इससे हमारा परिचय है ही। उच्च वर्णों में मामूली पढ़ा-लिखा भी बड़ा आदर पाया करता, लेकिन अब स्थिति बदली है। यह विडं बना है कि समाज में बैठने वाले एक उच्च शिक्षित व्यक्ति से उसकी क्वालिफिकेशन और आय के अलावा जाति आज भी जरूर पूछी जाती है। समाज में कुछ ढीठ लोग किसी भी उच्च शिक्षित को तिरस्कार के भाव से यह जरूर कह सकते हैं कि 'पढ़ा-लिखा तो जरूर है, लेकिन पटवारी या थानेदार तो नहीं'। ऐसे में कोई क्या कर लेगा!

प्रसंगवश

विदेशी संबंध और भारत

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत कोई देश किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस स्पष्ट व्यवस्था के रहते हुए भी यह पाया जा रहा है कि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के अंदरूनी मामलों में दखल करती हैं। संप्रति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने को लेकर ऐसे दखल के उदाहरण एकदम स्पष्ट हैं। पहले जर्मनी ने टोका टोकी की, फिर अमेरिका बोला और अब संयुक्त राष्ट्रसंघ इस घटना पर चिंता प्रकट कर रहा है। थोड़ा ही पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जेल भेजे गए थे, तब कोई बाहरी देश नहीं बोला था। पिछले दिनों नागरिकता संशोधन अधिनियम देश में लागू हुआ, तो सत्तावन इस्लामिक देशों के सहयोग संगठन ने इस पर विरोधात्मक बयान दिया। यही नहीं इस संगठन ने अयोध्या राम मंदिर मामले के फैसले को लेकर भी चिंता जाहिर की और बयानबाजी की। एक अन्य उदाहरण कनाडा का है। वहां से खालिस्तान समर्थक अलगाववादी भारत विरोधी संगठन संचालित और सिंचित होता रहता है। इस संगठन के नेता हरदीपसिंह निज्जर की विगत में वहां हत्या हुई थी, जिसका सीधा आरोप वहां की सरकार ने भारत पर लगा दिया था। तुर्किये (टर्की) अमेरिका नीत नाटो का सदस्य है और हमारे खिलाफ बोलता रहता है। छोटे से देश मालदीव ने चीन के इशारे पर हमें आंखें दिखाकर वहां से हमारी सेना हटवाने की जिद की है और हटवा रहा है। वह 'इंडिया आउट' अभियान चला रहा है। लंका, जिसकी हम मदद करते रहे हैं, चीन के ऐसे जलपोतों को अपने बंदरगाह पर हफ्तों लगर डालकर खड़े रहने की अनुमति दे देता है,जो निकट से हमारी जासूसी करते हैं। यही नहीं कुछ मास पूर्व पाकिस्तान स्थित अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने पाक अधिकृत कश्मीर की छह दिवसीय यात्रा की, जिसे भारत अपना कहता है। खबर मिलने पर भारत ने आपत्ति भी की थी। नेपाल और भूटान भी अब चीनी प्रभाव में दिख रहे हैं। भूटान की जमीन पर चीन अपना कब्जा बढ़ा रहा है। यह सब क्यों है? क्या भारत कमजोर है या इसे ताकतवर होते देख वाह्य शक्तियां ईर्ष्यावश ऐसा करती हैं? अथवा हमारी विदेश नीति में कोई कभी है? जो भी हो, हमें आत्ममुग्ध रहने की बजाय आत्म निरीक्षण करके स्थितियां सुधारनी चाहिए।

दुर्दांत अपराधियों का प्रभा मंडल

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

> आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी,शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं।

बदलते समाज के साथ ही समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व की परिभाषा भी बदलती रहती है। कभी विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं से लोहा लेने वाले व्यक्ति-राणा प्रताप, चांदबीबी, दुर्गावती, शिवाजी हमारे पूजनीय हुआ करते थे, कभी स्वतंत्रता हेतु बलिदान करने या संघर्ष करने वाले-मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू कुंवर सिंह, चाफेकर बंधू,बाल, लाल, पाल, भगत सिंह, गांधी, सुभाष, नेहरू हमारे नायक होते थे। सामाजिक मूल्यों के पतन के साथ हमारे नायकों में भी परिवर्तन हो रहा है। आज विद्वान अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर, सज्जन नौकरशाह, शरीफ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी से अधिक बाहुबली, धनबली, कुख्यात राजनीतिज्ञ, तस्कर, अपराधी आदि समाज के प्रेरक व्यक्तित्व हो गए हैं। मैं 1986-89 में सीओ कोतवाली इलाहाबाद था, उस समय शहर में मौला भुक्खल तथा अतीक अहमद बड़े अपराधी हुआ करते थे। हम प्रायः भुक्खल महाराज, अतीक अहमद के घर दबिश देते रहते थे। 1988 के उप चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह इलाहाबाद में कांग्रेस के विरोध में ऐतिहासिक चुनाव लड़ रहे थे, उनको हराने में सहयोग देने के लिए भुक्खल को चुनाव तक गिरफ्तार न करने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए थे और वह प्रचार के नाम पर शहर और देहात में निर्भय भ्रमण करते थे। वर्ष 1993 में जब मैं पुलिस अधीक्षक नगर होकर इलाहाबाद लौटा तो अतीक अहमद विधायक हो चुके थे। उसका कद इतना बढ़ गया कि वरिष्ठ अधिकारी उसकी कृपा के आकांक्षी रहते थे। 2009 के लोकसभा चुनाव के समय मैं डीआईजी झांसी था और अतीक ललितपुर जेल में निरुद्ध थे, उनके पूर्व परिचित, आयुक्त झांसी मंडल उससे जेल में मिलने हेतु आकुल थे, बहुत मुश्किल से उन्हें मैं रोक पाया। वर्ष 1995 में मैं पुलिस अधीक्षक नगर वाराणसी था। अगस्त में संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा तब तक प्रारंभ नहीं हुई जब तक मुख्तार अंसारी गाजीपुर जेल से छूट कर 70 बस तथा नौ कारों के काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंच कर मंचासीन नहीं हो गए। बाद में तो सपा, बसपा की सरकारों में वह एक महत्वपूर्ण शख्शियत और अपराध जगत के बेताज बादशाह हो गए थे। एक डिप्टी एसपी द्वारा उनके गैंग की लाइट मशीन गन की बरामदगी दिखाने पर उसे सरकार द्वारा इतना उत्पीड़ित किया गया कि उसे पुलिस सेवा त्यागनी पड़ी। ऐसे बहुत से स्वनामधन्य बड़े अपराधी हैं जो सरकार की कृपा से जनता और अधिकारियों पर भारी पड़ते हैं। बड़े अपराधी पैसा, जाति एवं धर्म का सहारा लेकर अपनी बिरादरी तथा क्षेत्र के राबिन हुड बन जाते हैं और विधानसभा तथा संसद की शोभा तक बढ़ाते हैं। अतीक की पुलिस अभिरक्षा में हत्या तथा मुख्तार अंसारी की न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में हुई मृत्यु दुखद है जिसमें बाद जांच दोषियों को दंड दिया जाना चाहिए परंतु उनके जनाजे में उपस्थित जनसमूह तथा कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएं अपराधियों के महिमा मंडन का ज्वलंत उदाहरण है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जो बाहुबलियों की उपेक्षा कर सके, कोई उन्नीस है तो कोई बीस। हमें अपराधियों के इस महिमामंडन को रोकना ही होगा नहीं तो देश पर माफियाओं का आधिपत्य हो जाएगा। आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं, जाति, धर्म, पैसा, शराब पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनावी बिगुल बजते ही दल बदल का खेल चरम पर है। प्रत्येक दल अपने यहां धुलाई मशीन लगा रखी है जो विरोधी दल के भ्रष्ट, अपराधी नेताओं को अपने दल में सम्मिलित कराकर उनका शुद्धिकरण कर दे रहे हैं। पहले मायावती जी ही पैसा लेकर टिकट देने के लिए जानी जाती थी, अब कमोवेश हर दल में यह चलन बढ़ा है। अब दिखावे के लिए भी कोई दल नैतिकता की बात नहीं करता। दलों का गठबंधन सिद्धांत पर न होकर, आपसी स्वार्थ पर हो रहा है। स्थानीय दलों में परिवारवाद चरम पर है। ईमानदारी और नैतिकता के नाम पर आए केजरीवाल तो जेल से ही सरकार चलाने का कीर्तिमान बना रहे हैं। झारखंडी हेमंत सोरेन जेल जाते समय मुख्यमंत्री पद त्यागने पर अब पछता रहे होंगे। चुनाव आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनजागरण अभियान चला रहा है लेकिन अच्छे तथा बेदाग चरित्र वाले ही प्रत्याशी बने, इस पर वह तथा सर्वोच्च न्यायालय मौन है। अब प्रश्न है कि जब सभी दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं और बेदाग प्रत्याशी नहीं उतार रहे हैं तो हम मतदान क्यों करें?और यदि नहीं करते या नोटा का बटन दबाते हैं तो भी उन्ही दागी प्रत्याशियों में से कोई एक चुना जाएगा। इस विषय पर संविधान मौन और जिम्मेदार मतदाता असमंजस में है। अब तो बुरों में भी कम बुरा प्रत्याशी और राजनैतिक दल को तलाश कर ही मत देने का विचार करना पड़ेगा।

सोशल फोरम

एलुमनाई अब एक नई जाति है

संजय वर्मा
इंदौर

यह सब कोई पंद्रह बीस साल पहले शुरू हुआ। मोबाइल ने रोजी रोटी की तलाश में दुनिया के मेले में बिछड़े सहपाठियों को ढूंढना मिलना आसान कर दिया। कुछ उत्साही लोगों ने मिलन समारोह रखे। बातें शुरू तो हुई-तुझे याद है हम कैसे क्लास बंक कर कचोरी खाने जाते थे। पर जल्द ही लोगों को समझ में आ गया कि मामला चड्डी बड्डी की बातें करने से कहीं ज्यादा गंभीर है। यह रेडी मेड नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म मिलने जैसा था। राजनीतिक कनेक्शन, खदानों के ठेके, ऑर्डरों की जुगाड़, नौकरी में प्रमोशन, बच्चों के वैवाहिक संबंध जैसे तमाम मामलों में इन कॉलेज के दोस्तों से सलाह और मदद आने लगी। बात की बात में अनौपचारिक मिलन समारोह एक औपचारिक संस्था में बदल गए। लोग नए शहर में जाने से पहले अपने कॉलेज पास आउट जूनियर सीनियर बंदों के फोन नंबर जुगाड़ने लगे। अचानक लोगों को इन एलुमनाई एसोसिएशन से वही महत्व और संरक्षण मिलने लगा जो किसी जमाने में सरकारी नौकरी में ठाकुर या बामन लॉबी अपने जाति भाइयों को दिया करती थी। अब हालत ये है कि कॉरपोरेट में नौकरी देते समय यह देखा जाने लगा है कि इस उम्मीदवार के पीछे खड़ा एलुमनाई एसोसिएशन इसे ऑर्डर लाने, सरकार से काम निकलवाने में कितनी मदद करेग। पार्टियों में नए मिले लोग जाति धर्म के अलावा यह जानना चाहते हैं कि आप कौन से कॉलेज से पढ़े हैं। एलुमनाई संगठन एक बड़ा सामाजिक बदलाव है। एक नई जाति का उदय हुआ है। बेशक इसकी बुनियाद में व्यापार व्यावसायिक फायदे ही थे लेकिन धीरे-धीरे यह एक एक्सटेंडेड फैमिली का रोल भी अदा कर रही है। शायद संयुक्त परिवार और गांव की पंचायत के छूट जाने से दिल दिमाग में जो खालीपन पैदा हुआ है ये एलुमनाई शायद उसे ही भर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या आने वाले दिनों में इस नई जाति में भी उसी तरह की कट्टरता आ जाएगी जैसे दूसरी जाति धर्म में होती है? हो सकता है आईआईएम अहमदाबाद वाले सिर्फ आईआईएम वालों को ही नौकरी पर रखें। ये भी संभव है कि वे छोटे कस्बाई कॉलेज वालों से छुआ छूत रखें। इंसान का मन जुड़ने के लिए कैसे-कैसे बहाने करता है, एलुमनाई उसकी एक मिसाल।

-फेसबुक वॉल से

अपनी नगरी में निसर्ग के अद्भुत संकेत

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग–पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं।

अपने गुरुकुल भूमि की सोंधी महक किसे अच्छी नहीं लगती? काशी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय को मैं भावनात्मक रूप से दूसरी जन्मभूमि मानता हूं। इसलिए जब मेरी ज्येष्ठ बेटी ने नाती तथा दामाद के साथ बनारस चलने की इच्छा प्रकट की तो मैं तुरंत सहमत हो गया। हम लोग सपरिवार वायु यात्रा से वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गोधूलि बेला में पहुंचे। बहुत शीघ्र ही हम अपने गंतव्य नदेसर स्थित महाराज काशीनरेश के पुराने राजभवन (नदेसर पैलेस) जो अब नदेसर ताज पैलेस के नाम से सुविख्यात है, पहुंच गए। वहां हम सबका स्वागत शंखनाद, वेद ध्वनि, पुष्पवर्षा, मंगल -तिलक, स्वस्तिवाचन तथा गंगाजी की मिट्टी से बने सुरुचिपूर्ण आकर्षक माल्यार्पण से हुआ। यद्यपि मैं बनारस में काफी लंबी अवधि तक रहा पर मुझे नदेसर पैलेस के इस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा का बिल्कुल भी आभास नहीं था। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद हम लोग अपने अपने कक्ष में चले गए। मुझे जो कक्ष मिला वह संयोग से कश्मीर के पूर्व महाराजा कर्ण सिंह और उनके परिवार के अतिथि निवास का साक्षी रह चुका था। यह बात मेरे नाती के मन में गुदगुदी पैदा करती थी।

हम लोग करीब तीन दिनों तक नदेसर पैलेस प्रांगण में रुके और उस अवधि में दशाश्वमेध स्नान, संकटमोचन, काशी विश्वनाथ, काशी घाट दर्शन, गंगा आरती, काल भैरव, दुर्गाजी, वनकटी, दुर्गविनायक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर का विहंगम परिभ्रमण, अपने पूर्व आवास ओल्ड एफ टू जोधपुर का कायाकल्प, प्रिंसिपल कालोनी स्थित प्राचीन हनुमानजी, 1971 के दशक में नगवां स्थित अमेठी कोठी के अपने आरंभिक निवास का जायजा लिया, आनंद उठाया। शहर के उत्तरी छोर पर स्थित भगवान बुद्ध की पीठस्थली सारनाथ भी गए। नवनिर्मित बौद्ध विश्वविद्यालय देखा। इस संपूर्ण प्रवास में निसर्ग की कुछ लीलाएं देखीं। काशी की विशिष्टताएं देखीं। उनमें से कुछ उल्लेखनीय घटनाएंः

एक गिलहरी का अध्यवसाय–प्रवास की पहली सुबह पैलेस परिसर में स्थित नंदीश्वर मंदिर की पूजा आरती में सम्मिलित होने गया। वहां पर मैंने एक अद्भुत नजारा देखा। एक गिलहरी मंदिर के कोने में बने एक दीप प्रकोष्ठ के छोटे सुराख के अंदर अपने मुख में कुछ भोज्य पदार्थ लेकर अंदर घुसने का प्रयत्न कर रही थी। अंततः उसने ऐसी सूझबूझ दिखाई की मैं हतप्रभ रह गया। गिलहरी ने भोज्य पदार्थ प्रकोष्ठ के छिद्र पर अटका दिया और प्रकोष्ठ की पिछली दीवाल से अंदर प्रवेश कर उस भोज्य पदार्थ को अंदर घसीट लिया। एक नन्हें से जीव द्वारा कमाल का चातुर्य और अध्यवसाय।

इस छोटी सी लगने वाली घटना ने मुझे सेतुबंध रामेश्वर के उस दृश्य का स्मरण करा दिया। कहते हैं दयानिधान राघवेंद्र श्रीराम के दुलारभरे हाथों की रेखाएं गिलहरियों के पृष्ठ भाग में आज भी उपस्थित हैं। मेरे मन में नंदीश्वर महादेव के सानिध्य में बने निर्मित प्रकोष्ठों के अत्यंत संकीर्ण छिद्रों के अंदर उस गिलहरी द्वारा घुसकर अपने भोज्य पदार्थ को ले जाने की घटना एक असाधारण अध्यवसाय की बात थी जिससे जीवन में बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

अस्वस्थ अश्वत्थ–काशी में कोई आस्तिक आए और बिना संकटमोचन, दुर्गाजी, दुर्गविनायक तथा वनकटी दर्शन किये बिना लौट जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। हमने होटल से एक ई-रिक्शा किया और सीधे दुर्गाजी के निकट स्थित वनकटी हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। अब वहां पर तीसरी पीढ़ी के पुजारी जी थे। 1960 के दशक में वृद्ध तिवारी जी मंदिर की देखभाल करते थे, उनके बाद उनके दामाद स्वर्गीय रामगोपाल मिश्रजी और अब उनके भतीजे धनंजय मिश्र। एक बात जिसने मुझे बहुत आश्चर्यचकित कर दिया वह था, मंदिर परिसर में स्थित विशाल पीपल के पेड़ की अनुपस्थिति। उसके स्थान पर एक नवजात पीपल का पौधा लगाया हुआ था। पुजारीजी से पूछने पर पता चला कि पुराने विशालकाय पीपल के वृक्ष को अंदर ही अंदर दीमक (एक तरह की सफेद चींटी) चाट गई। इतने बड़े पीपल का दीमक द्वारा सर्वनाश मन को हिला देने वाली बात थी। यह कुछ उसी प्रकार की दुर्घटना थी जिस प्रकार अधिकांश असंक्रामक बीमारियां जैसे मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदयाघात, कैंसर आदि चीटीं की भांति हमारे शरीर में चुपचाप प्रवेश करती हैं और धीरे-धीरे विशालकाय हाथी का स्वरूप धारण कर शरीर को अंदर ही अंदर दीमक की भांति खोखला कर देती हैं और उसे पूर्णतः ध्वस्त कर देती हैं।

दिये का संघर्ष –काशी में कुल चौरासी घाट हैं जो शहर के उत्तरी छोर राजघाट से शुरू होकर दक्षिणी सीमा सामनेघाट तक अर्धचंद्राकार रूप में फैले हुए हैं। इस प्राचीनतम नगरी के सांस्कृतिक वैभव को किसी को देखना हो तो रात की बेला में नौकाविहार के द्वारा विहंगम अवलोकन अत्यंत आवश्यक है। अब तो गंगा आरती का आयाम इस नौका आनंद को और कई गुण बढ़ा देता है। अंधकार और प्रबल नीरवता के बीच नौका पर काशी दर्शन आस्तिकता के एक और पक्ष का दर्शन कराता है। वह है घाट के किनारे दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा। इन्हीं में से एक दीपक जब मां गंगा की बीच धारा में ऊर्मिल लहरों के बीच अकेले संघर्ष करते प्रवहमान दिख जाता है तो सहसा भर्तहरि का वह श्लोक याद आ जाता है जिसमें वह कहते हैं – 'प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः । विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः, प्रारभ्य च उत्तमजनाः न परित्यजन्ति। उत्तम कोटि के लोग अच्छे काम के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं और उसे प्राप्त करके ही दम लेते हैं ।

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं। गुंजित-कुंजित वातावरण बरबस काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मंदिर प्रांगण की याद दिला देता है। अपने प्रवास के दूसरे दिन प्रातःकाल अल्पाहार के समय निकट छतरी के पास एक संगीतज्ञ महोदय सितार बजा रहे थे कि अचानक एक मयूर अपने दो शावकों के साथ हरे मैदान में आ गया और कुछ समय पश्चात नृत्य करने लगा। संगीत की निर्झरणी ने मयूर की हृदतंत्री को ऐसा झंकृत किया की वह निरभ्र आकाश के नीचे अपने समस्त पंख फैला कर नाचने लगा। कुछ ऐसा ही होता है हमारे हृदय की तंत्रिका प्रणाली को जब वह मर्यादा में संतुलित और सम्यक रहती है तब उसकी सुतालता (रिदम) बनी रहती है अन्यथा उसे अतालता में जाते देर नहीं लगती।

वानर का तंबाकू निषेध पाठ–अपने यात्रा क्रम में मैं और पुत्री दुर्गाजी गया। दर्शन करके लौट ही था की हमारे ई -वाहन चालक ने बताया की एक वानर उसके ई -वहां के स्टियरिंग के नीचे बने झोले से उसकी सुरती का पैकेट उठाया, भाग कर एक दीवाल पर बैठ कर उस सुर्ती के पैकेट को फाड़ा और फिर हिकारत की दृष्टि से वाहन चालक को घूर कर उस पैकेट को फेंक दिया। यह सुनकर मैंने उस ड्राइवर को उसके मलिन, क्षत-विक्षत, बदरंग दांतों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि देखो अब इस वानर ने भी तुम्हें सुर्ती न खाने का पाठ पढ़ाया है। देखने में उपरोक्त घटनाएं बहुत छोटी और नगण्य सी लगती हैं लेकिन इन सबके पीछे अध्यवसाय, सुस्वास्थ्य, सोद्देश्यता, निरन्तरता तथा जीवन में तालमयता के गूढ आध्यात्मिक संदेश छिपे हुए हैं जिनका पालन कर हम अपने जीवन को समुन्नत और सार्थक बना सकते हैं। अवि मुक्तेश्वर काशी में निसर्ग से मिली इतनी सारी सीखें मुझे सदा सर्वदा याद रहेगी।

फैजाबाद (अयोध्या) ने सबको गले लगाया

किसी को निराश, उदास नहीं किया

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : रामलला की नगरी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा) ने सबको गले लगाया है। धर्म-अध्यात्म ही नहीं राजनीति में भी। श्रीराम की धरती सबको बुलाती है, प्रेम करती है और सम्मान देती है। अयोध्या की तासीर कुछ ऐसी ही है। राम मंदिर आंदोलन के दौर में भी अयोध्या ने सियासत में किसी को उपेक्षित नहीं किया। सबको मौका दिया लेकिन बदले में अयोध्या को वह नहीं मिला, जिसकी जरूरत थी।

फैजाबाद लोकसभा सीट में शामिल अयोध्या वैराग्य की नगरी है। यह निरपेक्ष रहती है। अपने भक्तों के लिए सब कुछ करती है लेकिन उदास किसी को नहीं छोड़ती है, चाहे वह राजनीति ही क्यों न हो। संघ परिवार ने अस्सी के दशक में अयोध्या पर फोकस किया। 1984 में विहिप ने राम मंदिर मुक्ति आंदोलन छेड़ा। कांग्रेस की सरकार थी। भाजपा आंदोलन के पीछे सहयोगी थी। समर्थन और विरोध की पृष्ठभूमि में वामपंथ और दक्षिण पंथ की वैचारिक लड़ाई समानांतार रूप से चल रही थी। लेकिन भाजपा को अयोध्या ने दरकिनार कर दिया। वर्ष 1989 में वामपंथ को मौका दिया। भाकपा प्रत्याशी मित्रसेन यादव को सांसद बनाकर लोकसभा में भेज दिया। इसके बाद मंदिर आंदोलन और प्रचंड हुआ। विवादित ढांचा ढहाया गया।

गोली चलाने की आरोपी सपा को भी अपनाया

- अयोध्या ने राम लहर में 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मौका दिया। विनय कटियार सांसद बने। 1996 तक भगवा लहराता रहा। लेकिन 1998 के चुनाव में फिर पांसा पलट गया। वामपंथ के शीर्ष विचारकों के आवागमन और आंदोलन का दौर रहा। मुद्दे और पैनी सियासत का प्रभाव भी इसमें शामिल हुआ। 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने की आरोपी व आंदोलन का विरोध कर रही सपा को अयोध्या ने मौका दिया। सपा के टिकट पर मित्रसेन को फिर सांसद बना दिया। लेकिन अयोध्या को आंदोलन की नगरी के नाम के सिवाय कुछ नहीं मिला। इसके चलते 1999 में विनय कटियार को फिर मौका दिया।

तीन दशक में क्या कुछ नहीं देखा और सहा

- सन 1984 से 2014 तक तीन दशक में अयोध्या ने अपनी साझी संस्कृति का प्रसार किया। लोकतंत्र को वैचारिक रूप से मजबूत किया लेकिन धर्म अध्यात्म से इतर उसे कुछ खास नहीं मिला। अयोध्या अपनों से दूर रही। परिक्रमा रोक दी गई। आने वालों के लिए प्रतिबंध लग गए। सरयू के तट सूने हो गए। मठ-मंदिरों में बाहरी श्रद्धालुओं से इतर केवल संत और पुजारी रह गए। यह दुर्दिन के दिन थे। अखिल गुप्ता कहते हैं कि अयोध्या तो सबको अपने पास बुलाती है। लेकिन अयोध्या लंबे समय तक उपेक्षित रही। व्यवसायी घर चलाने के लिए पलायन करने लगे थे। अयोध्या अपनों से सूनी थी। वह दौर लोगों को आज भी याद है।

इस बार मुकाबले में यह प्रत्याशी

- **सपा- अवधेश प्रसाद :** नौ बार अयोध्या से विधायक रहे हैं। 2017 में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा से हारे, लेकिन 2022 में गोरखनाथ बाबा को ही हराया।
- **भाजपा - लल्लू सिंह :** दो बार से सांसद चुने जा रहे हैं। 2014 में सपा के मित्रसेन यादव को हराया तो 2019 में सपा के आनंद सेन यादव को पराजित किया था।
- **बसपा - सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' :** अंबेडकर नगर भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। बसपा में शामिल होने पर मायावती ने टिकट दिया है।

बसपा-कांग्रेस को मौका दिया

- अयोध्या संस्कृति की भी नगरी है। लोकतंत्र की जनक है। शायद यही कारण है कि राम मंदिर के लिए संघर्ष कर रही भाजपा को अयोध्या के लोगों ने आंख मूंदकर समर्थन नहीं दिया। 2004 के लोकसभा चुनाव में हाथी नहीं गणेश है, नारा चला, तो अयोध्या ने बसपा का सांसद दिल्ली पहुंचा दिया। सभी प्रमुख दलों में अब केवल कांग्रेस शेष रह गई थी। वह भी सन 1985 में ताला खुलवाने का राग अलाप रही थी। अयोध्या ने कर्ज नहीं छोड़ा। 2009 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को सांसद चुन लिया। इसके बाद अयोध्या में एक बार राम मंदिर और अयोध्या के विकास की अंतरधारा चुनावी तासीर में फैलने लगी। परिणामस्वरूप सन 2014 के चुनाव में भाजपा के लल्लू सिंह को अपनाया तो सन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें ही जिताया।

श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा लोकसभा सीट का स्वभाव भी उनके जैसा ही चंचल रहा है। कभी बड़े नामों को संसद में भेजा, तो कभी निराश भी किया। बाहरी प्रत्याशियों को भी चुनने में कंजूसी नहीं दिखाई। इस बार यहां से दो बार की भाजपा सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के सामने कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को टिकट देने का फैसला लेकर मुकाबला रोमांचक बना दिया है। इससे जाट बाहुल्य हॉट सीट पर लड़ाई अब ग्लैमरस और दिलचस्प हो गई है।

जाट वोट जिसने साधे, उसकी होगी राधे-राधे

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यह सीट वर्तमान में भाजपा का गढ़ मानी जाती है। आजादी के बाद हुए आम चुनामों में जब पूरे देश में कांग्रेस का दबदबा था। मथुरा लोकसभा सीट पर उल्टी गंगा बह रही थी। यहां 1952 और 1957 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय पताका फहराई थी। 1962 से 1977 तक कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद लोकदल, जनता पार्टी व जनता दल प्रत्याशियों को यहां से जीतने का मौका मिला। 1991 से 2004 तक भाजपा ने अपना परचम लहराया। 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा वापसी की। लेकिन 2009 में रालोद ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया।

वर्ष 1991 में मथुरा में पहली बार तब कमल खिला, जब साक्षी महाराज यहां से चुनाव जीते इसके बाद 2004 और 2009 के चुनाव को छोड़कर हर बार यहां से भाजपा ही जीतती रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े चार लाख जाट वोट हैं। यही वजह है कि हर राजनीतिक दल की नजर इस वोट बैंक पर टिकी रहती है। इसी के चलते हेमा मालिनी जब यहां से चुनाव लड़ने आई थी तो कहा था कि धर्मेंद्र से शादी करके वह भी जाट बन चुकी हैं। इस बार कांग्रेस से उनका मुकाबला करने को तैयार विजेंदर सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस से साउथ दिल्ली सीट पर भाजपा के रमेश विधूड़ी के खिलाफ चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। दिसंबर 2023 में उन्होंने सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास की बात कही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस प्रत्याशी महेश पाठक को महज 28084 वोट मिलने से जमानत जब्त हो गयी थी। ऐसे में विजेंदर सिंह पर दांव लगाकर कांग्रेस खोया जनाधार तलाश रही है।

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का ही कब्जा

- मथुरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव (सुरक्षित) आती हैं। इन पांचों विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी पांचों विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा ही आगे रही थी।
- **साढ़े चार लाख जाट, तीन-तीन लाख ब्राह्मण व ठाकुर मतदाता :** मथुरा लोकसभा सीट पर 19 लाख के आसपास मतदाता हैं। इनमें करीब साढ़े चार लाख मतदाता जाट समाज के हैं। इनके अलावा तीन ब्राह्मण और करीब तीन लाख ठाकुर, डेढ़ लाख जाटव और डेढ़ लाख से कुछ अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। वैश्य वोटर यहां एक लाख और यादव मतदाता लगभग 80 हजार हैं।

अब तक 14 सांसद जाट बिरादरी से चुने जा चुके

- मथुरा सीट जाट बाहुल्य होने का प्रमाण यही है कि अब तक यहां से चुने गए 17 सांसदों में 14 जाट बिरादरी से रहे हैं। इसी कारण इस लोकसभा क्षेत्र को रालोद का गढ़ भी माना जाता था। रालोद को मात देने के लिए ही 2014 में भाजपा ने सिने तारिका हेमा मालिनी को मैदान में उतारा था। हेमा मालिनी की शादी पंजाब की जाट बिरादरी से आने वाले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र से हुई है।

1977 में 77 फीसदी वोट पाने का रिकार्ड आज तक नहीं टूटा

- 1977 की जनता लहर में मथुरा लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल के मनीराम बागड़ी चुनाव जीते थे। उनकी जीत अब तक की इस सीट पर सबसे बड़ी जीत है। कोई प्रत्याशी उनके रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सका है। बागड़ी हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। 1977 के चुनाव में 3,92,137 वोट पड़े थे। इनमें करीब 77 फीसदी 2,96,518 वोट मनीराम बागड़ी को मिले थे।

तीन बार रनर रह चुकी है यहां पर बसपा

- बसपा को मथुरा लोकसभा सीट पर हाथी के झूमने का इंतजार है। सपा के यहां मजबूत स्थिति में नहीं होने और कांग्रेस की हालत 2004 के चुनाव के बाद से खराब होने के कारण भाजपा का मुकाबला बसपा ही करती रही है। पार्टी यहां से दिग्गजों पर दांव खेलने के साथ ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड भी खेल चुकी है, लेकिन जीत के लिए तरस रही है। वर्ष 1991 से 2014 तक बसपा यहां अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। तीन बार उपविजेता रही है। 2019 में सपा-रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा का प्रत्याशी मैदान में नहीं था। मथुरा सीट पर करीब डेढ़ लाख अनुसूचित जाति का वोट गिना जाता है।

बसपा ने टिकट बदल संघ से जुड़े पूर्व अधिकारी को उतारा

- मथुरा सीट पर बसपा ने पहले वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत उपमन्यु को प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन अंतिम समय में बसपा ने प्रत्याशी बदलकर पूर्व आइआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को टिकट दे दिया। 62 वर्षीय स्कूल संचालक सुरेश सिंह भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे हैं। वह प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई में तैनात रहे हैं। वर्ष 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की रही है। वह विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ऐन वक्त पर उनकी टिकट काट दी थी। 2019 में भी वह भाजपा से टिकट मांग रहे थे। जब नहीं मिला तो बाद में बसपा में शामिल हो गए थे।

- पहले आम चुनाव में राजा महेंद्र प्रताप सिंह हारे, तो अटल बिहारी बाजपेयी की जमानत जब्त हुई
- पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पत्नी गायत्री देवी और पुत्री ज्ञानवती को भी यहां से मिली पराजय
- गांधी परिवार के करीबी विदेश मंत्री रहे कुंवर नटवर सिंह भी इस सीट पर सफलता नहीं पा सके
- भरतपुर के राजा विश्वेंद्र सिंह और डींग के राजा मान सिंह को भी इस सीट से चुनाव में हार मिली

लोकसभा चुनाव 2014 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	हेमा मालिनी	6,74,633
रालोद	जयन्त चौधरी	1,43,890
बसपा	विवेक निगम	73,572
सपा	दिनेश कर्दम	36,673

भाजपा और टीएमसी ने ही उतारे सितारे

अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेशके मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।

बांग्ला फिल्मों की अभनेत्री रहीं सांसद लॉकेट चटर्जी को पश्चिम बंगाल की हुगली सीट से भाजपा ने इस बार फिर से मौका दिया है।

टीएमसी ने बांग्ला फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी को लॉकेट चटर्जी के मुकाबले हुगली से मैदान में उतारा है। वह तमिल, तेलगु और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



टीएमसी ने पूर्व अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से चुनाव मैदान में उतारा है। शत्रुघ्न सिन्हा कई बार के सासंद हैं और कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे।

दूरदर्शन के रामायण सीरियल में श्रीराम का किरदान निभाकर घर-घर में पहचाने जाने वाले अरुण गोविल को भाजपा ने मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

भोजपुरी फिल्मों के सिंगर और एक्टर मनोज तिवारी भाजपा के टिकट पर फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को भाजपा ने उपचुनाव जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से दोबारा मैदान में उतारा है।

बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों के स्टार रहे रवि किशन को गोरखपुर सीट से भाजपा ने एक बार फिर टिकट दिया है।

वादे और इरादे | भाजपा घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में मुद्दों और सुझावों पर हुआ मंथन

'विकसित भारत' भाजपा के संकल्प पत्र का प्रमुख एजेंडा

चुनाव डेस्क, नयी दिल्ली

3.75 लाख से अधिक सुझाव मिस्ड कॉल सेवा से आए

1.70 लाख सुझाव नमो एप के जरिए भाजपा को प्राप्त हुए

19 अप्रैल पहले चरण के मतदान से पहले आएगा संकल्प पत्र

गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों को मिलेगी प्रमुखता

- माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने को देखते हुए पार्टी इनसे जुड़े मुद्दों को घोषणा पत्र में प्रमुखता दे सकती है।

मोदी के तीसरे कार्यकाल के बड़े फैसलों की नजर आएगी बानगी

- प्रधानमंत्री मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसले लिये जाएंगे। उन्होंने आज भी एक कार्यक्रम में कहा, 'पिछले 10 वर्षों में जो हुआ वह तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो देश को बहुत आगे लेकर जाना है, विकसित भारत बनाना है'। ऐसे में घोषणा पत्र को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है।

अमृत विचार। भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' एजेंडा को चुनाव में इसे किस तरह पेश किया जाए, इसकी रूपरेखा पर गहन मंत्रणा हुई। बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के खाके पर भी चर्चा की गई। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से किए जाने वाले प्रमुख वादों पर विचार-विमर्श करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को बैठक की। इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव आए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में लोगों की यह उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है। अब लोगों में मिले सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा। इसके बाद समिति की अगली बैठक में विचार विमर्श करके सर्वोत्तम को छांटा जाएगा। गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसके लिए 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' वीडियो वाहन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके जरिए पार्टी ने लोगों के सुझाव लिए हैं। जो उपयुक्त लगेंगे उन्हें घोषणा पत्र में समाहित किया जाएगा।

राम मंदिर, धारा 370 जैसे मुद्दे रहेंगे नदारद : कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं।

राजनाथ की अगुवाई में 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति

भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं, पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी को लिया गया है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह 2019 में भी घोषणा पत्र समिति के प्रमुख थे। इस समिति के कई सदस्यों को मौजूदा समिति में दोबारा जगह दी गई है।

पहाड़ की बेटी ● हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका कंगना रनौत भीमाकाली मंदिर से बाहर आईं तो लोगों ने मालाओं से लाद दिया।

राहुल को लोकतंत्र की परिभाषा नहीं पता : कंगना

मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड स्टार कंगना रनौत ने सोमवार को मंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। कंगना ने भीमाकाली मंदिर सभागार में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र की परिभाषा तक नहीं मालूम है। वह किस लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं।

हम लोकतंत्र में रहकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और इसे ही असली लोकतंत्र कहते हैं। कंगना ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को लेकर कहा कि इस पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाता वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। कंगना ने दावा किया कि भाजपा चारों लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

बसपा के गढ़ अंबेडकरनगर में आसान नहीं भाजपा की राह

2019 में बसपा से जीते रितेश पांडे इस बार भाजपा उम्मीदवाद, सपा ने लाल जी वर्मा और बसपा ने कमाल शाह को उतारा

हरीओम, अंबेडकरनगर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं, ऐसे में भाजपा, सपा और बसपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान भी कर दिया है। भाजपा ने बसपा छोडक़र भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडे पर भरोसा करते हुए उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा की कुर्मी नेता के तौर पर अच्छी पहचान है। बसपा ने भी अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर दांव खेलते हुए कलाम शाह को उम्मीदवार बनाया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने 29 सितंबर 1995 को अंबेडकरनगर जनपद की स्थापना की थी। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट को कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाता था। बसपा सुप्रीमो मायावती अंबेडकरनगर लोकसभा (अकबरपुर सुरक्षित) सीट से तीन बार सांसद भी रह चुकी हैं। 2014 में मोदी लहर में पहली बार अंबेडकरनगर में कमल खिला। 2019 के लोकसभा चुनाव में समीकरण पूरी तरह से बदल गया। बसपा और सपा गठबंधन के तहत अंबेडकरनगर सीट बसपा के खाते में चली गई। बसपा ने यहां से रितेश पांडे को चुनाव लड़ाया और वह भारी मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी मुकुट बिहारी को मात देकर सांसद बन गए। बसपा उम्मीदवार रितेश पांडे को 5 लाख 64 हजार 118 वोट मिले थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार मुकुट बिहारी वर्मा को 4 लाख 68 हजार वोट मिले।

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में रितेश पांडे ने मुकुट बिहारी को 95 हजार 880 वोट से पटखनी दी थी। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में रितेश ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर, टांडा, जलालपुर, कटेहरी, गोशाईगंज विधानसभा शामिल हैं। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अंबेडकरनगर की जनसंख्या लगभग 24 लाख थी। अंबेडकरनगर की 72.23 फीसदी जनसंख्या साक्षर है। इनमें पुरुष 81.66 फीसदी और महिलाओं की साक्षरता दर 62.66 फीसदी है। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से 2009 में बसपा के राकेश पांडे चुनाव जीतकर सांसद बने थे।

सांसद रितेश पांडे-भाजपा

लालजी वर्मा-सपा

कलाम शाह-बसपा

2019 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

बसपा	रितेश पांडे	5,64,118	वोट मिले
बीजेपी	मुकुट बिहारी	4,68,238	वोट मिले

2014 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

बीजेपी	हरिओम पांडे	4,32,104	वोट मिले
बसपा	राकेश पांडे	2,92,675	वोट मिले
सपा	राम मूर्ति वर्मा	2,34,467	वोट मिले

दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर जातिगत मतदान की बात करें तो दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक है। दलित और मुस्लिम वोटर ही लोकसभा उम्मीदवारों की दशा और दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर लगभग 4 लाख से अधिक दलित और तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर कुर्मी मतदाताओं की संख्या भी ठीक-ठाक है। कुर्मी मतदाताओं की संख्या लगभग 2 लाख से ज्यादा है। इस सीट पर करीब 2 लाख ब्राह्मण और एक लाख से ज्यादा ठाकुर मतदाता भी हैं।

यह बढ़ा रहे जनपद का गौरव

महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज और एनटीपीसी जैसे संस्थान जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस लोकसभा सीट की पहचान कपड़ा बुनाई को लेकर भी है। यहां बना टेरीकाट कपड़ा और आराफाती गमच्छा विदेशों तक जाता है।

जनपद में 18,52,627 मतदाता

जनपद में 26,444 युवा पहली बार मतदान करेंगे। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या 18,52,627 है। जिसमें से 9,64,663 पुरुष और 8,87,946 महिला मतदाता हैं। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है।

प्रत्याशी तय करने में भाजपा आगे

संवाददाता, गोरखपुर



अमृत विचार। पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जहां एक तरफ इंडिया गठबंधन टिकट को लेकर उहापोह में पड़ा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने करीब-करीब सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनावी मैदान में उतार दिया है।

बताते चलें कि लोकसभा 2024 का महासंग्राम जैसे-जैसे तेज पकड़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर सभी पार्टियों की निगाहें टिकी गई हैं। सवाल यहां इस बात का आता है कि क्यों न निगाहें टिकें। क्योंकि देश की राजनीति में उत्तर प्रदेश अपना अहम भूमिका केंद्र में सरकार बनाने में निभाता है। पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन अभी तक अपना बिसात नहीं बैठा पाया। हर एक सीट पर पार्टियों की पैनी नजर है। पार्टी उसी चेहरे पर अपना दांव लगाना चाहती है जो करीब करीब जीत सुनिश्चित कर दे। चेहरे की तलाश को लेकर उत्तर प्रदेश में ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन की तलाश जारी है। चुनावी बिगुल में चर्चाओं का माहौल कई तरह से गरम नजर आ रहा है। जिसमें कुछ लोगों का यह भी कहना है कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को टिकट देने के बाद टिकट को काट भी सकती है, और दूसरे चेहरे को भी चुनाव मैदान में उतार सकती है। फिलहाल इसमें कोई दो राय नहीं है कि जिन प्रत्याशियों का टिकट फाइनल हो गया है वह रात दिन क्षेत्र में भाजपा की और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। उसमें कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो मोदी और योगी के सहारे अपनी नैया पार लगाना चाहते हैं। शहर से लेकर गांव देहात चौराहों पर धीरे-धीरे चुनावी चर्चाएं शुरू होते हुए दिखाई दे रही हैं। इस बात की भी चर्चा हो रही है कि इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। ऐसी स्थिति में बसपा पार्टी भी पूर्वांचल में दमदार चेहरे की तलाश कर रही है। फिलहाल यह कहा जा सकता है इंडिया गठबंधन और बसपा पूर्वांचल में दमदार चेहरा तलाशने में लगी हुई हैं। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी विकास का नारा देते हुए अपनी राह को आसान बनाती जा रही है। चर्चाओं के माहौल में पूर्वांचल की कई एक लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन और बसपा लखनऊ से दिल्ली तक का चक्कर पार्टी के प्रत्याशी काट रहे हैं।

अमेटी को भायी बहू, उमड़ पड़ा था भावनाओं का ज्वार

सोनिया गांधी ने अमेटी से किया था राजनीतिक पदार्पण, मिली थी बड़ी जीत

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार। वर्ष था 1999, सलीकेदार साड़ी, सिर पर पल्लू रखकर सोनिया गांधी जब 'बहू' के रूप में अमेठी में अपने राजनीतिक सफर के लिए आई तो गांधी परिवार से जुड़ा लोगों का भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। इंदिरा गांधी की बहू को लोगों ने इस तरह पलकों पर बिठाया कि उस समय अमेठी के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी की आंधी में बाकी दल उड़ गए।

1998 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद 1999 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए अपने पति स्वर्गीय राजीव गांधी का चुनाव क्षेत्र रहे अमेठी को चुना। उस समय कांग्रेस कमज़ोर मानी जा रही थी लेकिन सोनिया गांधी के आते ही कांग्रेसियों में जोश भर गया। सोनिया गांधी के सामने अमेठी राज परिवार के संजय सिंह थे, जिनके पास अमेठी में जमीनी पकड़, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रदेश में भाजपा की सरकार का बल भी था। हालांकि एक समय संजय सिंह गांधी परिवार के काफी करीबी थे, लेकिन उसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए और उन्होंने 1998 में कांग्रेस के सतीश शर्मा को अमेठी में हरा भी दिया था। 1999 में देश में हुए मध्यावधि चुनाव में अमेठी ने 'बहू' को पलकों पर बिठाया। सोनिया ने 418960 वोट पाकर बड़ी जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी को 118948 वोट प्राप्त हुए। सपा व बसपा की स्थिति और भी ज्यादा खराब रही।

अतीत के झरोखे से

सिर पर हमेशा रहा पल्लू

1999 से 2003 तक अमेठी और 2004 से 2024 तक रायबरेली का प्रतिनिधित्व करने वाली अपराजित योद्धा सोनिया गांधी हमेशा यहां पर साड़ी और सिर पर पल्लू डाल कर ही आई हैं। हमेशा उनकी कोशिश रही कि उनके सिर से पल्लू न सरकने पाए।

1999 में किसको मिले कितने मत

पार्टी	प्रत्याशी	प्राप्त मत
कांग्रेस	सोनिया गांधी	418960
भाजपा	संजय सिंह	118948
बसपा	पारस नाथ मौर्य	33658
सपा	कमरुज्जमा फौजी	16678

मतदाताओं को अखर रही राजनीतिक दलों की चुप्पी

- टिकट में देरी से दलों को उठाना पड़ सकता है नुकसान
- भाजपा उम्मीदवार के इंतजार में अपना प्रत्याशी नहीं घोषित कर रहीं पार्टियां

उमानाथ तिवारी, गोंडा

अमृत विचार: कैसरगंज में भाजपा अपना उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित कर रही है इसका कारण लगभग साफ है कि पार्टी अभी अपने राजनैतिक हानि लाभ का गुणा गणित लगाने में जुटी हैं, लेकिन भाजपा के साथ ही सपा व बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। दोनों ही दल भाजपा से पहले अपना उम्मीदवार उतारने से हिचक रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि इस क्षेत्र में सपा-बसपा की पैठ नहीं है। कैसरगंज सीट तो समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है। पार्टी के कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा वर्ष 1996 से 2009 तक इस सीट से चार बार सांसद रहे हैं तो 2009 में बृजभूषण शरण सिंह ने भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही यहां से चुनाव जीता था। वर्ष 2014 में पार्टी के प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री स्व विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को यहां से तीन लाख से अधिक मत मिले थे। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी को भी इस क्षेत्र से पर्याप्त समर्थन मिलता रहा है। पिछले तीन चुनावों पर गौर करें तो वर्ष 2009 में बसपा प्रत्याशी पुत्तू अवस्थी यहां दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2014 में बसपा प्रत्याशी केके ओझा को 1.46 लाख वोट तो वर्ष 2019 में सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार चंद्रदेव राम यादव करैली को यहां से 3.19 लाख वोट मिला था। इस मजबूत वोट बैंक के बावजूद इन दोनों दलों की चुप्पी यहां के मतदाताओं को अखर रही है। समय पर उम्मीदवारी की घोषणा न होने से इसका नुकसान भी इन पार्टियों को उठाना पड़ सकता है। कार्यकर्ता भी इस बात को दबी जबान से स्वीकार कर रहे हैं कि टिकट वितरण में देरी का खामियाजा कहीं न कहीं पार्टी और उसके प्रत्याशी को उठाना पड़ सकता है।

विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा तो एक पर है सपा का कब्जा

- **अमृत विचार :** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के तहत गोंडा जिले की तीन विधानसभा सीटें और बहराइच जिले की दो विधानसभा सीटें आती हैं। गोंडा की कटरा, करनैलगंज और तरबगंज विधानसभा सीट और बहराइच की पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा सीट इस संसदीय क्षेत्र में शामिल हैं। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में कटरा विधानसभा सीट से भाजपा के बावन सिंह, करनैलगंज से भाजपा के अजय कुमार सिंह व तरबगंज से भाजपा के प्रेम नारायण पांडेय व बहराइच की पयागपुर सीट से भाजपा के सुभाष त्रिपाठी ने जीत हासिल की, जबकि कैसरगंज सीट पर समाजवादी पार्टी के आनंद यादव का कब्जा है।

समझौते की राजनीति ने खत्म किया कैडर अब प्रत्याशी तलाश में छूट रहे पसीने

- **अमृत विचार :** चुनावों में किए बेमेल समझौतों ने यहां से सपा व बसपा का कैडर खत्म कर दिया है। वर्ष 1996 से 2014 तक इस सीट पर सपा का कब्जा रहा। वर्ष 2014 में भी पार्टी को यहां 33 प्रतिशत वोट मिला था, लेकिन वर्ष 2019 में सपा ने यह सीट समझौते में बसपा को दे दी। लेकिन सपा का वोट बसपा के प्रत्याशी को नहीं गया और बसपा प्रत्याशी चंद्रदेव राम यादव चुनाव हार गए। इस समझौते से सपा को फायदा मिलने के बजाय नुकसान ही हुआ। इसके बाद से ही सपा का जनाधार इस सीट पर लगातार घटा है। प्रत्याशी की घोषणा में हो रही देरी की यह सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। वर्ष 2019 में सपा बसपा के गठजोड़ ने दोनों ही दलों को नुकसान पहुंचाया है। यही कारण है कि अब दोनों दलों को इस सीट से प्रत्याशी तलाशने में पसीने छूट रहे हैं। भले ही भाजपा ने इस सीट से अपना प्रत्याशी अभी नहीं घोषित किया है लेकिन सपा बसपा में भाजपा के मुकाबले चुनाव लड़ने वाला कोई दमदार प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा है। पार्टी के नेता ही इस सीट से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि इस बार सपा और कांग्रेस के बीच समझौता है इसके बावजूद सपा अपना प्रत्याशी नहीं तय कर पा रही है।

कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
पयागपुर	387399	204829	18254	16
कैसरगंज	389690	206010	183676	04
कटरा बाजार	396936	211098	185825	13
कर्नलगंज	334203	177854	156327	22
तरबगंज	371773	198148	173607	18
योग-	1880001	997939	881989	73

वर्ष 2019 के चुनाव का लेखा जोखा

प्रत्याशी	दल	मिले मत	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा	581358	59.24
चंद्रदेव राम यादव	बसपा+सपा	319757	32.58
विनय कुमार पांडेय	कांग्रेस	37132	3.78

वर्ष 2009 का चुनाव परिणाम

प्रत्याशी	दल	मिले मत	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	सपा	196063	34.7
सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू	बसपा	123864	21.9
लालता प्रसाद मिश्रा	भाजपा	120561	21.3
मो अलीम	कांग्रेस	73140	12.9

वर्ष 2014 में किसको मिले कितने वोट

प्रत्याशी	दल	मिले मत	प्रतिशत
बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा	381500	40.4
विनोद कुमार सिंह	सपा	303282	32.1
केके ओझा	बसपा	146726	15.6
मुकेश श्रीवास्तव	कांग्रेस	57401	6.1

विडम्बना नहीं मिलता महिलाओं को टिकट, अब तक सिर्फ एक महिला ही यहां से संसद पहुंची

यहां पुरुषों के मुकाबले अधिक है महिला मतदाताओं की संख्या

संजय श्रीवास्तव, जरवल बहराइच

अमृत विचार। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन कई बार बदला। पहले इस लोकसभा क्षेत्र में बाराबंकी जिले के दो विधान सभा क्षेत्र शामिल थे। इसके बाद नए परिसीमन के तहत बाराबंकी जिले के विधान सभा क्षेत्र को अलग करते हुए गोंडा जनपद की तीन विधान सभा क्षेत्रों को शामिल किया गया। इस सीट पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लेकिन सिर्फ जनसंघ की ओर से ही महिला प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। इसके बाद किसी भी पार्टी ने महिला प्रत्याशी नहीं उतारा।

जिले के कैसरगंज लोकसभा सीट काफी यादों को सहेजे हुए है। आजादी के बाद वर्ष 1952 में लोकसभा सीट का गठन हुआ था। तब उस समय कैसरगंज लोकसभा सीट में बाराबंकी जिले की राम नगर और दरियाबाद विधान सभा क्षेत्र को शामिल किया गया था। इसके डेढ़ दशक बाद बाराबंकी जिले की विधान सभा सीट को हटाते हुए गोंडा जिले की तीन विधान सभा सीट को कैसरगंज लोकसभा सीट में शामिल किया गया।

कैसरगंज लोकसभा सीट में महिला मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। लेकिन 47 वर्ष के चुनाव में जनसंघ की ओर से सिर्फ शकुंतला नैयर और कांग्रेस ने बसंत कुंवारी को चुनाव मैदान में उतारा। जिस पर शकुंतला नैयर ने चुनाव जीता था। उसके बाद से किसी भी पार्टी ने इस सीट पर महिला प्रत्याशियों को तवज्जो नहीं दी।

1971 में भारतीय जन संघ से शकुंतला नैयर चुनाव जीती लेकिन मुख्य लड़ाई में कांग्रेस से वसंत कुंवरि थी। इस चुनाव में शकुंतला नायर को 88980 मत मिले चुनाव में हार जीत का अंतर 2598 वोटो का था इस चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियों ने नारी शक्तियों के दबदबे को नहीं समझा।

कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र

वर्तमान में भाजपा के बृजभूषण हैं सांसद

कैसरगंज लोकसभा सीट से वर्तमान में भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। साथ ही वह अपने टिकट को लेकर आश्वस्त हैं। क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने के साथ लोगों से मुलाकात भी कर रहे हैं। ऐसे में कयासों का दौर भी जारी है।

विधान सभा वार मतदाताओं की संख्या एक नजर में

विधानसभा क्षेत्र	महिला मतदाता	पुरुष	कुल मतदाता
पयागपुर	204828	182554	387399
कैसरगंज	206010	183676	389690
कटरा बाजार	211098	185825	396936
कर्नलगंज	177854	156327	334203
तरबगंज	198148	173607	371773



कहां चले गए नीले झंडे, कहां गए कसमें खाने वाले

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। समय के साथ-साथ राजनैतिक दलों में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है। कभी जिले में छुटभैये से लेकर बड़े नेताओं के वाहनों पर नीला झंडा दिखाई देता था, लेकिन अब जिले में झंडा तो दूर कार्यालय तक का पता नहीं रह गया है। जिले में भाजपा व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जहां जनसंपर्क में जुटे हैं, वहीं बसपा का प्रत्याशी तक अभी तय नहीं हो पाया है। एक समय था जब छोटे या बड़े चुनाव में बसपा का टिकट लेने के लिए लोग एड़ी चोटी का जोर लगा देते थे।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। भाजपा ने अपनी पूरी तैयारी काफी पहले से ही कर ली। गांव से लेकर शहर तक बैठकों का दौर चल रहा है। तरह-तरह के कार्यक्रमों के जरिए गांव-गांव में भाजपा ने अपना संदेश पहुंचा दिया। प्रांतीय नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक पूरी तरह चुनाव में लगा हुआ है। इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, लेकिन अभी चुनाव के संबंध में एकजुट होकर कोई बैठक नहीं हो पाई है। चुनाव के दौरान ही जिलाध्यक्ष के बदले जाने से पूर्व जिलाध्यक्ष का खेमा चुनाव से बिल्कुल दूर बैठा है, वहीं नए जिलाध्यक्ष ने भी चुनाव के संबंध में अभी कार्यकर्ताओं को कोई संदेश नहीं दिया है। इन सबसे दूर बसपा का कहीं कई पता नहीं चल रहा है। न तो बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया और न कोई चुनाव की बात हो रही है। यहां तक कि बसपा का कार्यालय तक कहीं मुख्य जगह पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक समय था जब बसपा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए गली मोहल्ले के छुटभैये नेता के अलावा बड़े नेता भी बसपा के प्रांतीय कार्यालय पर चक्कर काटा करते थे। जिले के छोटे से बड़े नेता की गाड़ी पर हाथी निशान का नीला झंडा दिखाई देता था। तमाम नेताओं ने जिले में बहनजी के आने पर मरते दम तक पार्टी में रहने की कसमें खाई थीं। भरे मंच पर उनका आशीर्वाद लेकर बसपा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही थी, लेकिन अब जब बसपा का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त हो गया, तब जिले में कोई बसपा का नाम लेने वाला नहीं रह गया है।

जब पार्टी सत्ता में थी, तब छोटे से लेकर बड़े चुनाव में लोग टिकट पाने के लिए नीला झंडा हाथ में लेकर पार्टी के बड़े नेताओं की चौखट पर दस्तक देते रहते थे, लेकिन समय का ऐसा बदलाव हुआ जब पूरे देश में लोकसभा चुनाव का डंका बज चुका है, तब जिले में बसपा को कोई प्रत्याशी तक नहीं मिल रहा है और न ही कोई टिकट के लिए उत्साहित दिख रहा है।

चुनाव की तैयारियों में काफी पीछे है बसपा

सार-संक्षेप

गोरखपुर के प्राथमिक स्कूल में पैर न छूने पर दलित छात्र को शिक्षक ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

गोरखपुर, एजेंसी : जिले के उरुवा थाना क्षेत्र के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में अनुसूचित जाति के छठी कक्षा के एक छात्र को पैर न छूने पर शिक्षक ने कथित रूप से पिटाई कर दी और उसे जातिसूचक गालियां दी। पुलिस के अनुसार जिले के उरुवा थाना क्षेत्र के मुरारपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रविशंकर पांडेय के खिलाफ छठी कक्षा के एक दलित छात्र को पीटने और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगा है। उन्होंने बताया कि आरोप है कि शिक्षक ने सम्मान स्वरूप पैर न छूने पर छात्र की पिटाई कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) जितेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम समेत अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच और साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसा मामला प्रकाश में आया है। मामले की पूरी निष्पक्षता से जांच की जाएगी और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सीएम डैशबोर्ड पर नहीं दर्शा रहे प्रगति, स्वीकृति

अमृत विचार, लखनऊ : विभागीय पोर्टल सीएम डैशबोर्ड से एकीकृत किए गए हैं। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ीं योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति अपलोड नहीं की जा रही है। इससे जिलों की रैंकिंग प्रभावित है। सीएम डैशबोर्ड से ज्यादातर विभागों की योजनाओं को लिंक किया गया है। इसकी मॉनीटरिंग संबंधित मंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से होती है। एकीकृत पोर्टल से योजनाओं की स्थिति व प्रगति का पता चलता और इस आधार पर हर माह मूल्यांकन कर रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ीं योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति की सूचना अपलोड व अपडेट नहीं की जा रही है। पर्यटन निदेशालय ने सुधार के लिए सभी डीएम व सीडीओ, उपाध्यक्ष मथुरा-वृंदावन, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध निदेशक उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन आदि को पत्र लिखा है।

सी-विजिल ऐप पर दर्ज हुईं 1395 शिकायतें

लखनऊ, अमृत विचार : आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में लोगों की ओर से सी-विजिल ऐप पर 1395 शिकायतें दर्ज कराई गईं। इनमें 774 शिकायतें सही पाई गईं। इस मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि अब तक 31 मार्च तक दर्ज शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 59 मिनट है, जो कि नियत समयावधि 100 मिनट से कम है। उन्होंने बताया कि ऐप पर आम तौर पर धनराशि वितरण, गिफ्ट व कूपन वितरण, शराब वितरण आदि शिकायतों के अलावा बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक व उन्मादी भाषणबाजी करने सम्बन्धी शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सी-विजिल ऐप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर की कोई बाध्यता नहीं है, पर अगर शिकायतकर्ता की ओर से अपना नाम व मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो शिकायतकर्ता इस ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी कर सकता है।

दोबारा लिया बजट फिर किया भुगतान

लखनऊ, अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की सक्रियता के कारण इस बार छात्रों को छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं होना पड़ा। छात्रवृत्ति योजना में बजट की कमी आने पर पुनर्विनियोग के तहत धनराशि की व्यवस्था करके सामान्य वर्ग के दो लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्री और पोस्ट मैट्रिक्स छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रदेश में सामान्य वर्ग के लगभग दो लाख छह हजार छात्र-छात्राएं बजट खत्म होने के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हो रहे थे। विभागीय अधिकारियों ने पात्र छात्रों को लाभान्वित करने के लिए पुनर्विनियोग के तहत 269 करोड़ रुपये की मांग की। धनराशि मिलने के साथ ही वित्तीय वर्ष समाप्त होने से दो दिन पहले छात्रों के खाते में धनराशि भेज दी। वहीं दूसरी ओर पोस्ट मैट्रिक्स के तहत जो छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर सकें हैं उनके लिए पोर्टल 26 अप्रैल से तीन मई तक के लिए खोला जाएगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्र स्वयं और कॉलेज से विवरण का मिलान कराकर तभी अग्रसारित कराएं ताकि उनको योजना का लाभ मिल सके।

नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी को उम्र कैद

विधि संवाददाता, लखनऊ : स्कूल जाते समय नाबालिग को बहलाफुसला कर उसे जंगल में ले जाकर दुराचार करने के दौरान गिरफ्तार बीबीडी थाने के उत्तरधौना निवासी संजीव रावत उर्फ टहलू को पास्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने उम्र कैद की सजा के साथ-साथ साठ हजार रुपए के जमाने की सजा सुनाई है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि आजीवन कारावास जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृतिक जीवनकाल के लिए होगा से दंडित किया जाता है तथा अभियुक्त को दी गई अर्थ दंड की धनराशि में से दस हजार रुपए राजकोष में जमा किया जाएगा एवं शेष पचास हजार रुपए पीड़िता के नाम से किसी राष्ट्रीय बैंक में उसके वयस्क होने तक की अवधि के लिए सर्वाधिक ब्याज योजना में फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में जमा किया जाएगा जो उसके वयस्क होने पर प्राप्त होगी।

नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गेम्स टीचर दोषसिद्ध

लखनऊ, अमृत विचार : स्कूल में पढ़ने आई नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी स्कूल के गेम्स टीचर मोहम्मद फ़ैज़ ख़ान को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने पाँच साल की क़ैद और सात हज़ार रु के जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट में सरकारी वकील सुखेन्द्र प्रताप ने कहा कि वादी ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री कक्षा चार में पढ़ती है और 7 जनवरी 2015 को नाबालिग पढ़ने स्कूल गई थी जहां गेम्स टीचर फ़ैज़ ख़ान ने आवास पर नाबालिग को ज़बरदस्ती चूमा और उसके साथ ग़लत तरीक़े से छेड़छाड़ किया और नाबालिग के विरोध पर जानमाल की धमकी दी।

अवैध निर्माण के कंपाउंडिंग पर लगाई रोक

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत होने वाले निर्माण के कंपाउंडिंग यानी शमन पर रोक लगा दी है। अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने शासनादेश जारी करते हुए विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्षों को निर्देश भेज दिया है। जारी आदेश में यह भी है कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में निर्धारित मानकों के अतिरिक्त निर्माण नहीं होना चाहिए। इतना ही नहीं, शमन के प्रकरणों में भी भवन निर्माण और विकास उपविधि के अंतर्गत निर्धारित मानकों को शिथिल नहीं किया जाना चाहिए। जो निर्माण भवन निर्माण और विकास उपविधि के अनुमन्य नहीं हैं, उन्हें शमन के द्वारा अनुमन्य नहीं किया जाना चाहिए।

अपनी बारी का 10 साल इंतजार करेगा मुख्तार परिवार, कब्र में शव को सुरक्षित रखने का भी इंतजाम

मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं बल्कि हुई शुरू: अफजाल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : सौ सुनार की एक लोहार की...। यह कहावत माफिया मुख्तार अंसारी को नजदीक से जानने वाले बखूबी समझते हैं। वह जब भी इलाके में बड़ा काम करता था या आर्थिक साम्राज्य में रोड़ा बनने वालों को निपटाता था, तो यह कहावत पूरे अंदाज से दोहराता था। मुख्तार की मौत के बाद कुछ ऐसा ही अंदाज अब अब उसके परिजनों में भी दिख रहा है। उसके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी ने तो यहां तक कह दिया कि मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं हुई, बल्कि शुरू हुई है।

अफजाल दावा करते हैं कि कब्र में शव को 10 साल तक सुरक्षित रखने का इंतजाम हुआ है। ताकि उनकी बारी आए तो जेल से लेकर अस्पताल तक तंग करके मौत का चक्रव्यूह रचने वाले और सत्ता चला रहे लोगों को सजा मिले। जबकि फोरेंसिक विज्ञान के जानकारों को अफजाल की बात हजम नहीं हो रही है। उनका कहना है कि यदि शरीर में गोली लगी होती, या हमले में मौत होती तो यह बात जायज थी कि गोली और चोट के निशान हड्डी के परीक्षण से सामने आ जाते। मगर, इस मामले में तो जहर देकर मारने का आरोप है, ऐसे में बिसरा जांच से ही हकीकत सामने आती है। जो पहले ही पोस्टमार्टम के दौरान सुरक्षित कर लिया गया है। कानूनन पीड़ित पक्ष को कोर्ट से देश के किसी भी प्रयोगशाला में जांच कराने का आदेश मांगने का अधिकार है।

मुख्तार की मौत एक गहरी साजिश

अफजाल का आरोप है कि मुख्तार की मौत स्वाभाविक नहीं हुई। उनकी मौत एक नियोजित साज़िश है। मेडिकल कॉलेज व जेल के डॉक्टर, जेल प्रशासन, सरकार की तरफ से सादी वर्दी में घूमने वाले एलआईयू और एसटीएफ के लोगों ने पूरी योजना के साथ उसकी हत्या की है। उसका विसरा भी सुरक्षित किया गया है। हार्ट अटैक की बातें कही जा रही है। दिल भी जांच के लिए गया है। अगर कोई व्यक्ति दस दिन से पेशाब और मोशन नहीं कर पा रहा है। खुद से उठ बैठ भी नहीं पा रहा है। क्या इस तरह की परिस्थितियां बना देना हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार नहीं है। आईसीयू से सीधे किसी को कभी घर नहीं भेजा जाता है। वार्ड में आब्जरवेशन के लिए रखा जाता है लेकिन मुख्तार को आईसीयू से निकालकर सीधे जेल भेज दिया गया।

अंतिम यात्रा ने बयां की मुख्तार की धमक

अफजाल अंसारी ने कहा कि किसी की औकात की पहचान उसकी अंतिम यात्रा से होती है। उसकी अंतिम यात्रा में लोग शामिल न हों सके इसका पूरा इंतजाम अफसरों ने किया। गाजीपुर के आसपास के जिलों में अधिकारियों ने दहशत का माहौल बनाने का प्रयास किया। इसके बावजूद परिणाम यह रहा कि हुजूम का हुजूम उसके जनाजे में शामिल होने के लिए आया। अधिकारी यह सब देखकर पागल हो गए थे।

जहर की बात लीक होते ही अधिकारियों पर एक्शन

अफजाल ने कहा कि जब मुख्तार अंसारी अपने वकील से मिला और जहर की बात कह दी तो खलबली मच गई। इसके बाद जेलर और डिप्टी जेलर को सस्पेंड किया गया। मुख्तार को उसके वकील से मिलने देने की सजा जेलरों को दी गई। अफजाल ने कहा कि मुख्तार को जब यूपी लाया गया था उस समय भी तबीयत ठीक नहीं थी। जब यूपी भेजा गया था तब भी कोर्ट ने आदेश दिया था कि उसके इलाज के लिए जहां जरूरत होगी भेजा जाएगा। बाद में मुख्तार की सुरक्षा की समीक्षा का भी आदेश दिया गया। उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। लेकिन किसी निर्देश को नहीं माना गया।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले की सुनवाई अब 4 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बहस के दौरान ईदगाह मस्जिद कमेटी के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा। वाद संख्या 4 और 17 पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने कोर्ट में अपनी दलीलें पेश की। मुकदमे की अगली तारीख 4 अप्रैल को हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा अपना पक्ष रखा जाएगा। सुनवाई के दौरान श्री कृष्ण कूप की पूजा की मांग वाली याचिका पर भी कोर्ट में काफी देर तक बहस हुई। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकल पीठ के समक्ष कुल 18 अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई चल रही है। गत 20 मार्च को सुनवाई के दौरान शाही ईदगाह कमेटी के अधिवक्ताओं द्वारा बहस की गई थी।

इस बार मोदी को 80 मनकों की माला पहनाएगा उप्र.: योगी

हाथरस, बुलंदशहर व गौतमबुद्ध नगर में लोगों को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाथरस, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में उप्र. की सभी 80 सीटों पर जीत का भरोसा जताते हुए कहा है कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी को 80 मनकों की माला पहनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी के कारण राज्य को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आये दिन दंगा, कर्फ्यू और अराजकता के कारण न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को तीन जिलों में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। योगी इसके बाद बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर में पार्टी का प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर आमजन को एक-एक वोट की ताकत समझाने की अपील की। हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत, सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति, जाति-समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले। बेटी-व्यापारियों को समान सुरक्षा की गारंटी हो, जहां अराजकता नहीं बल्कि कानून का राज हो। सबका साथ-सबका विकास हो और यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। योगी ने यहां से अनूप वाल्मीकि को विजयी बनाने की अपील की। वहीं, बुलंदशहर में योगी ने पार्टी प्रत्याशी भोला सिंह के लिए अपील की।

मुझे डर नहीं लगता, जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा

गौतमबुद्ध नगर में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता-जनार्दन खुश तो हम खुश। हमारे लिए इससे अधिक खुशी कुछ भी नहीं। लोग कहते हैं कि अपराधियों पर कार्रवाई करते हैं, डर नहीं लगता है। मैं कहता हूं कि जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित है। एक सरकार थी जो कर्फ्यू लगाती थी, एक सरकार है जो शानदार कांवड़ यात्रा निकाल रही है। उन्हें कर्फ्यू प्यारा था, हमें जनता की खुशहाली प्यारी है। उन्होने कहा कि यह वही जिला है, जो 2017 के पहले मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त हुआ करता था। तब मैं समझ नहीं पाया था कि आखिर गौतमबुद्धनगर यूपी का भाग है, लेकिन मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त क्यों है। मैंने सूची देखी और अनुमान लगाया। यह सीएम के लिए अभिशिप्त इसलिए था कि यहां की नौकरशाही जनता को कंगाल करती थी और खुद व अपने संरक्षकों को मालामाल करती थी। 2017 में यहां आकर मैंने समस्याओं को करीब से देखा। जनप्रतिनिधियों ने सभी समस्याओं को तन्मयता व धैर्य से मेरे सामने रखा और कहा कि समाधान होगा तो गौतमबुद्धनगर न सिर्फ नई पहचान को स्थापित करेगा, बल्कि ग्रोथ इंजन के रूप में यूपी को अलग पहचान दिलाएगा।

मुरादाबाद के लिए शुरू नहीं हो सकी उड़ान

लखनऊ, अमृत विचार : छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने की योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतरी है। लगभग 15 दिनों के बाद भी मुरादाबाद के लिए लोगों को हवाई सेवा का इंतजार है। बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस ने श्रावस्ती, मुरादाबाद, अलीगढ़, चित्रकूट और आजमगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू करने का एलान किया था। सेवाएं 2 मार्च से शुरू होनी थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया गया था, मगर हवाई सेवा शुरू होने की तिथि आगे बढ़ा दी गई। 11 मार्च को प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने टर्मिनल 3 की वर्चुअल शुरुआत की थी। 12 मार्च से श्रावस्ती, चित्रकूट, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू हुई, लेकिन अभी तक मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी।

मां मेनका के लिए प्रचार नहीं करेंगे वरुण गांधी

संवाददाता, सुलतानपुर

- वरुण और बहू दोनों तेज वायरल फीवर की चपेट में: मेनका

अमृत विचार: टिकट मिलने के बाद सुलतानपुर के 10 दिवसीय दौरे पर पहली बार पहुंची सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि उनके लिए प्रचार करने वरुण गांधी नहीं आएंगे। कहा कि मेरे चुनाव लड़ने के स्थल चयन की वजह से टिकट घोषणा में देरी हुई। पार्टी में कोई दुविधा नहीं थी। वह पयागीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर पदाधिकारियों के साथ बैठक के पहले पत्रकारों से यह बात कही।

सांसद ने वरुण गांधी के सुलतानपुर आकर प्रचार करने के कयास पर विराम लगा दिया। कहा कि इस समय वरुण और बहू दोनों तेज वायरल फीवर की चपेट में है। मेरी समधन को हार्ट अटैक हुआ है। घर में बीमारी चल रही है। अगर वरुण आना भी चाहते तो मुश्किल हो जाता, लेकिन वो नहीं आ रहे हैं। एक सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा कि मैं अपनी कमान नहीं संभाल सकती। मेरा चुनाव पार्टी लड़ेगी। अमेठी और रायबरेली सीट से वरुण गांधी के लड़ने के सवाल पर कहा कि मैं भाजपा में हूं। अन्य किसी दल के टिकट वितरण से मेरा कोई लेना-देना नहीं। जीत के बाद अगले 5 साल तक सुलतानपुर की जनता की सेवा मां बनकर फिर करूंगी। कहा कि मैंने 60 बड़े कामों की लिस्ट बनाई थी। जिसमें 24-25 काम ही पूरा कर पाई हूं। चीनी मिल का जीर्णोद्धार फिर से प्रमुख एजेंडा बताया।

कुत्ता बांधने के विवाद में पड़ोसी की सरियों से पीट-पीटकर हत्या

आगरा, एजेंसी : आगरा में कुत्ते को लेकर हुए विवाद के बाद कुत्ता मालिक ने रविवार की शाम पड़ोसी युवक की सरियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मरने वाले की पहचान जैकी बघेल के तौर पर की गयी है। हमलावरों ने युवक के सिर पर सरियों से वार किए। हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि एक अन्य मामले में आगरा की विजय नगर कॉलोनी में केमिकल कारोबारी दिलीप गुप्ता के घर में बदमाशों ने घुस कर उन पर हमला कर दिया जिससे इसमें उनकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

नर्सिंग शिक्षक परीक्षा में उत्तीर्ण 18 अभ्यर्थी महानिदेशालय में तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीएमई ने एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को भेजा मेल

अमृत विचार : सरकारी व स्वशासी नर्सिंग कॉलेजों में संविदा पर विभिन्न पदों पर शिक्षकों की भर्ती मामले में एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वालों में, लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 18 अभ्यर्थियों को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय (डीजीएमई) ने मेल भेजकर कार्यालय में बुलाया है।

ये अभ्यर्थी दो अप्रैल, मंगलवार को पहुंचेंगे। इन अभ्यर्थियों की वजह से ही लिखित परीक्षा के बाद 18 से 22 मार्च तक प्रस्तावित साक्षात्कार मध्य में ही निरस्त कर दिये गये थे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा सोमवार को जारी सूचना में अवगत कराया गया कि नर्सिंग शिक्षक के पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में कई ने कई पदों के लिए आवेदन किया था, उन्हें अलग-अलग पदों के लिए लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र भी जारी किये गये थे, आवेदकों ने एक ही प्रवेश पत्र डाउन लोड किया था। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा नर्सिंग संस्थानों में एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर तथा ट्यूटर के पदों पर संविदा पर नियुक्ति के लिए पूर्व में आवेदन मांगे गए थे। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पद व संख्या के आधार पर 18 से 22 मार्च तक साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था मगर तकनीक कारणों से 19 मार्च को ही एसोसिएट प्रोफेसर को छोड़कर, अन्य पदों के साक्षात्कार निरस्त कर दिये गये थे।

वर्ग पहेली-27

बाएं से दाएं

1.1. किसी चीज़ का बहुत छोटा टुकड़ा, छोटी फांक 2. कोई चीज़ फांकने की क्रिया या भाव 3. फांकी जाने वाली किसी चीज़ (जैसे- दवा

2.1. दुख या चिंता से सूख जाना, क्षीण होना 2. किसी व्यक्ति

4.1. एक ग्रीक देवता जो संगीत से संबद्ध है

5.1. यथार्थ 2. उचित, ठीक, वाज़िब 3. न्यायसंगत 4. तर्क-पूर्ण, समयोचित।

7.1. जो केवल मुंह या ज़बान से कहा गया हो लेकिन व्यवहृत न हो; जो आचरण में न हो 2. मौखिक, (ओरल) 3. ज़बान संबंधी, ज़बान का 4. कंठस्थ 5. मुखाग्र 6. अलिखित।

8. गौरैया पक्षी का नर, गौरा।

ऊपर से नीचे

2.1. झुलसने की क्रिया या भाव 2. शरीर को झुलसाने वाली गरमी, दाहकता।

3. बालक की मानसिकता के अनुकूल, बच्चों के लिए उचित।

4.1. न होने वाली, असंभव 2. अलौकिक।

6. एक स्तनपायी जंगली हिंसक जानवर जिसकी त्वचा मुलायम बालों वाली होती है, रीछ।

7. जमाना का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में प्राप्त होता है।



वर्ग पहेली -26 का हल

1 ब	ज	वा	ई	■	■	■
ढ़	■	■	■	2 सं	चि	3 ति
नी	■	4 अ	■	दू	■	र
■	5 इ	म	ला	क	■	हु
6 लां	■	री	■	ड़ी	■	ति
7 छ	टं	की	■	■	■	■
न	■	■	8 प	ख	वा	ड़ा

सुडोकू-106

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6					7		2	
	8				9		3	
			8			1		
9		4						2
		7				6		
5					3			9
	1	3			8		6	
	9		4				8	
			2					7

सुडोकू -105 का हल

1	3	2	7	6	9	4	8	5
4	7	8	1	5	3	9	6	2
9	5	6	2	8	4	7	3	1
6	8	1	4	9	5	3	2	7
3	9	7	6	2	1	5	4	8
5	2	4	8	3	7	6	1	9
2	6	3	9	7	8	1	5	4
8	4	9	5	1	6	2	7	3
7	1	5	3	4	2	8	9	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अप्रैल, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 20.08 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 22.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। किसी रुके हुए काम के अचानक से बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। आपकी कार्यदक्षता में वृद्धि होगी। यात्रा की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज आप दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

मिथुन — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। आज बुजुर्ग सदस्यों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी।

कर्क — आज शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय भी रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

सिंह — आज प्रेम संबंधों में कुछ सम्वादहीनता जैसी स्थितियाँ निर्मित हो सकती है। आज धन से जुड़े मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे।

कन्या — आज मानसिक स्थिति कुछ नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभ चिन्तकों पर सन्देह न करें। आज ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें।

तुला — आज कारोबार से जुड़ी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

वृश्चिक — आज आपके विनम्र व्यवहार के कारण विपरीत लिङ्गी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

धनु — आज छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं।

मकर — आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो आज इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है।

कुंभ — आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

मीन — आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहुमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शक्तिमान — सुबह : 08.17
थैंक गोल्ड — शाम : 05.51

&pictures
लिंगा — सुबह : 10.58
समय 2 — रात : 07.30

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट — दोपहर : 02.43
एज ऑफ टूमारो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
गंगाजल — दोपहर : 12.10
भोला — रात : 08.30

colors CINEPLEX
वन टू का फोर — सुबह : 08.12
राजा हिन्दुस्तानी — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा आपरेशन है।
सोनू- तो इस में डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी!
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी!

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है.
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	68,350
चांदी आभूषण	75,800

मेंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125

रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये

मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये

चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये

राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

उड़ान में अधिक देरी होने पर अब विमान से बाहर निकल सकेंगे यात्री

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशा निर्देश जारी किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नवीनतम निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं।

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने सोमवार को कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का 'कम उत्पीड़न' सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा। उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा।

हसन ने बीसीएएस के 38वें स्थापना दिवस समारोह में संवाददाताओं से कहा, ''हवाई अड्डा संचालकों को दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सुरक्षा जांच सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी।'' इससे पहले हसन ने समारोह में कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ 'अवांछनीय' है और बीसीएएस ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अभीष्ट मानक और साधन विकसित किए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी।

भारत ने चीन, जापान से आयातित रसायन की डंपिंग रोधी जांच शुरू की

नयी दिल्ली। भारत ने चीन और जापान से रबड़ उद्योग में इस्तेमाल होने वाले रसायन के आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। एक कंपनी की शिकायत पर यह कदम उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय 'अघुलनशील सल्फर' की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है। ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लि. ने इन दोनों देशों से आने वाले रसायनों की कथित डंपिंग की जांच करने के लिए प्राधिकरण को आवेदन दिया था। डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, कंपनी ने डंपिंग के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में प्रथम दृष्ट्या सबूत प्रदान किये हैं। इसमें कहा गया है, प्राधिकरण कथित डंपिंग और इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को हुए नुकसान की डंपिंग रोधी जांच शुरू कर रहा है।

हाइब्रिड कारों पर जीएसटी में कमी चाहते हैं गडकरी

नागपुर, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '' 100 प्रतिशत।''

गडकरी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, '' यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं। यह मेरा विचार है।'' उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है। मंत्री ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थक भी बेहद कठिन मानते हैं।

मंत्री ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इसपर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को समाप्त कर सकता है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने हरित परिवहन बढ़ाने के लिए गडकरी के दृष्टिकोण का स्वागत किया।

एक नजर

टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री दो प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स की मार्च में कुल घरेलू थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 90,822 इकाई रही। एक साल पहले समान महीने में कंपनी ने घरेलू बाजार में 89,351 बेचे थे। कंपनी के अनुसार, घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित यात्री वाहनों की बिक्री मार्च में 50,297 इकाई रही। यह पिछले साल की समान अवधि की 44,225 इकाई से यह 14 प्रतिशत अधिक है। घरेलू बाजार में पिछले महीने कुल वाणिज्यिक वाहन आपूर्ति 40,712 इकाई रही, जो मार्च, 2023 के 45,307 आंकड़ों की तुलना में 10 प्रतिशत कम है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बनाए बिक्री के नए रिकार्ड

नयी दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मार्च माह में 27,180 वाहनों और वित्तीय वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में कुल 2,63,512 वाहनों की बिक्री के साथ एक वित्तीय वर्ष और एक माह में थोक बिक्री के अपने नए रिकार्ड बनाए हैं। कंपनी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि मार्च, 2024 में कंपनी ने 27,180 वाहन बेचे। पिछले साल के इसी माह के 21,783 वाहनों की बिक्री की तुलना में 25 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। मार्च माह में घरेलू थोक बाजार में 25,119 इकाइयों की बिक्री की जबकि 2061 वाहनों का निर्यात किया गया।

अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी

नयी दिल्ली, एजेंसी

अडाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। अडाणी एनर्जी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.40 प्रतिशत, एनडीटीवी 6.16 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 5.92 प्रतिशत, अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 4.81 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.93 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.56 प्रतिशत और एसीसी का शेयर 2.38 प्रतिशत चढ़ा। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.80 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 1.49 प्रतिशत की तेजी आई। समूह की कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 16,30,648.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नए वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही। बीएसई का 30 शेयर पर वाला सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे।

जनवरी में जियो के ग्राहकों की संख्या 41.78 लाख बढ़ी

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने जनवरी, 2024 में 41.78 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या 7.52 लाख बढ़कर 38.24 करोड़ हो गई है। वोडाफोन आइडिया के कनेक्शन घटने का सिलसिला जारी है। जनवरी में कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 15.2 लाख और घटकर 22.15 करोड़ रह गई।

एशियाई देशों की वृद्धि 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

बैंकॉक, एजेंसी

विश्व बैंक ने सोमवार को कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर पिछले साल के 5.1 प्रतिशत की तुलना में धीमी पड़कर वर्ष 2024 में 4.5 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाएं इस साल उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं जितना वे कर सकती थीं। रिपोर्ट कहती है कि कर्ज, व्यापार बाधाएं और नीतिगत अनिश्चितताएं इस क्षेत्र की आर्थिक गतिशीलता को कमजोर कर रही हैं और सरकारों को कमजोर सामाजिक सुरक्षा जाल और शिक्षा में कम निवेश जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। विश्व बैंक ने कहा कि एशिया की अर्थव्यवस्थाएं महामारी-पूर्व की तुलना में अधिक धीमी गति से बढ़ रही हैं लेकिन यह रफ्तार भी दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक है। इस साल वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार 2.3 प्रतिशत बढ़ने के अनुमान और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती से भी इसमें मदद मिलेगी।

कोयला एवं लिग्नाइट उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर

नयी दिल्ली। देश का कोयला एवं लिग्नाइट उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है, जो इसके एक साल पहले 93.7 करोड़ टन था। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में कोयले एवं लिग्नाइट का उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। जोशी ने कहा, ''यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि देश ने अबतक का सबसे अधिक उत्पादन हासिल किया है।

राष्ट्रीय

एक नजर

शिमला में पुजारी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

शिमला। शिमला में एक मंदिर के पुजारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस को दी शिकायत में 20 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया कि रविवार को अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास एक मंदिर के पुजारी ने ''अश्लील हरकतें'' कीं। युवती ने कहा कि पुजारी ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (लज्जा भंग करने के इरादे से हमला करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और जांच जारी है।

शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़ा मामला संविधान पीठ के पास भेजा गया

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़े केरल सरकार के मामले को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य द्वारा दर्ज कराए गए मामले पर यह आदेश दिया। केरल सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि शुद्ध कर्ज पर सीमा तय कर राज्य के वित्त को विनियमित करने की उसकी विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों में हस्तक्षेप किया है।

डीजेबी कोष मामला में न्यायालय का प्रधान सचिव से जवाब तलब

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आम आदमी पार्टी सरकार की याचिका पर सोमवार को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को नोटिस जारी किया। 'आप' सरकार ने आरोप लगाया कि अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के लिए आवंटित राशि जारी नहीं कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा यह तर्क दिए जाने के बाद उप राज्यपाल (एलजी) को नोटिस जारी नहीं किया कि धन आवंटन में एलजी की भूमिका नहीं है और यह जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के वित्त विभाग की है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है।

भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत: प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की दर्ज कर रहे हैं वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।

उन्होंने कहा, ''हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।'' मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। मोदी ने कहा कि 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।

मुंबई में गुड़ी पड़वा त्योहार से पहले गुड़ी बनाती एक लड़की। ● एजेंसी

राहुल गांधी को लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं: शाह

जोधपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर पलटवार करते हुए कहा, "कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा। गृह मंत्री जोधपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा।

'मैच फिक्सिंग' वाले बयान के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और एक दिन पहले यहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली में उनकी 'मैच फिक्सिंग' वाली टिप्पणी के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी वाले भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस नेता को निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह 'झूठे आरोप' लगाने के लिए राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 'बिना शर्त' सार्वजनिक माफी मांगे। आयोग को सौंपे ज्ञापन में सत्तारूढ़ भाजपा ने उससे कांग्रेस के नेताओं और उसके भ्रामक प्रचार के डिजाइन और तौर-तरीकों पर व्यापक विचार करने का आग्रह किया।

किसान की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश पर रोक से इनकार

नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा)

उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में जांच के लिए एक समिति गठित करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति द्वारा निगरानी रखने से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। सर्वोच्च अदालत सात मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने झड़प के दौरान शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित की थी।

चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग

नयी दिल्ली, एजेंसी

आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। मेहता ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, ''मैं इस मामले में एक बयान देना चाहता हूं। कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और चूंकि चुनाव (चुनावी प्रक्रिया) जारी हैं, हम पार्टी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विभाग मामले के औचित्य पर टिप्पणी नहीं कर रहा और सभी अधिकार एवं दावे खुले रहने चाहिए। कांग्रेस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस कदम की सराहना की और इसे ''उदार'' बताया। उन्होंने कहा कि मार्च एवं उससे पहले विभिन्न वर्षों के लिए कुल लगभग 3,500 करोड़ रुपये के नोटिस जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को फटकार

नयी दिल्ली, एजेंसी



निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्हें आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। सोमवार से आयोग द्वारा इन दोनों नेताओं के चुनाव संबंधी संवाद पर विशेष और अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। आयोग के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद करते समय सावधानी बरतने और ऐसी किसी भी अपमानजनक टिप्पणी और आचार संहिता के दिशानिर्देशों के उल्लंघन से बचने के लिए अपने पदाधिकारियों को संवेदनशील बनाने के वास्ते चेतावनी नोटिस की एक प्रति उनके संबंधित पार्टी प्रमुखों को भी भेजी जा रही है। भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों से आयोग ने कहा, ''आप कृपया चुनाव अभियान में शामिल सभी पार्टी पदाधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र में बातचीत के लिए विशिष्ट सलाह जारी करें कि वे इस तरह का उल्लंघन न करें, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करें ताकि प्रतिक्रिया में इस तरह की टिप्पणियां नहीं हों।'' श्रीनेत के 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से सोशल मीडिया मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की गई थी। कंगना को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्रीनेत ने सोशल अकाउंट्स से विवादास्पद टिप्पणियों को हटा दिया। उनका कहना था कि उनके अकाउंट तक कई लोगों की पहुंच है और यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं की गई। घोष एक वीडियो में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक बनाते हुए नजर आए थे।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
गुजरात टाइटंस	03	02	01	00	04	-0.738
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
लखनऊ सुपर जायंट्स	02	01	01	00	02	+0.025
दिल्ली कैपिटल्स	03	01	02	00	02	-0.016
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.337
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

ओवर 4 रन 11 विकेट 3

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों से बातचीत करते राजस्थान रॉयल्स के युजवेंद्र चहल।

ओवर 4 रन 22 विकेट 3

विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट।

चहल-बोल्ट चमके, मुंबई की लगातार तीसरी हार

दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट चटकाए, मुंबई इंडियंस की ओर से केवल तिलक और हार्दिक का चला बल्ला

रन 54* चौके 5 छक्के 3

रियान पराग

मुंबई, एजेंसी

- रियान पराग के नाबाद अर्धशतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने छह विकेट से जीत दर्ज की

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की धारदार गेंदबाजी के बाद रियान पराग के नाबाद अर्धशतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को छह विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

मुंबई के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल्स ने पराग (39 गेंद में नाबाद 54 रन, पांच चौके, तीन छक्के) के अर्धशतक से 15.3 ओवर में ही चार विकेट पर 127 रन बनाकर जीत दर्ज की। आकाश मधवाल ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन मुंबई को हार से नहीं बचा पाए। इससे पहले चहल (11 रन पर तीन विकेट) और बोल्ट (22 रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने मुंबई की टीम नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए। कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पहले ओवर में ही यशस्वी जायसवाल (10) का विकेट गंवा दिया। जायसवाल ने क्वेना मफाका पर लगातार दो चौके मारे लेकिन फिर इसी ओवर में कवर में डेविड को कैच दे बैठे। हार्दिक ने मफाका के साथ गेंदबाजी की शुरुआत इस बार भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ की। जोस बटलर पर मफाका पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान संजू सैमसन (12) ने इस तेज गेंदबाज पर लगातार दो चौकों के साथ आगाज किया। इन दोनों ने बुमराह पर भी चौके मारे। सैमसन हालांकि मधवाल की दूसरी ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 46 रन बनाए। मधवाल ने बटलर को डीप फाइन लेग पर पीयूष चावला के हाथों कैच कराके रॉयल्स को तीसरा झटका दिया। उन्होंने 13 रन बनाए। रॉयल्स ने एक बार फिर रविचंद्रन अश्विन (16) को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा। पराग ने गेराल्ड कोएट्जी पर लगातार दो चौके मारे। रॉयल्स ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 73 रन बनाए। अश्विन ने कोएट्जी पर चौका जड़ा लेकिन मधवाल की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर वर्मा को कैच दे बैठे। पराग ने बुमराह पर चौके के साथ 14वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर चावला पर छक्के के साथ रॉयलस को जीत के करीब पहुंचाया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 15 रन की दरकार थी। पराग ने अगली तीन गेंद पर कोएट्जी पर लगातार दो छक्कों और एक चौके के साथ 38 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। शिवम दुबे आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले सैमसन ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (00) और नमन धीर (00) को पवेलियन भेजा।

मुंबई 125/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ईशान किशन का सैमसन बो बर्गर	16	14	2/1
रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट	00	01	0/0
नमन धीर पगबधा बो बोल्ट	00	01	0/0
डेवाल्ड ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट	00	01	0/0
तिलक वर्मा का अश्विन बो चहल	32	29	0/2
हार्दिक पंड्या का स्थानापन्न बो चहल	34	21	6/0
पीयूष चावला का हेटमायर बो आवेश	03	06	0/0
टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर	17	24	1/0
गेराल्ड कोएट्जी को हेटमायर बो चहल	04	09	0/0
जसप्रीत बुमराह नाबाद	08	09	1/0
आकाश मधवाल नाबाद	04	05	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-22-3, बर्गर 4-0-32-2, आवेश 4-0-30-1, चहल 4-0-11-3, अश्विन 4-0-27-0

राजस्थान 127/4 — 15.3 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का डेविड बो मफाका	10	06	2/0
जोस बटलर का चावला बो मधवाल	13	16	2/0
संजू सैमसन बो मधवाल	12	10	3/0
रियान पराग नाबाद	54	39	5/3
रविचंद्रन अश्विन का वर्मा बो मधवाल	16	16	1/0
शिवम दुबे नाबाद	08	06	1/0

गेंदबाजी : मफाका 2-0-23-1, बुमराह 4-0-26-0, मधवाल 4-0-20-3, कोएट्जी 2.3-0-36-0, चावला 3-0-18-0

खेल डायरी

मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच ड्रॉ

मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। अभी इन तीनों टीम के बीच चैंपियन बनने के लिए मुकाबला जारी रहेगा लेकिन मोहम्मद सलाह के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल बेहतर स्थिति में पहुंच गया है।

ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

चानू ने पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

फुकेट (थाईलैंड)। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे किए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं।

आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

मुंबई। विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियर्ड्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में होने वाली 16वीं विश्व ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डब्ल्यूईसी) के वैश्विक फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

सुमित ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की

लंदन। शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले।

अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगा आरसीबी

बेंगलुरु, एजेंसी

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़। यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

बीसीसीआई का आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को न्योता

नयी दिल्ली। बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, ''आईपीएल (टीम) मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।'' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है।

वानखेड़े में 'रोहित...रोहित' के नारे, पंड्या की फिर से हूटिंग हुई

मुंबई, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सोमवार को यहां जब हार्दिक पंड्या टॉस के लिए उतरे तो प्रशंसकों ने मुंबई इंडियंस के कप्तान की जमकर हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर 'रोहित...रोहित' के नारे गूंजते रहे। पंड्या ने हालांकि 21 गेंद में जब छह चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दर्शकों ने उनकी हौसलाअफजाई की। उन्होंने टीम का स्कोर चार विकेट पर 20 रन से पांच विकेट पर 76 रन तक पहुंचाया। शाम को हूटिंग का सामना करने वाले पंड्या ने जब अपना पहला चौका जड़ा तो दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट से पहले 29 वर्षीय पंड्या को रोहित की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया। हैदराबाद और अहमदाबाद में टीम के पिछले दो मैचों में भी पंड्या की हूटिंग हुई थी। टॉस से पहले जब पंड्या वार्म अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे तो दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हूटिंग की। जब टॉस के समय उनके नाम की घोषणा की गई तो भी इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिर से हूटिंग की गई जिसके जवाब में पंड्या केवल मुस्कुराए क्योंकि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित के समर्थन में जोर-जोर नारे लग रहे थे। टॉस हारने के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया तो भी हूटिंग जारी रही जिसके बाद प्रस्तोता संजय मांजरेकर को दर्शकों सही बर्ताव करने के लिए कहना पड़ा। उसी समय रोहित अपनी ट्रेनिंग किट में अपने पूर्व साथी हरभजन सिंह से मिल रहे थे जो मैच से पहले शो करने वाले कमेंटेटरों में से एक के रूप में मैदान पर थे।

बॉलीवुड हलचल

बाहुबली के डायरेक्टर राजामौली ने स्टेज पर पत्नी के साथ किया डांस



मुंबई, एजेंसी। साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में डायरेक्टर अपनी वाइफ रमा राजामौली के साथ एक फैमिली फंक्शन में स्टेज पर डांस करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो साउथ की प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवी मेकर्स के सीईओ चैरी की बेटी की संगीत सेरेमनी का है। जहां राजामौली ने वाइफ के साथ रहमान के गाने 'अंदामैना प्रेमारानी' पर परफॉर्म किया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आमतौर पर सीरियस नजर आने वाले राजामौली का फनी साइड देखकर फैंस भी हैरान हैं। इससे पहले राजामौली ने बेटे एसएस कार्तिकेय की शादी पर भी वाइफ के साथ डांस किया था। फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद भी डायरेक्टर का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो डायरेक्टर अनिल रविपुदी के साथ 'नाटू-नाटू' स्टेप रीक्रिएट करते नजर आए थे। वर्क फ्रंट पर राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। इस फिल्म का टेंटिटिव टाइटल 'एसएसबीएम 29' रखा गया है। हाल ही में जापान में हुई फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग पर उन्होंने कहा था कि वो अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कास्टिंग नहीं हुई है। सिर्फ लीड हीरो महेश बाबू और मेन विलेन को फाइनल किया गया है। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मई-जून में फ्लोर पर जाएगी। डायरेक्टर जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए फिल्म से जुड़ी डिटेल्स शेयर करेंगे।

प्रेग्नेंसी की अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में उन्हें को-एक्टर दिलजीत दोसांझ और निर्देशक इम्तियाज अली के साथ लॉन्च इवेंट में देखा गया। जहां वह ढीले-ढाले कपड़े पहन कर पहुंची थीं। इसके अलावा भी वह जहां जा रही हैं। लूज फिटिंग के कपड़े की पहन रही हैं। जिसके बाद फैंस उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे। लोगों का कहना था कि एक्ट्रेस अपने बेबी बंब को छुपाने के लिए ढीले कपड़े पहन रही हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने एक पोस्ट शेयर कहा था कि जब भी ढीले-ढाले कपड़े पहनों इस तरह की बातें होने लगती हैं। वहीं अब इस पूरे मामले पर एक्ट्रेस ने दूसरी बार रिएक्ट किया और वीडियो शेयर कर प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह सफेद रंग के पैंटसूट में नजर आ रही हैं। जिसमें एक ब्लेज़र, पैंट और एक मैचिंग टैंक टॉप है। और वीडियो पर लिखा है कि अब से मैं फिटेड कपड़े पहनूंगी, क्योंकि जब काफ्तान पहनी थी तो लोगों ने...।

रणदीप हुड्डा बोले- सलमान ने दी थी ज्यादा फिल्में करने की सलाह

मुंबई, एजेंसी। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' की सक्सेस का जश्न मना रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। उन्होंने कहा- सलमान ने मुझे एक बार बहुत कीमती एडवाइस दी थी। वो हमेशा मुझे ज्यादा पैसा कमाने और ज्यादा काम करने की सलाह देते रहे हैं। सलमान मुझसे कहते थे कि अगर मैंने अभी काम करके पैसे नहीं कमाए, तो मुझे फ्यूचर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रणदीप बताते हैं कि उन्होंने सभी सलाह में से बहुत कम का ही पालन किया है। रणदीप ने कहा कि सलमान उनसे बहुत दिलचस्पी के साथ दिल की बातें किया करते हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्वात्रंत्य वीर सावरकर की शूटिंग के वक्त उन्हें ऐसा फील होता था कि सावरकर उनके आस-पास हैं। रणदीप ने कहा कि जब वे खुद को शीशे के सामने देखते थे तो लगता था कि सावरकर खुद सामने आ गए हैं। रणदीप ने कहा कि उन्होंने खुद को अंडमान के उस जेल में बंद कराया था, जहां सावरकर बंद थे। रणदीप ने आगे कहा कि उन्हें कुछ देर तो कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन फिर उनका दम घुटने लगा। वो थोड़े समय बाद ही उस कालकोठरी से बाहर निकल गए। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वात्रंत्य वीर सावरकर की वजह से सुर्खियों में हैं। रणदीप हुड्डा ने रणवीर अल्हाबादिया के साथ इंटरव्यू में कहा- रात में वहां अलग ही टाइप का सन्नाटा होता था। ऐसा लगता था कि वहां कोई है। इस फिल्म के डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर रणदीप हुड्डा ही हैं। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म में उन्होंने कमाल का काम किया है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सारी फिजिकल और फाइनेंशियल चुनौतियों को पार करना पड़ा था। पैसे की कमी की वजह से फिल्म को बंद करने की नौबत आ गई थी। तब उन्होंने वीर सावरकर की बायोपिक के फंडिंग लिए मुंबई स्थित अपने पिता की प्रॉपर्टीज को दिया था। वहीं, इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत ज्यादा वजन भी कम किया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

तिहाड़ जेल में 14 दिन तक भागवद गीता का पाठ करेंगे मुख्यमंत्री केजरीवाल

नई दिल्ली, ब्यूरो। सन 2012 में दिल्ली की शीला सरकार के विरुद्ध जिन चुनिंदा लोगों ने दिन रात मिलकर आंदोलन किया था, उनमें चार प्रमुख लोग मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन एवं सांसद संजय सिंह वर्षों बाद फिर एक ही स्थान पर आ गए हैं। लेकिन अब वे एक दूसरे से बात नहीं कर सकेंगे। एशिया की सबसे बड़ी सेंट्रल जेल तिहाड़ में उन्हें अलग-अलग जेलों में रखा गया है। यहां कुल नौ जेलें हैं। इनमें 20 हजार से ज्यादा कैदी हमेशा रहते हैं और उनमें 90 फीसद विचाराधीन कैदी हैं।

तिहाड़ के बाहर जुटे समर्थकों को पुलिस ने घसीटा

जैसे ही यह फैसला आया, वैसे ही समर्थकों की भीड़ तिहाड़ के सामने जुटने लगी। इसके बाद उन्हें दोपहर 4 बजे कोर्ट से बाहर निकालकर जेल ले जाया गया। वहीं तिहाड़ के बाहर आप के समर्थक भारी संख्या में जुटे थे। इस दौरान उनकी पुलिसकर्मियों से झड़प भी हुई। पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को जेल के सामने से हटाया। इस कारण वहां पर जाम लग गया। महिलाएं सड़कों पर बैठकर जमकर नारेबाजी कर रही थी। पुलिसकर्मियों ने सभी को वहां से घसीटकर ले गए। सभी केजरीवाल की रिहाई की मांग कर रहे थे।

तिहाड़ में कोर्ट के आदेश पर ही दी जाती हैं कैदियों को सुविधाएं

उत्तर प्रदेश या अन्य राज्यों की तरह जिलों में राजनेताओं को मिलने वाली तमाम सुविधाओं से वह यहां वंचित रहेंगे क्योंकि यहां पर कई श्रेणी में सुरक्षा व्यवस्था रहती है और जब से तत्कालीन सांसद फूलन देवी के हत्यारोपी शेर सिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार हो गया था तब से इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था कई स्तर पर कर दी गई है। यहां सिर्फ अदालत के आदेश पर कैदियों को सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हालांकि तिहाड़ जेल में भी भ्रष्टाचार के मामलों की जानकारी मिलती है। जिसके तहत कैदियों के पास सिम कार्ड, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, नशीले पदार्थ व चाकू ब्लेड बरामद हुए हैं। केजरीवाल के मामले में एक बात और सामने आई है कि उन्हें जेल नंबर दो में रखा गया है जिसमें सजा पाने वाले कैदियों को रखा जाता है। उनकी जेल सबसे सुरक्षित कही जाती हैं और उसमें कई तरह के सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं जिनकी निगरानी जेल प्रशासन के अलावा अन्य बड़ी एजेंसी व विभिन्न अदालतों एवं उच्च न्यायालय से भी जुड़े हुए हैं। जेल सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री केजरीवाल अगले 14 दिन तक यहां पर अध्यात्म ज्ञान अर्जित करेंगे और ध्यान मुद्राओं में रहेंगे। मनीष सिसोदिया की तरह उन्हें भी भगवत गीता उपलब्ध करा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक उक्त चारों नेताओं का दैनिक चिकित्सा परीक्षण भी होगा और विशेष सुरक्षा भी दी गई है।

शराब नीति घोटाले में चारों नेता गए जेल

दिल्ली शराब घोटाला के आरोप में उक्त 4 नेताओं के आलावा तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पुत्री कविता को जेल नंबर 6 एवं विजय नायर को जेल नंबर 4 में रखा गया है। खास बात यह है कि तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अंतर्गत है और उसके मुख्यमंत्री सोमवार को अपनी ही जेल में 15 दिन के लिए न्यायिक रियासत में रहेंगे। माना जा रहा था कि तिहाड़ जेल में आम आदमी पार्टी के उक्त चारों नेता एक स्थान पर बैठकर अपनी अगली राजनीतिक रणनीति पर चिंतन मनन करेंगे। जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक उन्हें अलग-अलग बैरकों में ही नहीं बल्कि तिहाड़ जेल की अलग-अलग जेलों में रखने का फैसला लिया गया है। अभी तक राजनेताओं को जेल में एक साथ रहने की सुविधा मिल जाती थी और जेल में रहकर वे भविष्य की योजनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन तिहाड़ जेल में यह लोग ऐसा नहीं कर पाएंगे।

...दिल्ली के भविष्य पर कई कयास, आज हो सकता है फैसला

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री तिहाड़ जेल में है, सरकार कैसे चलेगी? इस सवाल को लेकर राजनीतिक गलियारों में कई विकल्पों पर चर्चा हो रही है। कुछ राज्यों की तरह दिल्ली के विधायकों के टूटने और नई पार्टी के रूप में सरकार के गठन पर भी चर्चा चल रही है। जिसमें आप के उन विधायकों पर खास नजर है जो पूर्व में भाजपा एवं अन्य दलों में थे। लेकिन यह अभी संभव नहीं है क्योंकि लोकसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी स्वयं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार है। दिल्ली सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की भी संभावना नहीं है। क्योंकि विधानसभा में गत 17 फरवरी को मुख्यमंत्री केजरीवाल विश्वास प्रस्ताव लाए थे और वह भारी बहुमत के साथ पारित हो चुका है। संसदीय नियम के मुताबिक एक बार विश्वास मत पारित होने के बाद दूसरा अविश्वास प्रस्ताव 6 माह तक नहीं आ सकता है। तीसरा विकल्प बिहार की तर्ज पर है। जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव जेल गए थे और उससे पहले ही उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा थी। विधानसभा में राजद विधायकों ने उन्हें पूर्ण समर्थन दे दिया था। इसी तर्ज पर केजरीवाल की पत्नी सुनीता का नाम भी चर्चा में है। कहा जा रहा है कि मंगलवार को आप विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है जिसमें विधायक दल सुनीता केजरीवाल को अपना नेता चुन ले और उप राज्यपाल को शपथ दिलाने पड़ेगी। उप राज्यपाल के पाले में भी बड़ी गेंद है, जिसके तहत वे दिल्ली सरकार को निलंबित कर सकते हैं। जैसा कि जम्मू कश्मीर में तत्कालीन मुख्यमंत्री महबूबा के समय हुआ था। मंगलवार को सुनीता केजरीवाल एवं अन्य बड़े नेता बैठक करेंगे इसी बीच बड़ा फैसला कर सकते हैं।

एक नजर

बीएसएफ ने अमृतसर से एक पाकिस्तानी को किया गिरफ्तार

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर जिले में सीमा बाड़ के आगे भारतीय क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बीएसएएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को जवानों ने जिले में सीमा बाड़ के आगे एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा- सैनिकों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जिले के रोरनवाला गांव के बाहरी इलाके में सीमा बाड़ के पास से सफलतापूर्वक पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में की गई है। पास से दो मोबाइल, विभिन्न मूल्यवर्ग की पाकिस्तानी मुद्रा में कुल 840 रुपये और एक पाकिस्तानी राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला।

मध्यप्रदेश: सीहोर में रेलवे अंडर ब्रिज से टकराई यात्री बस, 16 लोग घायल

सीहोर। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार को यात्री बस रेलवे अंडर ब्रिज पार करते समय दीवार से टकरा गई, जिससे बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए। यातायात पुलिस सीहोर के प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ ने बताया एक अन्य वाहन को टक्कर लगेन के बाद अंडर ब्रिज की दीवार से टकरा गई। बस का ब्रेक फेल हो गया था और चालक ने गाड़ी पर से संतुलन खो दिया, जिसके कारण हादसा हुआ। हादसे में 16 लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीहोर अस्पताल लाया गया। पुलिस ने कहा- मामले की आगे की कार्रवाई के जांच शुरू की है।

रूस में सोने की खदान में फंसे 13 मजदूरों को मृत घोषित किया

मॉस्को। रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र अमूर में पायनियर सोने की खदान गिरने से फंसे 13 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया गया है। बचाव अभियान को आधिकारिक तौर पर रोक दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसा, खदान में चट्टान ढहने की घटना 18 मार्च को 13 श्रमिक फंस गए थे। जिन्हें वहां के प्रशासन ने अब मृत घोषित कर दिया है। खदान में अब प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। बता दें, खदान प्रबंध निदेशक को 26 मार्च को कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया था। सुरक्षा आवश्यकताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है।

अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका, नौ बच्चों की मौत

काबुल। पूर्वी अफगानिस्तान में बच्चों को मिली एक पुरानी बारूदी सुरंग में खलेने के दौरान बड़ा धमाका हुआ, जिसमें नौ बच्चों की जान चली गई। गजनी में तालिबान के सूचना और संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने कहा कि बच्चों को गजनी प्रांत के गेरो जिले में अपने गांव के पास जो खदान मिली, वह दशकों पुरानी थी। उन्होंने कहा कि रविवार को हुए विस्फोट में पांच लड़कों और चार लड़कियों की मौत हो गई, जिनकी उम्र 5 से 10 साल थी। अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध से पीड़ित चल रहा है और उन बच्चों के लिए बेहद खतरनाक बना हुआ है जो अपने परिवारों के भरण-पोषण करने के लिए स्क्रैप धातु इकट्ठा करते हैं।

कांग्रेस कच्चातिवु पर उदासीन रही भारतीय मछुआरों का अधिकार छीना

जयशंकर बोले-1974 में एक समुद्री सीमा खींची गई, समझौता कर द्वीप श्रीलंका को दे दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा नेता और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान द्वीप पर भारत का अधिकार छोड़ने को लेकर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा। जयशंकर ने कहा कि 1974 में, भारत और श्रीलंका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जहां उन्होंने एक समुद्री सीमा खींची, और समुद्री सीमा खींचने में कच्चातिवु को सीमा के श्रीलंकाई पक्ष पर रखा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने इस मामले को इस तरह से लिया है मानो इस पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

भाजपा नेता ने आगे कहा, हम जानते हैं कि यह किसने किया, यह नहीं पता कि इसे किसने छुपाया। जयशंकर ने कहा- जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह स्थिति कैसे उत्पन्न हुई। कच्चातिवु द्वीप मसले के चलते श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों के पकड़े जाने की घटना की जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा, पिछले 20 वर्षों में, 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका द्वारा हिरासत में लिया गया है और इसी समयकाल में 1175 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को श्रीलंका द्वारा जब्त किया गया है। पिछले पांच वर्षों में कच्चातिवु मुद्दा और मछुआरे का मुद्दा संसद में विभिन्न दलों द्वारा बार-बार उठाया गया है। यह संसद के सवालों, बहसों और सलाहकार समिति में सामने आया है। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मुझे कई बार पत्र लिखा है और मेरा रिकॉर्ड बताता है कि मौजूदा मुख्यमंत्री को मैं इस मुद्दे पर 21 बार जवाब दे चुका हूं। यह एक जीवंत मुद्दा है जिस पर संसद और तमिलनाडु हलकों में बहुत बहस हुई है। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच पत्राचार का विषय रहा है।

श्रीलंका से इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे: विदेश मंत्री

विदेश मंत्री ने कहा यह नरेंद्र मोदी सरकार ही है जो यह सुनिश्चित करने पर काम करती रही है कि भारतीय मछुआरों को रिहा किया जाए। उन्होंने कहा, हमें एक समाधान तलाशना होगा। हमें श्रीलंकाई सरकार के साथ बैठना और इस पर बातचीत करना होगा। जयशंकर ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोगों को लंबे समय तक इस मुद्दे को लेकर गुमराह किया जाता रहा है और वह जनता को सूचित करने के लिए इस मामले पर बात कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के कच्चातिवु द्वीप हमले पर चिदंबरम का पलटवार

शिवगंगा (तमिलनाडु)। लोकसभा चुनाव से पहले कच्चातिवु को लेकर बवाल मचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए कांग्रेस और डीएमके पर हमला बोला है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को पीएम मोदी को सलाह दी कि वह कच्चातिवु मुद्दे के बजाय भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे पर बोलें। चिदंबरम को इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि मोदी उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में ही सुलझा लिया गया था। 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा की सरकार ने श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने और वहां के लाखों तमिलों की मदद करने के लिए कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया और बदले में छह लाख तमिलों को भारत आने की इजाजत दी गई।

चीन ने अरुणाचल के 30 शहरों के नाम बदले

बीजिंग, एजेंसी

- भारत ने जताई आपत्ति, नाम बदलने से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं होगा

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने अरुणचाल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं।

हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धृत या अनुवाद नहीं किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता है और उसे जांगनान कहता है। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश को तिब्बती क्षेत्र बताया है। चीनी ने पहली लिस्ट 2017 में जारी की थी। इसके बाद 15 स्थानों की दूसरी लिस्ट 2021 में जारी की गई। हालांकि, तीसरी बार साल 2023 में 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की गई थी। अब चीन ने चौथी लिस्ट जारी की है।

पन्नू मामले से भारत के भी सुरक्षा हित जुड़े: जयशंकर

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले पर जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पन्नू की हत्या की साजिश में एक सरकारी अधिकारी की कथित संलिप्तता की जांच में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के बयान पर जयशंकर ने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजदूत वही कहेंगे, जो उन्हें लगता है या उनकी सरकार की सोच है। एरिक गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता अस्वीकार्य है। जयशंकर ने एरिक गार्सेटी के बयान पर कहा कि मेरी सरकार की स्थिति यह है कि इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है, जिसकी हम जांच कर रहे हैं।

भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा अमेरिका : एरिक गार्सेटी



नई दिल्ली। अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है। बाइडन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा।

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा- वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह पहला उदाहरण है जब अमेरिका द्वारा किसी भी देश में इस बात पर गौर करने के लिए कहा गया है। गार्सेटी ने यह भी कहा कि ग्रीन कार्ड बैकलॉग का मुद्दा भी एक बड़ी समस्या है और जल्द ही इसका भी समाधान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कई वीजा मामलों देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, इस आदेश से प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आएगी।

शिव मंदिर तुंगनाथ...

रुद्रप्रयाग: उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के चोपटा में 12,110 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर तुंगनाथ है। मंदिर के कपाट 14 मई तक बंद हैं। रास्ते में बर्फ के पहाड़ हैं। आधा रास्ता बर्फ से ढंका है। फिर भी हर रोज करीब 3000 लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। तुंगनाथ मंदिर पंच-केदार में से एक है, जिनमें केदारनाथ, मध्य महेश्वर, रुद्रनाथ, कल्पेश्वर और तुंगनाथ शामिल हैं। रास्ता बंद है फिर भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। ● एजेंसी

अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने निकाली कार रैली, 20 शहरों से तीन सौ लोगों ने लिया हिस्सा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली। उन्होंने भारत के लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को 400 से अधिक सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, अमेरिका में भारतीय समुदाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए को 400 से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बहुत उत्साहित है। मैंने भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह इससे पहले कभी नहीं देखा था। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, "ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में आयोजित कार रैलियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली।

इमरान और पत्नी बुशरा की 14 साल की सजा निलंबित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मामले में इमरान और बुशरा की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने मामले में दंपती की सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने उन्हें जमानत देकर अस्थाई राहत भी दी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि सजा को रद करने और अपराध से बरी करने की अपील पर सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद की जाएगी।

जेएनयू के दो पूर्व छात्र समेत 4 पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा ने दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, वाम नेतृत्व वाले छात्र संघ ने शिकायत की है, जिसमें एबीवीपी पूर्व छात्रों को अरोपी ठहराया है। हालांकि, एबीवीपी ने कहा- कि उन्हें फंसाया जा रहा है। मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने बताया है कि 31 मार्च को यौन उत्पीड़न की शिकायत मिली थी। जिसमें पूर्व छात्र समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का अरोप है। मुख्य प्रॉक्टर ने कहा, जांच शुरू कर दी है और प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा है।

आतंक का गढ़ बना पाक, 3 माह में 245 हमले, 432 की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- सीआरएसएस रिपोर्ट में हुआ खुलासा, बलूचिस्तान का बुरा हाल

पाकिस्तान में आतंकवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की ताजा रिपोर्ट में 2024 की पहली तिमाही में आतंकवादी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों की कुल 245 घटनाएं हुई। इन हमलों और अभियानों में 432 लोगों की मौत हुई और 370 लोग घायल हो गए। सिर्फ तीन महीनों के भीतर 432 लोगों की मौत का ये आंकड़ा बताता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ बन चुका है। खासतौर पर खैबर पख्तूनख्वा और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान प्रांतों में बुरा हाल है। इन इलाकों में तीन महीनों में 90 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई और 86 प्रतिशत हमले हुए। रिपोर्ट बताती है कि इन जगहों के मुकाबले पाकिस्तान के बाकी क्षेत्रों में माहौल अपेक्षाकृत शांत रहा।

सुरक्षा बलों पर फिर हुआ हमला, दो की मौत

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों पर हमला थम नहीं रहा है। बंदरगाह शहर ग्वादर जिले के अंकारा बांध क्षेत्र में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने बम निरोधी दस्ते पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई, जबकि अन्य चार घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना उस समय हुई जब बम निरोधी दस्ता बारूदी सुरंगों को हटाने में लगा था। ग्वादर के एसएसपी मोहसिन जौहैब ने कहा कि घटना ग्वादर शहर से 25 किलोमीटर दूर हुई है। घायल सैनिकों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा बलों ने हमलावरों की खोज में अभियान चलाया है।

विज्ञान अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 96पी/माचोल्ज रखा नए धूमकेतु का नाम

'सोहो' ने बनाया नया कीर्तिमान, 5 हजार धूमकेतु खोजे

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष दूरबीन 'सोहो' ने पांच हजार धूमकेतुओं की खोज करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। नए धूमकेतु का नाम 96पी/माचोल्ज रखा गया है। धूमकेतु हमारे सौरमण्डल के दूर सदस्यों में स्थान रखते हैं।

नासा के अनुसार धूमकेतुओं की खोज में डॉन माचोल्ज का बड़ा नाम है। जिन्होंने अपने जीवन में दर्जनभर धूमकेतुओं की खोज की थी। जिस कारण नए धूमकेतु का नाम माचोल्ज़ के नाम पर रखा गया है। 2022 में उनकी मृत्यु हुई थी। धूमकेतुओ की खोज में उनकी दिलचस्पी वैज्ञानिकों को प्रेरणा देती है।



धूमकेतु

सोहो अंतरिक्ष यान ने 29 मार्च को इसकी खोज की है। सोहो नासा व ईसा का संयुक्त मिशन है। जिसे दिसंबर, 1995 में लॉन्च में लॉन्च किया गया था। यह अंतरिक्ष यान 28 साल व 3 माह का सफर पूरा कर चुका है।

इस यान को सूरज की निगरानी के लिए पृथ्वी से 15 लाख किमी की दूरी पर स्थापित किया गया था। धूमकेतु ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। सूर्य के निकटतम बिंदु (पेरीहेलियन) के बेहद करीब से गुजरते हैं, तो कभी-कभी सूर्य की सतह से कुछ हज़ार किलोमीटर के भीतर पहुच जाते हैं।

इनमें कुछ वाष्पीकृत हो जाते हैं। जो सूर्य के नजदीक पहुचने पर आसानी से इनकी पहचान कर लेता है। खोजा गया नया धूमकेतु बर्फ और चट्टान का एक छोटा पिंड है जो हर कुछ वर्षों में सूर्य की परिक्रमा करता है। यह धूमकेतुओं के मार्सडेन समूह से संबंध रखता है।

भविष्य में विश्व को जानकारी देगा आदित्य-एल 1 मिशन

अमेरिकी व यूरोपियन स्पेस एजेंसी नासा व ईसा का संयुक्त मिशन सोहो का सफर अधिक समय तक रहने वाला नहीं है। इसकी जगह इसरो का आदित्य एल 1 लेगा। आदित्य सोहो की तरह सूर्य की 24 घंटे निगरानी करेगा। फिलहाल उसने सूर्य पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। साथ ही सूर्य के करीब पहुंचने वाले पिंडों को भी देख सकेगा। भविष्य में इस भारतीय मिशन पर दुनिया के सभी देश निर्भर रहेंगे। यह सूर्य की प्रत्येक गतिविधि का आंकड़ा दुनिया को देगा।

बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी से लगा जाम, ईसी ने भेजा नोटिस

मंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक के मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी के आयोजकों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

भारत निर्वाचन आयोग ने 'मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी' के आयोजकों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, 30 मार्च को इफ्तार पार्टी के दौरान राजमार्ग का 200 मीटर से अधिक का हिस्सा दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा।

इफ्तार पार्टी का आयोजन उल्लाल तालुक में राज्य राजमार्ग पर मुदिपु जंक्शन पर किया गया था। यह दक्षिण कन्नड़ जिले के नए आईटी केंद्र की ओर जाने वाला एक व्यस्त चौराहा है। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद ईसीआई ने इस पर संज्ञान लिया। ईसीआई ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 'ऑटो राजाकनमार इफ्तार' कार्यक्रम के

मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को भेजा गया है। इस इफ्तार पार्टी के कारण सड़क के एक तरफ यातायात को प्रतिबंधित कर दिया था, जिससे व्यस्त समय के दौरान मोटर चालकों और पैदल यात्रियों के लिए 4 घंटे से अधिक समय तक चलना मुश्किल हो गया। उल्लाल तालुक के सभी रिक्शा चालकों ने इस इफ्तार सभा का आयोजन किया था जिसमें व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया था।